CMYK

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 250 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




मुख्यमंत्री योगी ने सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताया पेज 2




भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास इंग्लैंड में जीती सीरीज खेल टाइम्स



विकास की रफ्तार पर बोझ है बढ़ती जनसंख्या सम्पादकीय



अमेरिका की टैरिफ नीति से भारत को फायदा, रिपोर्ट में दावा पेज 12

## पूरे देश में मानसून का कहर जारी

# दिल्ली-NCR में बाढ़ जैसे हालात

## गुरुग्राम में गाड़ियां तैरी, घरों में घुसा पानी व रुद्रप्रयाग में पहाड़ टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बारिश जारी है। बुधवार शाम हुई बारिश के बाद दिल्ली और गुरुग्राम की सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। कई इलाकों में लोग तक पानी में डूब गए। घरों में पानी भर गया है। वहीं उत्तराखंड में बारिश के चलते कई जगहों में लैंडस्लाइड हुई है।

रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ रोड पर पहाड़ टूट गया। दिल्ली और गुरुग्राम में गुरुवार को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार शाम हुई तेज बारिश के बाद शहर की अधिकतर सड़कों पर पानी भर गया। गुरुग्राम सेक्टर 6 में शीतला माता मंदिर के पास गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। लोग तक पानी में डूब गए। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे के नरसिंहपुर के नजदीक सर्विस लेन पर 2 फुट तक पानी जमा हो गया।



### बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद कर रही सेना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना बाढ़ से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन की मदद कर रही है। सेना की ओर से गुरुवार को बताया गया कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में हाल ही में आई बाढ़ के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत और बचाव अभियान में सेना की टुकड़ियां राज्य आपदा मोचन बल , राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और स्थानीय अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर मदद कर रही हैं। सेना ने थुनाग, बग्सियाड और पंडोह सहित प्रमुख स्थानों पर टुकड़ियां तैनात की हैं, जो आवश्यक आपूर्ति जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण पहुंच मार्गों को खोल रही है। इसके अलावा थुनाग में चिकित्सा सहायता और राहत सामग्री के वितरण में भी मदद की जा रही है।

## बाढ़ प्रभावित छह राज्यों के लिए एक हजार करोड़ से अधिक की राशि मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्र ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित राज्यों असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, केरल और उत्तराखंड के लिए 1,066.80 करोड़ रुपये की राशि जारी करने की मंजूरी दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार हर स्थिति में राज्यों के साथ दृढ़ता से खड़ी है।

केंद्र सरकार ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, केरल और उत्तराखंड राज्यों के लिए एसडीआरएफ के अंतर्गत केंद्रीय हिस्से के रूप में 1066.80 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस वर्ष 19 राज्यों को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ निधि से 8000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। वित्तीय सहायता

**सभी तरह की रसद सहायता प्रदान करना केन्द्र की प्राथमिकता**

के अलावा आपदा के समय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, सेना और वायुसेना की तैनाती सहित सभी तरह की रसद सहायता प्रदान करना केन्द्र की प्राथमिकता रही है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि छह बाढ़ प्रभावित राज्यों में से असम को 3750.60 करोड़ रुपये, मणिपुर को 29.20 करोड़, मेघालय को 30.40 करोड़, मिजोरम को 22.80 करोड़, केरल को 153.20 करोड़ और उत्तराखंड को 455.60 करोड़ रुपये राज्य आपदा मोचन निधि से केन्द्रीय हिस्से के रूप में दिए गए हैं।

## उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट की रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कार्यवाही बहुत उत्साहजनक है, हम अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं: मौलाना अरशद मदनी**

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष, मौलाना अरशद मदनी ने गुरुवार को अदालत की कार्यवाही का स्वागत किया और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हहम अंतिम निर्णय का इंतज़ार कर रहे थे, लेकिन दिनभर की सुनवाई के बाद जो नतीजा सामने आया, वह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि आपत्तिजनक दृश्य हटाए जाने के बावजूद फिल्म में अब भी ऐसा सीन मौजूद है, जो हमारे समाज में नफरत का ज़हर फैला सकता है।

मौलाना मदनी ने आगे कहा कि फिल्म की स्क्रीनिंग पर स्टे और अदालत के अन्य आदेशों ने संविधान की सर्वोच्चता को मज़बूत किया है। यह एक स्पष्ट संदेश भी देता है कि कला और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कोई भी व्यक्ति संवैधानिक और नैतिक सीमाओं का उल्लंघन नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में कुछ और आपत्तिजनक फ़िल्में भी बनी हैं, लेकिन वे इतनी घिनौनी नहीं थीं। इस फ़िल्म में एक हत्या की घटना की आड़ में एक पूरे समुदाय को इस तरह कठघरे में खड़ा किया गया है, मानो वे अपराधी हों। इसीलिए हमने इस मामले को अदालत में ले जाने का फ़ैसला किया। हमें खुशी है कि हमारी कोशिशें कामयाब रहीं, और हमें पूरा विश्वास है कि इंशाल्लाह अंतिम फ़ैसला भी हमारे पक्ष में ही होगा। यह फ़ैसला सिर्फ़ फिल्म पर रोक नहीं है, बल्कि सांप्रदायिक तत्वों के इरादों और एजेंडे पर एक रोक है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे वकीलों, विशेषकर देश के सबसे प्रतिष्ठित वकीलों में से एक, कपिल - शेष पृष्ठ दो पर

### गुरुग्राम में टेनिस खिलाड़ी राधिका की हत्या, पिता ने बेटी को मारी गोली

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में गुरुवार को बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। यहां सुशांत लोक फेस-2 में टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राधिका की उम्र महज 24 साल थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक राधिका के पिता पर ही गोली मारने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि राधिका के पिता सोशल मीडिया पर बेटी द्वारा रील बनाने से नाराज थे। जांच में यह बात सामने आई है कि पिता ने बेटी के ऊपर पांच बार फायरिंग की थी, जिसमें से तीन गोली राधिका को लगी है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में जिस हथियार का इस्तेमाल किया गया है वो भी बरामद कर लिया है।

### बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर रोक नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को कोई अंतरिम स्थगन आदेश जारी न करते हुए चुनाव आयोग को 21 जुलाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही, आयोग से कहा कि वह मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र को स्वीकार्य दस्तावेजों के रूप में अनुमति देने पर विचार करे। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से दायर याचिका पर यह निर्देश दिया।

### छांगुर बाबा के नेटवर्क का पता लगाएगी यूपी एटीएस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने गुरुवार को धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को सात दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि यूपी एटीएस ने छांगुर बाबा और उसकी मुख्य सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को सात दिन की रिमांड पर लिया है। उनसे उनके गिरोह के नेटवर्क, पैसों के लेन-देन और उनकी अवैध संपत्तियों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

### कोयंबटूर धमाके का मुख्य आरोपी 29 साल बाद गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने 1998 के कोयंबटूर सिलसिलेवार बम विस्फोटों और हत्या के मामलों में 29 साल से फरार मुख्य आरोपी को कर्नाटक के विजयपुरा जिले से गिरफ्तार कर लिया। तमिलनाडु एटीएस ने विशिष्ट और खुफिया जानकारी के आधार पर कोयंबटूर बम विस्फोट और प्रदेश में सांप्रदायिक हत्याओं के मामलों के मुख्य आरोपी सादिक उर्फ टेलर राजा उर्फ शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया है।

## दिल्ली- एनसीआर में भूकंप के झटके लगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**4.4 तीव्रता, हरियाणा के झज्जर में था केंद्र, छह महीने के दौरान तीसरी बार भूकंप आया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। यहां रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी वजह से दिल्ली और एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

हरियाणा के जींद और बहादुरगढ़ के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के इलाकों में भी 10 सेकंड तक झटके महसूस किए गए। बीते छह महीने में दिल्ली और एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था। अफगानिस्तान में 19 अप्रैल की दोपहर 12.17 बजे रिक्टर स्केल पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किया गया था। जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलाजी (एनएससी) के मुताबिक, भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। श्रीनगर में एक व्यक्ति ने बताया कि मैं दफ्तर में था, तभी मेरी कुर्सी हिली। कुछ इलाकों से लोगों को घरों और ऑफिस से बाहर भागते देखा गया।

### स्कूलों के विलय के खिलाफ एक और याचिका हुई खारिज

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका को गुरुवार को शुरुआती सुनवाई के बाद खारिज कर दिया है। याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर आपत्ति उठाई गई कि मामले में उठाए गए मुद्दे पहले ही सीतापुर के 51 बच्चों की याचिका में एकल पीठ ने निर्णीत कर दिए हैं। ऐसे में समान मुद्दों को लेकर दाखिल यह याचिका सुनवाई को ग्रहण करने योग्य नहीं है। सरकार की इस आपत्ति पर गौर कर कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता ज्योति राजपूत की जनहित याचिका पर दिया। इसमें राज्य सरकार के स्कूलों के विलय या दो स्कूलों को जोड़ने के राज्य सरकार के बीती 16 जून के आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था।

## गुजरात का महिसागर पुल हादसा

# नदी से 17 शव मिले, दो की तलाश जारी



अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात में वडोदरा** व आणंद को जोड़ने वाला पुल टूटने के बाद महिसागर नदी से 17 शव निकाले जा चुके हैं।

एनडीआरएफ को गुरुवार सुबह 2 और दोपहर में एक और शाम को एक शव मिला, जबकि 13 बॉडी बुधवार को ही बरामद हो चुकी थीं। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। अभी भी 2 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनकी तलाश जारी है। महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया था। चलते ट्रैफिक के बीच पुल टूट जाने से दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा नदी में गिर गए थे। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया था। 45 साल पुराना यह ब्रिज दक्षिण गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता था। इसके टूटने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड से सौराष्ट्र पहुंचना मुश्किल हो गया है। अब इसके लिए अहमदाबाद होकर जाना होगा।

### तीन बच्चों की हत्यारी मां को फांसी व प्रेमी को उम्रकैद सुनाई

**औरैया।** उप्र में औरैया जिले की एक अदालत ने प्रेम प्रसंग के चक्कर में अपने तीन मासूम बच्चों की नदी में डुबो कर हत्या करने वाली मां को फांसी की सजा सुनाई है, जबकि उसके प्रेमी को आजीवन कारावास के लिए दंडित किया गया है। घटना 27 जून 2024 की सुबह करीब 5 बजे की थी। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के फफूंद थाना क्षेत्र के गांव अटा बरूआ निवासी प्रियंका(27) की शादी इटावा के बसरेहर निवासी अवनीश से हुई थी। जिससे चार बच्चे हैं। दो साल पहले पति अवनीश की करंट लगने से मौत हो गई। इसके बाद प्रियंका अपने चचेरे देवर औरैया निवासी आशीष के साथ पत्नी के रूप में साथ रहने लगी। 27 जुलाई 2024 की सुबह करीब 5 बजे -शेष पृष्ठ दो पर

# थरूर ने कुरेदे इमरजेंसी के घाव, नसबंदी को बताया 'इतिहास का काला अध्याय'

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कांग्रेस सांसद ने कहा: इससे सबक लेना जरूरी, नसबंदी अभियान मनमाना और क्रूर फैसला था**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक आर्टिकिल में लिखा कि इमरजेंसी को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है। उन्होंने नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला बताया।

थरूर ने मलयालम भाषा के अखबार 'दीपिका' में प्रकाशित आर्टिकल लिखा है। यह गुरुवार को प्रकाशित हुआ है। उन्होंने लिखा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता। 50 साल पहले 25 जून, 1975 को तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई थी। यह 21 मार्च, 1977 तक लागू रही थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने कई सख्त फैसले लिए थे। माना फैसला था। थरूर ने लिखा कि इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी का जबरन नसबंदी अभियान चलाने का फैसला क्रूरता का उदाहरण बन गया। गरीब ग्रामीण इलाकों में टारगेट पूरा करने के लिए हिंसा और दबाव का सहारा लिया गया। नई दिल्ली जैसे शहरों में बेरहमी से झुग्गियां तोड़ी गईं। हजारों लोग बेघर हो गए। उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए शशि थरूर ने अपने आर्टिकल में लिखा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह एक बहुमूल्य विरासत है, जिसे लगातार संरक्षित करना जरूरी है। सत्ता को सेंट्रलाइज करने, असहमति को दबाने और संविधान को दरकिनार करने का असंतोष कई रूपों में फिर सामने आ सकता है। अक्सर ऐसे एक्शन को देशहित या स्थिरता के नाम पर उचित ठहराया जाता है। इस अर्थ में इमरजेंसी एक चेतावनी के रूप में खड़ा है। लोकतंत्र के संरक्षकों को हमेशा सतर्क रहना होगा। थरूर ने 23 जून को द हिंदू में पब्लिश एक आर्टिकल में लिखा था कि मोदी की ऊर्जा, गतिशीलता और जुड़ने की इच्छा वैश्विक मंच पर भारत के लिए प्रमुख संपत्ति बनी हुई है, लेकिन उन्हें और ज्यादा सपोर्ट मिलना चाहिए।

## निमिषा की फांसी पर रोक की अर्जी, SC 14 को करेगा सुनवाई

**नर्स निमिषा को यमन में 16 जुलाई को दी जानी है फांसी**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय हत्या के एक मामले में केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया की यमन में 16 जुलाई को निर्धारित फांसी की सजा पर रोक और उसकी रिहाई के लिए केंद्र सरकार को कूटनीतिक प्रयास करने का निर्देश देने की मांग संबंधी एक याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगी।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की आंशिक कार्य दिवस पीठ ने 'सेव निमिषा प्रिया एक्शन काउंसिल' नामक एक संगठन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रागेंथ बसंत के शीघ्र सुनवाई के अनुरोध के बाद संबंधित याचिका को (14 जुलाई के लिए) सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। अधिवक्ता बसंत ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान अदालत से यह अनुरोध किया था। वरिष्ठ अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष दलील दी कि शरीयत कानून के अनुसार, अगर पीड़ितों के रिश्तेदार 'खूंबहा' स्वीकार करने को तैयार हों, तो किसी व्यक्ति को रिहा किया जा सकता है। खूंबहा का मतलब है कि पीड़ित परिवार को मुआवजे का प्रस्ताव दिया जाए और वे इसे लेने को तैयार हों, तो अभियुक्त की सजा माफ की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी अस्पतालों में बदइंतजामी, मरीज नर्सिंग होम में जाने को विवश: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के चरमराने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में बदइंतजामी और बदहाली की वजह से मरीज प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाने को मजबूर हो रहे है। यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह पटरी से उतर गई हैं। उप मुख्यमंत्री की नजर अपने विभाग के बजाय मुख्यमंत्री की कुर्सी पर होने की वजह से हर तरफ मनमानी और बदहाली दिखाई दे रही है। अचरज तो यह है कि उनकी सरकार में बिना खून निकाले रिपोर्ट देने का तरीका भी खोज लिया गया है। कानपुर में दो सीएमओ एक कुर्सी पर झगड़ पड़े, तो पुलिस बुलानी पड़ गई। डीसीएम साहब अपनी नाकामी छुपाने के लिए छापेबाजी करके बैठ जाते है। असर कुछ होता नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों डिप्टी साहब गोंडा के मेडिकल कॉलेज गए जहां हर तरफ अव्यवस्था थी।

### किसानों को 25 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार खेती में उर्वरकों के सही इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए अब तक 25 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों में बांट चुकी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार शाम को यहां आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को किफायती दामों पर उर्वरक मुहैया कराने के लिए पर्याप्त सब्सिडी देने के साथ साथ सही वक्त पर उर्वरक आपूर्ति कराना सुनिश्चित किया है।

# अवैध धर्मांतरण के खिलाफ चलता रहा है सरकार का डंडा

लखनऊ, वार्ता

■ छांगुर बाबा के खिलाफ पुलिस कार्रवाई उत्तर प्रदेश के लिए कोई नई बात नहीं है

अवैध धर्मांतरण के आरोप जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ पुलिस कार्रवाई उत्तर प्रदेश के लिए कोई नई बात नहीं है।

योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद अवैध धर्मांतरण के खिलाफ समय समय पर एक्शन होता रहा है। इस दौरान पुलिस, एसटीएफ और एटीएस दो दर्जन से अधिक अवैध धर्मांतरण गिरोहों के सरगना और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार सलाखों के पीछे धकेल चुकी है। वहीं अभियोजन विभाग द्वारा कोर्ट में प्रभावी पैरवी, वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर पिछले आठ वर्षों में अवैध धर्मांतरण में लिप्त 16 आरोपियों को सजा दिलाई गई। इनमें से 12 आरोपियों को आजीवन कारावास और 4 आरोपियों को 10 वर्ष के कारावास की सजा दिलाई गई। इसके साथ ही कोर्ट द्वारा आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया गया। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में धार्मिक-सामाजिक एकता बनाए रखने और जनसंख्या संतुलन को बिगाड़ने वाली साजिशों को विफल करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अवैध धर्मांतरण के सरगनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है।

उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश भर में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेला गया है। यह आरोपी उत्तर प्रदेश के साथ दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और हरियाणा में भी सक्रिय थे। इनका मकसद बहुसंख्यक आबादी में धार्मिक असंतुलन पैदा कर देश की जनसांख्यिकी को बदलना और शांति को भंग करना था। यह लोग गिरोह के संचालन के लिए इस्लामिक दावा सेंटर जैसे केंद्रों का उपयोग करते थे, जहां गरीब, असहाय, दिव्यांग और समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को बहला-फुसलाकर, नौकरी, इलाज, शादी और पैसे के लालच से अवैध धर्मांतरण कराया जाता था।

### छांगुर बाबा एक हफ्ते की पुलिस रिमांड पर एटीएस के हवाले

**लखनऊ।** अवैध धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी साथी नीतू उर्फ नसरीन को उत्तर प्रदेश पुलिस का आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) रिमांड पर लेकर गिरोह की गतिविधियों और फंडिंग के बारे में पड़ताल करेगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अवैध धर्मान्तरण के आरोप में एटीएस ने पिछली पांच जुलाई को जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस महानिदेशक ने धर्मांतरण के इस गिरोह के पूरे नेटवर्क, रैकेट, वित्तीय स्रोत एवं अन्य सभी तथ्यों की गहन जानकारी के लिए निर्देशित किया गया था। उन्होंने बताया कि यूपी एटीएस ने एनआईए कोर्ट से दस से 16 जुलाई तक दोनों आरोपियों का पुलिस कस्टडी रिमाण्ड प्राप्त किया गया है।

# पंचायत चुनाव: 512 ग्राम पंचायतें समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी ग्रामीण स्थानीय निकाय चुनावों के लिए पंचायतों का परिसीमन पूरा हो गया है और 512 ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गई हैं, जबकि 11 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं।

अधिकृत सूत्रों ने बताया कि समाप्त की गई ग्राम पंचायतों में सबसे अधिक संख्या देवरिया, आजमगढ़ और प्रतापगढ़ जिलों की है। 2021 के पंचायत चुनावों में 58,195 ग्राम प्रधान चुने गए थे, लेकिन राज्य में अगले पंचायत चुनावों में यह संख्या घटकर 57,694 ग्राम प्रधान रह गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियां ग्राम पंचायतों के परिसीमन के साथ शुरू हो गई हैं। लेकिन पंचायती राज विभाग सीटों का आरक्षण तय नहीं करेगा। प्रदेश सरकार ने अगले साल मई में होने वाले ग्राम पंचायत चुनावों के लिए एक शासनादेश (जीओ) जारी कर ग्राम पंचायतों के परिसीमन को




अनिवार्य बना दिया है। नगरीय क्षेत्र के विस्तार के कारण देवरिया में 64, आजमगढ़ में 49 और प्रतापगढ़ में 46 ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गई हैं। इसके अलावा अलीगढ़ में 16, अंबेडकरनगर में 3, अमरोहा में 21 और अयोध्या जिलों में 22 ग्राम पंचायतें समाप्त हो गई हैं। बहराइच में कुल चार ग्राम पंचायतें समाप्त हो गई हैं, जबकि ज़िले में दो नए राजस्व गांव बनाए गए हैं। बलरामपुर और बाराबंकी में 7-7, बरेली और बुलंदशहर में 5-5, चित्रकूट में 3, एटा में 6, इटावा में 2, फर्रुखाबाद में 14, फतेहपुर में 19, गौतमबुद्धनगर में 6, गाजियाबाद में 19, गोंडा और गोरखपुर में 22-22, हरदोई में 14, हाथरस में एक, जौनपुर में 6, खीरी में एक, कुशीनगर में 23, लखनऊ में 3, मथुरा में 9, मऊ में 26, मुजफ्फरनगर में 11, रायबरेली में 8, संतकबीरनगर में 24, शाहजहांपुर में एक, सीतापुर में 11, सोनभद्र में 8-8 व उन्नाव में 4 नई ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गईं।

# कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच होगी कांवड़ यात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पवित्र श्रावण मास में होने वाली कांवड़ यात्रा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के प्रमुखों को निर्देशित किया है।

कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मुख्य कांवड़ मार्ग एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर कुल 29 हजार 454 सीसीटीवी कैमरे, 395 ड्रोन, 1845 जल सेवा केन्द्र, 829 चिकित्सा शिविरों, 1222 पुलिस सहायता केन्द्र/कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित सम्पन्न कराए जाने की जिम्मेदारी 587 राजपत्रित अधिकारी, 2040 निरीक्षक, 13,520 उपनिरीक्षक, 39,965 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 1,486 महिला उपनिरीक्षक, 8,541 महिला मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 50 कम्पनी केन्द्रीय पुलिस बल/पीएसी एवं 1,424 होमगाड्‌र्स की होगी। इसके लिए विशेष बलों जैसे आएएफ, क्यूआरटी एवं एंटी टेरर स्क्वाड पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

कांवड़ यात्रा मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी, जबकि मुख्यालय स्तर पर भी 24 घंटे नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया सेन्टर डीजीपी मुख्यालय में एक आठ सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जो 24 घण्टे सतर्क रहकर कांवड़ यात्रा से सम्बन्धित सोशल मीडिया पर प्राप्त होने वाली सभी इनपुट को सम्बन्धित जिले को प्रेषित कर भ्रामक खबरों का खंडन, अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही एवं तथ्यात्मक जानकारी सोशल मीडिया पर डलवाना सुनिश्चित करेगी।

## मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताया

# राम विरोधियों की दुर्गति तय है: योगी

गोरखपुर, वार्ता



■ कहा: लोहिया के विचार से इतर आज के समाजवादी रामभक्तों पर गोली चलाते हैं

सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताते हुए गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि प्रखर समाजवादी डा. राममनोहर लोहिया के विचार से इतर आज के समाजवादी रामभक्तों पर गोली चलाते हैं।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि डा. लोहिया के वर्तमान चेले भले ही उनकी बात न मानते हों, लेकिन यह बात तय है कि जो राम विरोधी है, उसकी दुर्गति होनी ही है। डा. लोहिया कहते थे कि भारत में जब तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लीला पुरुषोत्तम मुरलीधर भगवान श्रीकृष्ण और देवों के देव भगवान शंकर की पूजा होती रहेगी तब तक दुनिया में कोई माई का लाल भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगा और यह सच भी है भगवान श्रीराम, प्रभु श्रीकृष्ण और देवाधिदेव महादेव शंकर के बिना भारत का पत्ता भी नहीं हिल सकता है।

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में चार जुलाई से चल रही श्रीरामकथा के विश्राम सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा और देवी-देवताओं से जुड़ीं अन्य कथाएं भारतीय संस्कार का हिस्सा हैं। उन्होंने रामायण मेलों की शुरुआत करने वाले डा. राम मनोहर लोहिया का उल्लेख कर सनातन धर्म पर सवाल उठाने वालों को आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डा. लोहिया, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर समाजवादी और कांग्रेस के प्रखर विरोधी थे।

आजादी के बाद जब भारतीयों की एकजुटता को लेकर कुछ लोगों ने शंका जताई थी तब उन्होंने जवाब दिया था कि राम, कृष्ण और शंकर की पूजा होने तक भारत की एकजुटता का प्रश्न ही खड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि उच्चकुल में पैदा होने के बावजूद मारीच की दुर्गति सबको पता है। उसका जन्म मनुष्य रूप में होता है, जबकि पशु रूप में मारा जाता है। उन्होंने कहा कि राम को भजते-भजते हनुमान जी भी पूज्य हो गए। अनपढ़ व्यक्ति भी हनुमान चालीसा जानता है,उसका पाठ करता है। श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान शंकर और उनसे जुड़ी कथाएं हमारी आस्था की प्रतीक हैं, हमारी विरासत हैं। सुसभ्य संस्कृति की उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। इनके संरक्षण और उन्नयन में योगदान देना हर भारतीय का कर्तव्य होना चाहिए। राम, कृष्ण और शिव सनातन धर्म के प्रतीक हैं।

### गुरु पूर्णिमा पर योगी ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन

**गोरखपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, योगिराज बाबा गंभीरनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजनों का भी विधि विधान से पूजन-अर्चन कर श्रद्धा निवेदित की और लोक कल्याण के पथ पर मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा का विशेष अनुष्ठान प्रातः काल 5 बजे से ही प्रारंभ हो गया और सामूहिक आरती के साथ अनुष्ठान की पूर्णता हुई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।



सेंसेक्स 83190.28
निफ्टी 25355.25



सोना रु. 97195
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 107690
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

मुंबई, वार्ता



■ तेज बिकवाली के चलते सेंसेक्स 345.80 अंक, निफ्टी 120.85 अंक नीचे

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को बिकवाली का दबाव बढ़ने से लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई और प्रमुख शेयर सूचकांक 0.27 प्रतिशत से 0.47 प्रतिशत टूट गए।

विश्लेषकों के अनुसार कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों को जारी किए जाने की शुरुआत से पहले बाजार में सतर्कता का रुख बढ़ा हुआ था। बुधवार को बाजार दिन भर सीमित दायरे में घट बढ़ के बाद कारोबार के आखिरी दौर में तेज बिकवाली के दबाव में टूट कर बंद हुआ था। बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 345.80 अंक (0.41प्रतिशत) गिर कर 83,190.28 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 भी 120.85 अंक (0.47 प्रतिशत) घट कर 25355.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 24 शेयर घाटे में रहे और छह में लाभ हुआ।

मारुति सबसे अधिक 1.36 प्रतिशत लाभ पर बंद हुआ। टाटा स्टील (1.04), बजाज फाइनेंस (0.72), बजाज फाइनेंशियल सर्विसेज (0.65), ट्रेंट (0.4) और टाटा मोटर्स भी (0.38 प्रतिशत) लाभ में रहे। घाटे में रहे शेयरों में भारती एयरटेल का भाव 2.62 प्रतिशत टूटा, जबकि एक्सिस बैंक में सबसे कम 0.02 प्रतिशत का घाटा रहा। एशियन पेंट, इन्फोसिस, बीईएल, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक., टीसीएस , भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआईसीआई आई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में घाटा हुआ। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस 0.27 प्रतिशत और निफ्टी बैंक 0.45 प्रतिशत घाटे में रहा। निफ्टी मिडकैप और स्मालकैप क्रमश 0.30 प्रतिशत और 0.27 प्रतिशत घट कर बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख, विनोद नायर ने बाजार की स्थिति पर संक्षिप्त टिप्पणी में कहा, ' टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से पहले इस सीजन में आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) और वित्त क्षेत्रों की धीमी शुरुआत की आशंका के चलते निवेशकों का रुझान सतर्क बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि इस बीच मिड-कैप और स्मॉ-कैप शेयरों में गिरावट का रुझान सीमित रहा। यह लार्ज-कैप शेयरों की तुलना में इन खंडों में निवेशक बेहतर आय परिदृश्य की उम्मीद कर रहे हैं। नायर की राय में यह निवेशकों की प्रतीक्षा और निगरानी की रणनीति को दर्शाता है।

# डॉलर के मुकाबले रुपये में सुधार

**मुंबई।** अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को दिन में मजबूती के साथ करीब 23 पैसे के तेज सुधार के साथ 85.5780 के स्तर पर चल रहा था। बुधवार को विनियम दर प्रति डॉलर 85.7979 रुपए के दायरे में थी। स्थानीय शेयर बाजारों में नरमी का रुख जारी रहने के बावजूद डॉलर के अन्य प्रमुख मुद्राओं के समक्ष कमजोर पड़ने से रुपए को बल मिला। डॉलर सूचकांक दिन में 0.19 प्रतिशत गिर कर 97.37 पर चल रहा था। डॉलर सूचकांक छह प्रमुख मुद्राओं के भारांक पर आधारित है और डॉलर की तुलनात्मक मजबूती को इंगित करता है। बाजार को उम्मीद है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बाजूद रुपया आने वाले दिनों में डॉलर के मुकाबले 85.30 से 85.90 के दायरे में रहेगा। आज अन्य प्रमुख मुद्राओं का भाव इस प्रकार रहा: ब्रिटेन पौंड 116.5025 रुपए, यूरो 100.4709 रुपए और जापानी एन (प्रति सैकड़ा) 58.5200 रुपए।

# यूपी में फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक वृद्धि की दर राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी

लखनऊ, वार्ता

पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण वृद्धि के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे उत्तर प्रदेश में हरित आवरण और फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में भी राष्ट्रीय औसत से तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है।

भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की वन स्थिति रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 तक यूपी के वन क्षेत्रों के बाहर वृक्षावरण में 3.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो राष्ट्रीय औसत 3.41 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा, फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में 2.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कि राष्ट्रीय औसत 1.13 प्रतिशत से लगभग दोगुनी है। जिस आधार पर लगभग 72 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के अवशोषण का अनुमान है, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। पौधरोपण महा अभियान ने इस वर्ष उत्तर प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' थीम के तहत 37.21 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। पिछले आठ वर्षों से प्रदेश में चल रहे पौध रोपण महाभियान के तहत अब तक 240 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। वन विभाग की ओर से जारी की गई वर्ष 2021-22 से लेकर 2024-25 तक रोपित किए गए पौधों की जीवितता लगभग 86.67 प्रतिशत दर्ज हैं। साथ ही इस अभियान के चलते प्रदेश में हरित आवरण और फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में भी राष्ट्रीय औसत से तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है। वन विभाग ने पौधरोपण की जीवितता सुनिश्चित करने के लिए विशेष मॉनिटरिंग और मूल्यांकन व्यवस्था की है। वन विभाग की अनुश्रवण शाखा की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-22 में पौधों की जीवितता 76.87 प्रतिशत, 2022-23 में 83.73 प्रतिशत, 2023-24 में 90.04 प्रतिशत और 2024-25 में हुए सर्वेक्षण के अनुसार 96.06 प्रतिशत दर्ज की गई है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उदयपुर फाइल्स....**

सिब्बल ने अदालत को सफलतापूर्वक यह बताया की यह फिल्म देश के बहुलवादी समाज के लिए कितनी खतरनाक हो सकती है। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि इस फिल्म के बारे में लिया गया फैसला भविष्य के लिए भी एक नज़ीर माना जाएगा और अन्य फिल्म निर्माताओं को भी एक बड़ा सबक मिलेगा, जो फिरकापरस्त ताकतों को खुश करने की नापाक मंशा से ऐसी फिल्में बनाकर देश की शांति, एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं।

**तीन बच्चों की...** प्रियंका अपने चारों बच्चों सोनू (9), माधव (6), आदित्य (4) व मंगल (2) को साथ लेकर घर से निकल पड़ी और ऑटो करके केशमपुर में सेंगर नदी के घाट पर पहुंच गई। जहां से प्रियंका ने अपनी ताई गीता को फोन करके कहा की वह मरने जा रही है और फोन काट दिया। ताई गीता प्रियंका को तलाशने औरैया गई, लेकिन प्रियंका घर पर नहीं मिली। इधर प्रियंका ने चारों बच्चों को कुछ नशीला पदार्थ खिलाकर नदी में डूबो दिया। मगर ग्रामीणों को आते देख वह वहां से भाग गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों ने नौ साल के सोनू को बाहर निकाला, जो जीवित था। जिसने पुलिस को नाम पता और घटनाक्रम बताया। इस पर परिजनों को सूचना दी गई। गोताखोर को बुलाकर नदी से छह साल के आदित्य और चार साल के माधव के शव को बाहर निकाल लिया। जबकि दो वर्ष के मंगल का शव करीब दो घंटे बाद मिला था। पुलिस ने बच्चों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने प्रियंका के सगे देवर मनीष की तहरीर पर प्रियंका एवं उसके प्रेमी (चचेरे देवर) आशीष उर्फ डैनी के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की और 20 दिन में दोनों आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल ली। जिसके बाद मामला एडीजे थर्ड सैफ अहमद की कोर्ट में चला। जहां पर सात लोगों सोनू (जीवित बचा पुत्र), मनीष वादी मुकदमा (मृतकों का चाचा), दिनेश (एफआईआर व जीड लेखक), शकील खान (आदित्य व माधव का पंचनामा भरा), सौरभ कुमार (मृतको का पीएम कराया), हरीश कुमार (मंगल का पंचनामा भरा) व एसआई भूपेंद्र सिंह (पर्याप्त साक्ष्य संकलन के साथ आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 307 व 120बी में 20 दिन के अंदर आरोप पत्र दाखिल किया) की गवाही के बाद 9 माह 14 दिन बाद आरोपी मां प्रियंका को फांसी एवं उसके प्रेमी चचेरे देवर आशीष उर्फ डैनी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वादी को ओर जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्र आदि ने पैरवी की। जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा ने बताया कि कोर्ट ने इसे क्रूरतम से क्रूरतम अपराध माना है। सजा दिलाने में एडीजीसी उमेश राजपूत ने कड़ी से कड़ी सजा की पैरवी की थी।

# नदी किनारों पर होगा बहुआयामी विकास कार्य: यूपी सरकार

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर हर नदी को उसके स्रोत से लेकर अंतिम संगम बिंदु तक चिन्हित किया जाएगा और संबंधित सभी जनपदों को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर जरूरी कदम उठाने होंगे। इसका उद्देश्य सिर्फ नदी को फिर से प्रवाहित करना नहीं, बल्कि जल गुणवत्ता, जल उपलब्धता और जैव विविधता को टिकाऊ तरीके से संरक्षित करना भी है।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर सभी जनपदों और विभागों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। निर्देशों के तहत नदियों की जलधारा को सुगम बनाने के लिए डिसिल्टेशन (गाद निकासी), चैनलाइजेशन, कोर्स करेक्शन जैसे तकनीकी उपाय किए जाएंगे। साथ ही अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र विकसित कर वहां सघन वृक्षारोपण कराना भी अनिवार्य होगा। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश की नदियों को 'जीवित धरोहर' के रूप में संरक्षित करने की दिशा में एक नए युग की शुरुआत है। यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है। उदाहरण के रूप में देखा जाए तो कोई नदी किसी जनपद से निकलकर अपने संगम क्षेत्र तक जितने भी जनपदों से होकर निकलेगी उन सभी पर नदी पुनरुद्धार का दायित्व होगा। हर जिले को अपने हिस्से में आने वाले नदी के क्षेत्र की सफाई, जलधारा पुनर्स्थापन और जलस्रोतों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार करनी होगी। उसके पुनरुद्धार में संबंधित जिलों को मिलकर संरक्षणात्मक कार्य, जैसे तालाबों का जीर्णोद्धार, कैचमेंट क्षेत्र में चेक डैम और वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट बनाना होगा। नदी से जुड़ी तालाब श्रृंखलाएं भी चिन्हित कर संरक्षित की जाएंगी। निर्देशों के क्रम में संबंधित जिलों की प्रशासनिक इकाइयों द्वारा संयुक्त कार्ययोजना बनाई जाएगी। गाद निकालने (डिसिल्टेशन) और नदी की दिशा सुधारने (कोर्स करेक्शन) के लिए उच्च तकनीकी हस्तक्षेप होगा। नदी किनारों पर सघन वृक्षारोपण और कैचमेंट क्षेत्र में भूमि जल संरक्षण की योजनाएं लागू होंगी। चेक डैम, रिचार्ज पिट्स और जल संग्रहण ढांचे बनाए जाएंगे। इसके साथ ही तालाबों और पारंपरिक जलस्रोतों का संरक्षण एवं किनारों पर पौधारोपण अनिवार्य होगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बिहार में विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति, मताधिकार से वंचित करने की साजिश बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच 24 जून 2025 को चुनाव आयोग द्वारा अचानक की गई स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की घोषणा पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस पार्टी ने इसे अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश करार दिया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय ने इस निर्णय को असंवैधानिक और दुर्भावनापूर्ण बताते हुए कहा है कि जब जून 2024 से जनवरी 2025 के बीच राज्य चुनाव आयोग द्वारा इलेक्टोरल रोल का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण पहले ही पूरा किया जा चुका था, तो एक महीने पहले ही दोबारा ऐसी प्रक्रिया की जरूरत क्यों पड़ी। राय ने कहा कि यदि चुनाव आयोग को लगता है कि मतदाता सूची में कोई बड़ी खामी है, तो यह स्वीकार करना होगा कि पहले किया गया समरी रिवीजन दोषपूर्ण था या आयोग को अपनी ही प्रक्रिया पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की मूल भावना के खिलाफ नहीं है, लेकिन जिस समय और ढंग से यह प्रक्रिया चलाई जा रही है, उस पर हमें गंभीर आपत्ति है। 2003 की जिस पुनरीक्षण प्रक्रिया का हवाला आयोग दे रहा है, उसमें समय पर्याप्त था। एक साल बाद राष्ट्रीय चुनाव और दो साल बाद राज्य का चुनाव था। जबकि इस बार आयोग को सिर्फ एक महीने का समय मिल रहा है, जो अपने आप में संशय पैदा करता है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि आयोग द्वारा मांगे जा रहे दस्तावेज ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध नहीं हैं। आधार कार्ड को मान्यता नहीं, वोटर आईडी को संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है, यहां तक कि राशन कार्ड भी पर्याप्त नहीं माना जा रहा। ऐसी स्थिति में यह स्पष्ट संकेत है कि एक वर्ग विशेष को मताधिकार से वंचित रखने की ठोस योजना बनाई गई है। अजय राय ने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद चुनाव है और किसी भी नागरिक को मताधिकार से वंचित रखना संविधान की आत्मा के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी लगातार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर चुनावों को नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है। हर चुनाव में एजेंसियों और तंत्र का दुरुपयोग कर, मतदाता सूचियों में फेरबदल कर और प्रक्रियाओं को जटिल बना कर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी अब इसे नहीं सहने देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी पहले ही इस षडयंत्र के विरुद्ध सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं और उत्तर प्रदेश कांग्रेस उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश का कोई भी नागरिक अपने संविधान प्रदत्त अधिकार/मताधिकार से वंचित न रहे।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कार्यकाल पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन और पूर्व मंत्री डा. सीपी राय ने राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के कार्यकाल को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं और केंद्र सरकार से उनके विरुद्ध लगे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है।

डा. राय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में उनका कार्यकाल पांच वर्ष पूर्ण होने के बाद भी राष्ट्रपति कार्यालय और गृह मंत्रालय की ओर से अब तक कोई स्पष्ट निर्णय या निर्देश जारी नहीं किया गया है, जिससे स्थिति संदेहास्पद बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक पद की गरिमा के विपरीत यह लापरवाही दर्शाती है कि केंद्र सरकार इस विषय को लेकर गंभीर नहीं है और संभवतः कुछ असहज प्रश्नों को दबाना चाहती है। डा. राय ने कहा कि श्रीमती आनंदीबेन पटेल का पूरा सार्वजनिक जीवन विवादों से घिरा रहा है। गुजरात की मुख्यमंत्री रहते हुए उनके कार्यकाल में पाटीदार आंदोलन भड़का और उनकी बेटी अनार पटेल से जुड़ा गीर क्षेत्र में ज़मीन आवंटन का मामला आज भी संदिग्ध परिस्थितियों में दर्ज है। इसके अतिरिक्त, उनके परिवार के सदस्यों पर व्यावसायिक हितों और सत्ता के प्रभाव का दुरुपयोग करने के आरोप भी लगे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति ऐसे आरोपों में उलझा हो, लेकिन यह अत्यंत चिंताजनक है कि इन मामलों में अब तक कोई सार्वजनिक जांच या स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। कांग्रेस नेता ने उत्तर प्रदेश में राज्यपाल के रूप में श्रीमती पटेल की भूमिका को लेकर भी असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में की गई नियुक्तियों को लेकर लगातार पारदर्शिता की कमी और पक्षपात के आरोप लगे हैं। उनके अनुसार, राज्यपाल जैसे पद पर बैठे व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है कि वह पूर्ण तटस्थता, निष्पक्षता और संवैधानिक मर्यादा का पालन करे, लेकिन श्रीमती पटेल के कार्यकाल में यह अपेक्षाएं बार-बार टूटती नजर आईं। बुलडोजर नीति जैसे विषयों पर उनका खुले तौर पर सरकार का समर्थन करना, सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का हवाला देकर सरकार की नीतियों का महिमामंडन करना, उनकी तटस्थता को संदेह के घेरे में लाता है। डा. राय ने यह भी सवाल उठाया कि 29 जुलाई 2024 को उनका पांच वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के बावजूद न तो कार्यकाल विस्तार की कोई आधिकारिक घोषणा की गई और न ही नए राज्यपाल की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि इस चुप्पी के पीछे क्या कोई राजनीतिक मंशा छिपी है, यह देश की जनता जानना चाहती है। उन्होंने राष्ट्रपति भवन से अनुरोध किया है कि वह स्पष्ट करे कि आनंदीबेन पटेल का कार्यकाल कैसे और किस आधार पर आगे बढ़ाया गया है। कांग्रेस नेता ने अंत में मांग की है कि श्रीमती पटेल के कार्यकाल से जुड़े सभी विवादों, विशेषकर जमीन सौदों, पारिवारिक लाभ, विश्वविद्यालयों में नियुक्तियों और संवैधानिक प्रक्रियाओं की अनदेखी से संबंधित आरोपों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उनके राज्य का संवैधानिक मुखिया कितना पारदर्शी, जिम्मेदार और जवाबदेह है। कांग्रेस पार्टी की मांग है कि इस जांच के लिए किसी स्वतंत्र एजेंसी या सीबीआई को जिम्मेदारी सौंपी जाए, जिससे सत्य सामने आ सके और संवैधानिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बना रहे।

## यूपी की वैश्विक उड़ान का अगला पड़ाव हैदराबाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की औद्योगिक और निर्यातीय शक्ति अब दक्षिण भारत में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर 2025 के बीच आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के तीसरे संस्करण की तैयारियों के क्रम में देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में मेगा रोड शो आयोजित किये जा रहे हैं।

नई दिल्ली में पहले मेगा रोड शो की सफलता के बाद अब अगला आयोजन 11 जुलाई को हैदराबाद में होने जा रहा है, जो प्रदेश के व्यापार, निवेश, निर्यात और नवाचार की क्षमताओं को दक्षिण भारत के उद्योग जगत के सामने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेगा। इस मेगा रोड शो में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एमएसएमई, खादी, ग्रामोद्योग, हैंडलूम और टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान प्रदेश के औद्योगिक दृष्टिकोण और निवेश अनुकूल नीतियों की प्रस्तुति करेंगे। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य निर्यात विजन 2025 के तहत उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस आयोजन में विदेशी दूतावासों के प्रतिनिधि, अंतरराष्ट्रीय खरीदार, व्यापार संगठनों के अधिकारी, स्टार्टअप प्रतिनिधि और देश के अग्रणी उद्योगपति हिस्सा लेंगे। यह मंच उत्तर प्रदेश की कारोबारी संभावनाओं, अधोसंरचना विकास, निवेशक अनुकूल वातावरण और नीति-सहायक पारिस्थितिकी तंत्र को दक्षिण भारत के सामने सशक्त रूप से रखने जा रहा है। हैदराबाद में होने वाले इस रोड शो में खासतौर पर उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों जैसे एमएसएमई, ओडीओपी, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रानिक्स, आईटी, इलेक्ट्रिक व्हीकल, एग्रो-बेस्ड इंडस्ट्री और फूड प्रोसेसिंग की व्यापक संभावनाओं को उजागर किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से न केवल निवेशकों और उद्यमियों को आमंत्रित किया जाएगा, बल्कि प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में भी ठोस पहल की जाएगी। हैदराबाद में होने वाला यह आयोजन ट्रेड शो 2025 के लिए एक मजबूत मंच तैयार करेगा, जहां उद्योग जगत और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। नई दिल्ली में यह श्रृंखला पहले ही सफलता प्राप्त कर चुकी है और अब बेंगलुरू (18 जुलाई), मुंबई (25 जुलाई) और अहमदाबाद (30 जुलाई) जैसे शहरों में आगामी रोड शो प्रस्तावित हैं। योगी सरकार का यह व्यापक प्रयास उत्तर प्रदेश को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक व्यापारिक मानचित्र पर एक उभरती हुई औद्योगिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# जिलाधिकारी ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्ड-बिसवां की विभिन्न इंडीकेटर्स पर प्रगति के संबंध में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि समस्त इंडीकेटर्स पर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करायें। उन्होंने हेल्थ एण्ड न्यूट्रीशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर एण्ड वाटर रिसोर्स, फाईनेंशियल इंक्लूशन एण्ड स्किल डेवलपमेंट, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सोशल डेवलपमेंट आदि बिन्दुओं पर विभागवार चर्चा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप डाटा फीडिंग का कार्य कराया जाये। बेसिक एजुकेशन के संबंध में उन्होंने कहा कि जिन अध्यापकों का प्रशिक्षण हो गया है, उनको नियुक्त किया जाये। बाल विकास एवं पुष्टाहार की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सैम एवं मैम बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाया जाये। उन्होंने कहा कि महिलाओं के एफपीओ एवं एसएचजी बनवाते हुये उन्हें संचालित कराया जाये। विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, स्पांसरशिप योजना, बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, दिव्यांग पेंशन योजना आदि के लम्बित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करते हुये पात्रों को लाभान्वित कराया जाये। विकास खण्ड बिसवां के समस्त गांवों को बीएसएनएल द्वारा संचालित उच्च गुणवत्ता की इंटरनेट सुविधा से जोड़े जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। सभी ग्राम पंचायतों में गठित समितियों को सक्रिय कराते हुये नियमित बैठक आयोजित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को मृदा परीक्षण और अधिक कराये जाने के निर्देश दिये। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच एवं अन्य गतिविधियां भी रोस्टर के अनुसार संचालित करना सुनिश्चित करें। कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण में सुधार हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का डाटा पूरी शुद्धता के साथ वेबसाईट पर अपलोड किया जाये। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब प्रगति वाले इंडीकेटर्स में सुधार करें।

## साइबर अपराधियों से वापस दिलाए गए 1.51 लाख रुपये

**चित्रकूट ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** साइबर ठगी के शिकार चार लोगों को चित्रकूट साइबर सेल ने बड़ी राहत दी है। ओटीपी मांगकर, परिचित बनकर और फर्जी मैसेज भेजकर की गई कुल 1,51,000 की आनलाइन ठगी की रकम साइबर सेल की सक्रियता से पीड़ितों को वापस मिल गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण और साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशिकांत राय के नेतृत्व में की गई। टीम में आरक्षी सर्वेश कुमार और प्रशांत कुमार शामिल रहे। ठगी की इन घटनाओं में जालसाजों ने गूगल या ईमेल अकाउंट हैक करके पीड़ितों के कान्टेक्ट्स, फोटो और गूगल ड्राइव डेटा का दुरुपयोग किया। खातों से लिंक मोबाइल नंबर और ईमेल भी बदले गए, जिससे पीड़ित अपना पासवर्ड रीसेट नहीं कर सके। साइबर सेल ने पीड़ितों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी की गई पूरी रकम रिकवर कराई। इस बीच साइबर सेल ने नागरिकों के लिए एक अहम एडवाइजरी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि अनजान नंबरों से आने वाली काल पर विश्वास न करें, कोई संदिग्ध एप या लिंक न खोलें, ओटीपी कभी भी साझा न करें और अपने गूगल/फेसबुक/व्हाट्सएप जैसे सभी अकाउंट्स पर टू-स्टेप वेरीफिकेशन जरूर सक्रिय रखें। पासवर्ड हमेशा अल्फान्यूमेरिक रखें और जन्मतिथि या मोबाइल नंबर जैसे आसान कोड का उपयोग न करें।

## उप्र में हरियाली का नया कीर्तिमान, पांच वर्षों में पौधों की जीवितता दर पहुंची 96 प्रतिशत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। एक ओर जहां ताप लहरों से जूझती दुनिया चिंता में डूबी है, वहीं उत्तर प्रदेश ने हरियाली की राह चुनते हुए बीते पांच वर्षों में व्यापक वृक्षारोपण के साथ उनकी जीवितता को लेकर भी देशभर में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

वन विभाग द्वारा जारी वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक के पौधों की जीवितता पर आधारित रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में औसतन 86.67 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। खास बात यह है कि 2024-25 के सर्वे में यह जीवितता दर 96.06 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो दर्शाता है कि राज्य में केवल पौधे रोपे नहीं जा रहे, बल्कि उन्हें संरक्षित कर विकसित भी किया जा रहा है। साल 2025 में चलाए गए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत 37.21 करोड़ पौधों के रोपण के साथ एक नया रिकॉर्ड बना है। योगी सरकार के पौधरोपण महा-अभियान के तहत वर्ष 2017 से अब तक कुल 240 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। पौधों की देखभाल और निगरानी के लिए वन विभाग की अनुश्रवण शाखा द्वारा विकसित विशेष मूल्यांकन प्रणाली के चलते जीवितता में यह निरंतर सुधार आया है। वर्ष 2021-22 में पौधों की जीवितता 76.87 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में 83.73 प्रतिशत, 2023-24 में 90.04 प्रतिशत और 2024-25 में 96.06 प्रतिशत तक पहुंच गई। इससे स्पष्ट है कि केवल संख्यात्मक वृक्षारोपण नहीं, बल्कि हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण में गहराई और स्थायित्व का समावेश है। प्रदेश में हरित आवरण वृद्धि भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2017 से अब तक लगभग 5 लाख एकड़ हरित क्षेत्र की वृद्धि की है। 2017 में जहां राज्य का वृक्षावरण 9.18 प्रतिशत था, वह अब 10 प्रतिशत के करीब पहुंच चुका है। वर्ष 2021 से 2023 के बीच इसमें 1.38 लाख एकड़ की वृद्धि हुई, जो निरंतर बढ़ती हुई हरियाली की कहानी कहती है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के वन क्षेत्रों के बाहर वृक्षावरण में 3.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो कि राष्ट्रीय औसत 3.41 प्रतिशत से अधिक है। यही नहीं, उत्तर प्रदेश में फारेस्ट कार्बन स्टाक में 2.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो राष्ट्रीय औसत 1.13 प्रतिशत के लगभग दोगुना है। इसका सीधा संबंध जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने से है, क्योंकि अनुमान के अनुसार यह हरियाली करीब 72 मिलियन टन कार्बन डाइआक्साइड अवशोषित करने में सक्षम है। एक पेड़ मां के नाम अभियान अब प्रदेशव्यापी जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है। गांव से लेकर शहर तक, विद्यालयों से लेकर पंचायतों तक, लोग अब पर्यावरण की चेतना से जुड़े हैं। योगी सरकार की यह नीति स्पष्ट कर रही है कि विकास और पर्यावरण संतुलन दोनों को साथ लेकर ही भविष्य का निर्माण संभव है।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** संदना क्षेत्र के ग्राम भरौना में गुरुवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। गांव के बाहर नहर के किनारे स्थित गन्ने के खेत में एक अज्ञात युवक का शव नीम के पेड़ पर लटका मिला।

शव मिलने की जानकारी जयराम पुत्र श्याम सुंदर, निवासी भरौना द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष है। शव को पहचान और जांच के लिए सीतापुर मर्चरी भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष चन्द्रभान यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव 3-4 दिन पुराना प्रतीत होता है। मृतक ने नीली जींस, पीली शर्ट और काले अंडरगारमेंट्स पहन रखे थे। उसके दाहिने हाथ में कलावा, गले में ताबीज और कमर में काली धागे की करधनी बंधी हुई थी। पुलिस ने लोगों से अपील भी की है कि यदि किसी को मृतक की पहचान के बारे में कोई जानकारी हो या किसी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हो, तो थाना संदना में सूचित करें। इधर क्षेत्र के ग्रामीण अज्ञात हत्यारों द्वारा युवक की हत्या करने के बाद शव को फांसी के फंदे पर लटकाए जाने का संदेह जाता रहे हैं। युवक कौन है, उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई है यह रहस्य बना हुआ है। इधर पुलिस का कहना है की घटना के हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।

## प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर ।** राज्यमंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा प्रचलित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं, विकास कार्यों, निर्माण कार्यों आदि में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार गहन समीक्षा की।

उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य, शिक्षा, भरण पोषण, आवास आदि से सम्बन्धित जितनी भी योजनाएं चालू की गयी हैं, उन सबका लाभ प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा आम जनमानस में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण उनके विभाग से सम्बंधित योजनाओं के आच्छादन एवं प्रगति की गुणवत्ता का निरीक्षण गाव में जाकर करते रहें तथा लाभार्थियों का फीड बैक भी अवश्य प्राप्त करें। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान मा0 प्रभारी मंत्री जी ने निर्देश दिये कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा खराब ट्रांसफार्मर को निर्धारित समयावधि में ठीक कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी विकास खण्डों में रोजगार मेले आयोजित कराते हुये अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाया जाये। रोजगार मेलों का इंजीनियरिंग कालेजों, डिग्री कालेजों आदि में व्यापक प्रसार-प्रसार कराया जाये। बाढ़ क्षेत्र में राशन वितरण हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश प्रभारी मंत्री ने दिये। धान क्रय केन्द्रों का चिन्हीकरण मानकों के अनुसार किया जाये तथा किसानों को धान क्रय केन्द्रों पर समुचित सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों में अधिकांश कार्य समयावधि में बाद पूर्ण न पाये जाने पर प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये तथा कार्य में विलम्ब करने वाली कार्यदायी संस्थाओं/ कांट्रेक्टर के विरुद्ध जुर्माना लगाया जाये। प्राचीन बालेश्वर मंदिर के सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास की तिथि 31 मार्च 2025 को पूर्ण होने के बावजूद अभी तक मात्र 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर जवाबदेही तय करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू आदि मौजूद रहे।

### चोरी के माल के साथ दो गिरफ्तार

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के नौव्वा अंबरपुर गांव के निकट नहर पटरी पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने हिमालय सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर गोहरैया निवासी शिशुपाल सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह और अजीत सिंह पुत्र शिशुपाल सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर अपराधी हैं। इनके कब्जे से 1200 रुपये, एक छोटा गैस सिलेंडर ,एक छोटा गैस चूल्हा, एक स्टील जग, एक स्टील भगौना, एक स्टील थाली, एक स्टील कटोरी, दो स्टील ग्लास बरामद किए है। पुलिस का कहना है कि इन्हीं दोनों ने 18 जून की रात इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर गोहरैय्या में एक घर से चोरी की थी। बरामद माल उसी चोरी की घटना का है।

## राजनाथ सिंह को जन्मदिन पर मायावती की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** देश के रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद श्री राजनाथ सिंह को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उनके जन्मदिन पर बधाई संदेश भेजा है।

उन्होंने ट्वीट कर न केवल उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना भीं की। यह सामान्य शिष्टाचार का भाव हो सकता है, पर राजनीति में ऐसे छोटे से संदेश भी बड़े निहितार्थों के साथ देखे जाते हैं। खासकर तब, जब मायावती जैसी राजनीतिक शैली में सधी हुई नेता की ओर से यह संदेश आता है, जिनका विरोधी दलों के नेताओं को सार्वजनिक रूप से बधाई देना पहले सामान्य परंपरा का हिस्सा नहीं रहा है। कुछ सप्ताह पहले उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को भी जन्मदिन की बधाई दी थी, जिसे लेकर सियासी हलकों में हलचल और चर्चा तेज हो गई थी। अब राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर बधाई को लेकर भी राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं, हालांकि अधिकतर विश्लेषक इसे एक सामान्य शिष्टाचार के रूप में ही देख रहे हैं। फिर भी, मायावती की यह बदली हुई सार्वजनिक भाषा और प्रतिपक्षी नेताओं के प्रति बढ़ती शिष्टाचारपूर्ण सक्रियता को राजनीति में एक नए प्रकार के संवाद की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। यह स्पष्ट है कि भारतीय राजनीति की शैली में बदलाव की बयार है, और उसमें मायावती भी अब कुछ बदली हुई लय के साथ दिखाई दे रही हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लोगों को बताए बीमारी के लक्षण और बचाव के तरीके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिला कृषि अधिकारी ने चूहा और छछूंदर से होने वाली बीमारियों के बारे में जिले के लोगों का अवगत कराया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिवशंकर ने बताया कि वेक्टर जनित तथा संक्रामक रोगों के संचार हेतु अन्य कारकों के साथ-साथ चूहा एवं छछूंदर भी उत्तरदायी हैं। चूहा, छछूंदर से मनुष्यों में होने वाले रोगों एवं मानवीय जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से बचाव/रोकथाम करना अतिआवश्यक है। चूहों से लेप्टोस्पाइरोसिस बीमारी फैलती है। इसे रैट फीवर भी कहा जाता है। यह बीमारी चूहा/छछूंदर के मूत्र में पाये जाने वाले लेप्टोइसपाइरा नामक प्रजति के वैक्टीरिया से सम्पर्क जैसे दूषित पानी, मिटी या दूषित भोजन के प्रयोग करने तथा त्वचा पर कोई घाव या खरोंच होने के कारण यह वैक्टीरिया शरीर में प्रवेश कर जाता है। इससे तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द तथा त्वचा व आंखे पीली पड़ जाती है, बीमारी की गम्भीर स्थिति में गुर्दे की विफलता तथा फेफड़ों से रक्तस्राव भी होता है। ऐसा लक्षण दिखने पर तुरंत डाक्टर से सलाह लें। स्क्रब टाइफस जैसी बीमारी भी फैलती है। यह बीमारी ओरेंटिया त्सु सुगामी नामक जीवाणु के कारण होता है। इसमें चूहे/छछूंदर के बालों में मौजूद पिस्सू (माइटस) के काटने से स्क्रब टाइफस बैक्टीरिया मनुष्य के शरीर में पहुंच जाता है। इससे तेज बुखार, सिर दर्द, ठण्ड लगना, आंखों में संक्रमण, त्वचा पर चकत्ते पड़ना। जब ये माइट काटती है तो वहा की त्वचा की पपड़ी काले रंग की होने के बाद उतरने लगती है। इन लक्षणों के दृष्टिगोचर होने पर तुरन्त चिकित्सक से सलाह लें। उन्होंने कहा कि चूहों की संख्या को नियंत्रित करने के लिये अन्न भण्डारण पक्का, कंकरीट तथा धातु से बने पात्रों में करना चाहिए। चूहे अपना बिल, झाड़ियों कूडों आदि में स्थायी रूप से बनाते हैं। खेतों का समय समय पर निरीक्षण एवं साफ सफाई करके इनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है। चूहेदानी का प्रयोग करके उसमें आकर्षण चारा जैसे रोटी, डबल रोटी, बिस्किट आदि रखकर चूहों को फसाकर मार देने से इनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है। घरों मे ब्रोमोडियोलान 0.005 प्रतिशत रसायन के बने चारे की 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिन्दा बिल में रखने से चूहे उसको खाकर मर जाते है। एल्यूमिनियम फास्फाइड दवा की 3-4 ग्राम मात्रा प्रति जिन्दा बिल में डालकर बन्द कर देने से उससे निकलने वाली फास्फीन गैस से चूहे मर जाते है। रसायन के प्रयोग के दौरान घर में रखी खाद्य सामग्री इत्यादि को ढक कर रखें। चूहा नियंत्रण हेतु रसायनों का प्रयोग करते समय दस्ताने/मास्क का प्रयोग करें।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मिलेगा दांतों का हाईटेक इलाजः ब्रजेश पाठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में दंत चिकित्सा को सुलभ और आधुनिक बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के बावन जनपदों के एक सौ पचासी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अत्याधुनिक डेंटल चेयर स्थापित की जाएंगी। इसके लिए पांच करोड़ अठारह लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

एक डेंटल चेयर की लागत लगभग दो लाख अस्सी हजार रुपये निर्धारित की गई है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जानकारी दी कि आगरा और अमरोहा में छह-छह, बदायूं, बरेली, बुलन्दशहर, अलीगढ़, भदोही, बलिया, कानपुर नगर और सम्भल में चार-चार, अयोध्या और जौनपुर में ग्यारह-ग्यारह, आजमगढ़ और प्रयागराज में आठ-आठ, मेरठ में दस, कानपुर देहात में सात, सीतापुर में ग्यारह, कन्नौज, बहराइच, बिजनौर और प्रतापगढ़ में पांच-पांच, बस्ती, कौशांबी, सुल्तानपुर, शामली, मिर्जापुर और उन्नाव में तीन-तीन तथा चन्दौली, देवरिया, इटावा, मुजफ्फरनगर, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, रायबरेली, झांसी, ललितपुर, महराजगंज, मऊ, अमेठी, चित्रकूट, गोरखपुर, हापुड़, हरदोई, औरैया, कासगंज, सहारनपुर, शाहजहांपुर, बागपत, मुरादाबाद व श्रावस्ती में एक-एक सीएचसी पर डेंटल चेयर स्थापित की जाएगी। डिप्टी सीएम ने बताया कि लखनऊ स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में चिकित्सा शिक्षा और सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु इस वित्तीय वर्ष में दो सौ पचास करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अब तक एक सौ इकतीस प्रकार के चिकित्सकीय उपकरण लगाए जा चुके हैं, जबकि इक्यावन प्रकार के उपकरणों की स्थापना प्रक्रिया में है। शेष इकतालीस उपकरणों की खरीद की स्वीकृति दी गई है और उन्हें जल्द स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान को भी आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है।

# बच्चों के विकास के लिए सभी का सहयोग जरूरी

## गंगा शिक्षा यात्रा सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में गंगा परियोजना शिक्षा यात्रा के अंतर्गत ग्राम हैबतपुर चौधरियान स्थित प्राइमरी विद्यालय में एक भव्य संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पुस्तक प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विविध प्रतियोगिताओं के साथ हुई। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि "बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समाज, शिक्षक और प्रशासन को मिलकर कार्य करना होगा। पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों को जागरूक करना आज की आवश्यकता है और इसमें शिक्षक अहम भूमिका निभा सकते हैं।" कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. यतींद्र कटारिया, हरिओम त्रिवेदी, कुलदीप त्यागी, योगेश चौधरी और त्रिलोक कुमार को शिक्षा मंत्रालय की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन डॉ. यतींद्र कटारिया ने 'गंगा कहानी' व पर्यावरण संरक्षण पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसने सभी उपस्थितजनों को प्रेरित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश चौधरी के नेतृत्व में नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र के साथ सम्मान किया गया।

# हरियाणा में गुर्जर समाज का उत्पीड़न बंद करे भाजपा

## गुर्जर महासभा ने कलक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष मलखान सिंह गुर्जर ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार समाज का खुलेआम उत्पीड़न कर रही है। उनके घरों को जंगल की जमीन बताकर तोड़ा जा रहा है। आने वाले वक्त में समाज के लोग इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

गुरूवार को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष मलखान सिंह गुर्जर ने कहा कि हरियाणा राज्य के आनंदपुर गांव में रहने वाले गुर्जर समाज के लोगों को वहां की भाजपा सरकार खुलेआम उत्पीड़न कर रही है। उनके घरों में जंगल की जमीन बताकर तोड़ा जा रहा है। ओमकार सिंह गुर्जर ने कहा कि भाजपा पूरे देश में दमनकारी नीति अपना रही है। अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को डंडे के जोर पर दबा रही है। रामचन्द्र गुर्जर ने कहा कि समाज को बचाने के लिये संगठन द्वारा हर स्तर की लड़ाई लड़ी जायेगी। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलक्ट्रेट में सौंपा गया। इस मौके पर ओमकार कटारिया, विनोद कुमार, कमल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र बिढूंड़ी, मंगल सिंह, सतीश गुर्जर, इकबाल सिंह शामिल रहे।

# दुष्कर्म के प्रयास में परचून विक्रेता पर मुकदमा

## नाबालिग से किया था प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पुलिस ने परचून विक्रेता के खिलाफ नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास में मुकदमा दर्ज किया है।

नगर के मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति घर पर ही परचून की दुकान करता है। बुधवार को परचून विक्रेता ने पड़ोस में रहने वाली 11 वर्षीय युवती को घर बुला लिया। उसके बाद परचून विक्रेता ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पड़ोसियों ने परिवार के लोगों को बताया तो वह वहां पहुंच गये देखा तो आरोपी घटना को अंजाम दे रहा था। नाबालिक के साथ रेप की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सीओ दीप कुमार पंत व कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने आरोपी फैयाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। 11 वर्षीय पीड़ित छात्रा कक्षा 4 में पढ़ती है। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है।

# अवैध कब्जों पर गरजा पालिका का बुलडोजर

## कांवड़ यात्रा से पहले सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सावन माह में शुरू होने वाली पवित्र कांवड़ यात्रा को देखते हुए नगर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। गुरुवार को नगर के मुख्य मार्गोंख्रबाईपास रोड से लेकर महादेव चुंगी तकख्रअस्थायी अतिक्रमण पर पालिका प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में पालिका कर्मचारियों की टीम और पुलिस बल ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, जिसमें कई अस्थायी ढांचों पर बुलडोजर चलाया गया। अधिशासी अधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि सावन माह में नगर में किसी भी कांवड़िए को कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर सफाई प्रभारी विशाल शर्मा को विशेष निर्देश दिए गए हैं। प्रतिदिन नगर में सफाई, जल छिड़काव और मार्गों को व्यवस्थित बनाए रखने का आदेश जारी किया गया है। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभियान के दौरान पालिका कर्मचारी, पुलिस बल व अन्य संबंधित अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन की इस सख्ती से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है।

# होमगार्ड से सिपाही ने ठगे 28 हजार रूपये

## अधिकारियों से रकम दिलाने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली कोतवाली में तैनात होमगार्ड से 28 हजार की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने सिपाही पर आरोप लगाते अधिकारियों से रकम वापस दिलाने की गुहार लगायी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना निवासी जयपाल सिंह कोतवाली में होमगार्ड के पद पर तैनात है। उसके पास एक फर्जी सिपाही ने फोन कर 28 हजार रूपये की डिमांड की। जिस पर जयपाल ने उसके बताए नम्बर पर पैसे ट्रांसफर कर दिये। बताया जाता है कि रजबपुर थाने में तैनात सिपाही पुष्पेन्द्र ने होमगार्ड से रकम मांगी थी। होमगार्ड का आरोप है कि जब उसने सिपाही से पैसे के बारे में पूछा तो उसने इससे साफ इंकार कर दिया। जिससे होमगार्ड के होश उड़ गये तथा उसने अधिकारयिों को पूरा मामला बताते मामले की जानकारी देते रकम वापस दिलाने की गुहार लगायी है।

## एक नजर

### शराबियों ने भाई का सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** शराबी ने भाई के सिर में ईट मारकर घायल कर दिया। जिसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा की है। बताया जाता है कि यहां के रहने वाले वीरेन्द्र व कालू आये दिन शराब के नशे में गांव में गाली गलौच करते रहते हैं। आज वह फिर शराब पीकर घर पहुंचे तथा परिवार में विवाद करने लगे। जब भाई किरतपाल ने उनका विरोध किया तो उसके सिर में ईट मारकर घायल कर दिया गया। इतना ही नहीं आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये।

### 18 शहीदों की याद में जुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** नगर मे रात इमामबारगाह दादे वाले से अठ्ठारह बनी हाशिम का जुलूस बरामद हुआ। जिसमे कर्बला मे शहीद हुए हाशमी खानदान के 18 शहीदों के शबीहे ताबूत शामिल थे। सर्वप्रथम इमामबारगाह पीर जी मुस्तकीम अली मे मजलिस हुई जिसका आगाज मर्सियाखुवानी से डॉ. लईक हैदर और हमनवा ने किया। मजलिस को सिरसी से तशरीफ लाये मौलाना मीसम अब्बास जैदी मुजफ्फरनगरी ने खिताब करते हुए कहा कि 10 मुहर्रम को कर्बला के मैदान मे रसूल के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनके 71 साथियों की शहादत हुई थी। जिसमे 18 शहीद हाशमी खानदान के थे। जालिम यजीद ने कर्बला के मैदान मे इमाम हुसैन और उनके साथियों को बड़ी बेदर्दी के साथ तीन दिन का भूखा प्यासा कत्ल कर दिया था। और उनकी लाशों पर घोड़ों को दौड़ाया था द्य काफी दिनों के बाद बनी असद के लोगों ने इनको दफन किया था। कर्बला का दर्दनाक मन्जर सुनकर सबकी आंखे नम हो गयी और मातम हुआ। नोहे नवबुल हसन, मुहम्मद हैदर ने पढ़े। इस मौके पर काफी तादाद मे अजादार मौजूद रहे।

### पर्यावरण बचाने को लगाए पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** एक पौधा मां के नाम अभियान के अन्तर्गत गांव डिडौली में खंड विकास अधिकारी ने कब्रिस्तान की भूमि, शिव मन्दिर व शमशान घाट में वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए हम सभी को पौधे रोपने चाहिए तथा पौधों का भी बच्चों की तरह पालन पोषण करें। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के एक हजार पौधे लगाये गये। इस मौके पर बीडीओ लोकचंद आनन्द, कंचन सिंह, डा. रेहान, आलोक कुमार, आत्मानन्द सरस्वती, ग्राम प्रधान महीपाल सिंह, पूजा तोमर, छत्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से यूजर चार्ज वसूलेगी पालिका

## एक अगस्त से होगा लागू शुल्क



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि एक अगस्त से पालिका द्वारा घरों व व्यवासयिक प्रतिष्ठानों से यूजर चार्ज वसूला जायेगा।

नगर पालिका सभागार में होटल संचालकों, ढावा स्वामियों, मैरिज हाल, रेस्टोरेंट आदि के संचालको की बैठक हुई। जिसमें ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि नगर पालिका द्वारा अवासीय एवं अनावासीय भवनों से कूड़ा उठाने का शुल्क तय कर दिया गया है। जिसे एक अगस्त से लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मैरिज हाल में होने वाले कार्यक्रम में प्रतिबंधित एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पूर्णरूप से बंद रहेगा। एक लीटर से कम वजन की पानी की बोतल भी प्रतिबंधित रहेगी। कार्यक्रम के बाद सड़क पर कूड़ा नहीं डाला जायेगा। पालिका वाहन मौके पर पहुंचकर कूड़ा उठायेगा। इसके अलावा सरकारी कार्यालय, स्कूल, कालेज, मेडिकल स्टोर, वाहन सर्विस सेंटर, मेला प्रदर्शनी, शोरूम, पेट्रोल पम्प आदि पर भी प्रतिदन की दर से यूजर चार्ज लगाया गया है। ईओ ने कहा कि सभी को नगर को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग देना चाहिये। इसी व्यवस्था के अन्तर्गत निकायों की बड़ी भूमिका निर्धारित की गई है। सफाई व्यवस्था में भी काफी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नगर के साथ देश को स्वच्छ बनाने में हम सभी का सहयोग जरूरी है।

# कांवड़ यात्रा में सहयोग दें ग्राम प्रधान: डीएम

## अभियान चलाकर कराएं मंदिरों की सफाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि ग्राम प्रधान कांवड़ यात्रा में अपना पूर्ण सहयोग दें। मंदिरों में बेहर सफाई व्यवस्था कराई जाये।

कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कांवड़ यात्रा में सड़क पर पड़ने वाले गांवों के ग्राम प्रधानों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि शुक्रवार से कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। जो पूरे माह चलेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान जो गांव कांवड़ियों के रास्ते में पड़ते है वहां ग्राम प्रधान पूरी तरह सचेत रहे। यदि कोई घटना होती है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में ग्राम प्रधानों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने आह्वान करते कहा कि वह अपने क्षेत्रों में पढ़ने वाले मंदिरों की सफाई विशेष अभियान चलाकर करें। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिये सर्तकता बरते। उन्होंने शिविर में डिस्पोजल सामग्री के निस्तारण का आह्वान किया। जबकि अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि वह कांवड़ पथ पर पड़ने वाले सभी खंभों पर लाइट लगवाये। शिविर में विद्युत सुरक्षा की जांच की जाये। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# कांवर यात्रा को अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सावन कांवड़ यात्रा के मार्ग का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा जरूरी दिशा निर्देश दिये गये हैं।

शुक्रवार से शिव भक्त कांवड़िये सावन के माह में पवित्र गंगा जल लेने के लिए हरिद्वार वह ब्रजघाट समेत कई पूजनीय घाटों से गंगाजल लाने के लिए की यात्रा करेंगे। कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने इसके लिए कमर कस ली है। एसडीम पुष्कर नाथ चौधरी सीओ दीप कुमार पंत कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने कांवड़ यात्रा के मार्गों का निरीक्षण किया। हसनपुर तहसील क्षेत्र से सावन के महीने में पवित्र गंगा जल लेने के लिए हजारों की संख्या में शिव भक्त जाते हैं। कांवड़ यात्रा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो जाये इसके लिए रोड डायवर्ड भी किया जाता है। कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक तरीके से संपर्क कराने के लिए कर्मचारी एवं अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। मुख्य मार्गो पर ई रिक्शा का संचालन भी बंद रहेगा।

# सर्वेश बने सब्जी मंडी यूनियन के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सब्जी मंडी यूनियन के सर्वेश सैनी अध्यक्ष चुने गये। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को 31 वोटों से हराया।

गुरूवार को सब्जी मंडी यूनियन का चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद के लिये सपा व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष सर्वेश सैनी समेत दो प्रत्याशी मैदान में थे। चुनाव में कुल 74 मत पड़े। जिसमें सर्वेश सैनी को 43 मिले। उन्होंने दूसरे प्रत्याशी का 12 से हराया। सर्वेश सैनी को अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि वह व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी हाल में नहीं होने दिया जायेगा। वह उनकी आवाज को प्रमुखता के साथ उठायेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को जब भी उनकी जरूरत होगी वह निस्वार्थ भाव से खड़े मिलेंगे। यूनियन के किसी भी पदाधिकारी को शोषण नहीं होने दिया जायेगा।

# धरने की सफलता को बनाई रणनीति

**अमरोहा।** पेंशनर्स एसोसिएशन ने 15 जुलाई को होने वाले धरने प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति बनाई। अध्यक्ष ने कहा कि वह अपनी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे। कोषागार स्थित पेंशनर्स कक्ष में एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें अध्यक्ष अनूप सिंह पैसल ने कहा कि उनका संगठन काफी समय से आठवें वेतन आयोग की नियुक्ति की मांग कर रहा है। जिसे लेकर पूर्व में एक धरना प्रदर्शन किया गया था। लेकिन आज तक उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। जिसके विरोध में 15 जुलाई को कलक्ट्रेट मे धरना दिया जायेगा। बैठक में राजेन्द्र सिंह, शिशुपाल सिंह, मुकेश चौधरी, अमीपाल सिंह, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# एमएसएमई मंत्री राकेश सचान का अभिनंदन



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** प्रदेश सरकार में एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग केबिनेट मंत्री राकेश सचान का दिल्ली से आते समय चौपला चौराहे पर बुके देकर अभिनंदन किया गया।

बृहस्पतिवार की दोपहर साढ़े तीन बजे एमएसएमई मंत्री राकेश सचान गजरौला से गुजरे। उनके यहां पर आगमन की सूचना मिलने पर उपायुक्त उद्योग शैलैंद्र कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक उद्योग दीप नारायण सिंह के साथ ही जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड गजरौला में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित एवं सीएल गुप्ता फर्म में सीएचआरओ विजय प्रकाश पांडेय आदि ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# स्कूल में छात्र-छात्राओं से धुलवाए जूठे बर्तन

## वीडियो वायरल होने से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं के द्वारा झूठे बर्तन धोने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद मामले में अधिकारी जांच के बाद कार्यवाही की बात कह रहे हैं।

बता दें कि वायरल वीडियो गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव बिहारीपुर के प्राथमिक विद्यालय का है। यहां छात्र-छात्राओं के द्वारा विद्यालय में स्थित हेड पंप पर मिड डे मील के झूठे बर्तन धोते हुए नजर आ रहे हैं। जिससे प्रतीत होता है कि विद्यालय में बाल अधिकारों का हनन किया जा रहा है। वहीं,वीडियो वायरल होने के बाद सरकारी स्कूलों पर एक सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार द्वारा बताया गया कि वायरल वीडियो का मामला जानकारी में है। जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# चोरी का कटरा घर से बरामद

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी टेकचंद की पत्नी राजवती अपने बच्चों के साथ गुरुवार को जंगल से भैंसा बुग्गी लेकर चारा लेने गई थी। इस दौरान उसने गंगा एक्सप्रेसवे के नजदीक बुग्गी को खड़ा करके भैंसें को बांध दिया। और बच्चों के साथ खेत से चारा काटने लगी। इसी दौरान चोर ने भैंसे को चोरी कर लिया। जब राजवती भैंसा बुग्गी के नजदीक पहुंची तो भैंसा गायब देख उसके होश उड़ गये। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना अपने पति को दी। इसके बाद भेसे की तलाश शुरू कर दी गई। काफी देर की मस्क्कत के बाद पड़ोस के गांव पिपलौती कलां में एक घर से भैंसा बरामद कर लिया गया। पूछताछ पर घर के मालिक ने बताया कि उसने यह भैंसा आज ही 27 हजार रुपए रुपए में खरीदा है। इसके बाद वह लोग चोर के घर पहुंच गए और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी को कोतवाली ले आई द्य पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

# झोलाछाप के इलाज से बिगड़ी महिला की हालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** झोलाछाप चिकित्सक के उपचार से गर्भवती महिला के हालात बिगड़ गई।

रहरा थाना क्षेत्र के ग्राम पौरारा निवासी रवि कुमार की पत्नी अंशु के साथ एक चिकित्सक द्वारा लापरवाही का मामला सामने आया है। 8 माह की गर्भवती अंशु को मामूली खांसी और हल्का बुखार था। 1 जुलाई 2025 को शाम 5 बजे वह अपने पति के साथ गांव में स्थित एक प्राइवेट चिकित्सक के पास पहुंची। जहां झोलाछाप चिकित्सक ने मना करने के बावजूद महिला को बोतल लगा दी। उन्होंने कहा कि वह पूरी जिम्मेदारी लेते हैं और गर्भवती महिला को कोई परेशानी नहीं होगी। बोतल का केवल एक-चौथाई हिस्सा चढ़ने के 10 मिनट बाद ही महिला की हालत बिगड़ने लगी। उसके मुंह से झाग आने लगा और मुंह टेढ़ा होने लगा। परिजनों के कहने पर बोतल हटाने के बाद झोलाछाप चिकित्सक ने मरीज को कहीं और ले जाने को कह दिया। जब पति ने जिम्मेदारी की बात की तो झोलाछाप चिकित्सक ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया और धमकी दी। उन्होंने कहा कि वह सीएमओ तक को पैसे देते हैं और उनसे नहीं डरते। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनकी मांग है कि क्लिनिक की जांच की जाये।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गजरौला जनपद अमरोहा**

पत्रांक :- 550 / न०पा०प०ग० / अ०का०नि०सू०-2025 दिनाँक : 09 जुलाई, 2025

**अति-अल्पकालिन कुटेशन सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, गजरौला में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न परियोजनाओं की डी०पी०आर० एवं नक्शा तैयार करने हेतु अनुभवी वास्तुकार/आर्किटेक्ट से दिनाँक 10/07/2025 से दिनाँक 18/07/2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक सीलबन्द कुटेशन आमंत्रित की जाती है, प्राप्त सभी दर निविदाओं को उसी दिन अपरान्ह 04.00 बजे अध्यक्ष महोदया /अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु जी०एस०टी०, पैन कार्ड, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण-पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष महोदया / अधिशासी अधिकारी के पास सुरक्षित है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में आकर प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गजरौला

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गजरौला

# हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर आनुष्ठानिक कार्यक्रम की व्यस्तता के बावजूद जनता दर्शन का आयोजन किया।

उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवे. दनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। गुरुवार सुबह गुरु पूर्णिमा पूजन के बाद गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाक. ात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त



किया कि किसी को भी घबराने करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

## सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सिकरारा क्षेत्र में रायबरेली जौनपुर राजमार्ग पर भवानीपुर मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोगों की बीती देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बुधवार की देर शाम एक टेंपो चालक सवारी लेकर मछलीशहर से सिकरारा की तरफ जा रहा था। रास्ते में सिकरारा थाना क्षेत्र में भवानीपुर गांव के मोड़ के पास दो युवतियां उतरीं। बताया जा रहा है कि एक युवती को सड़क पार कराने के लिए दूसरी युवती उतरी थी। वह सड़क पार करा रही थी, तभी सिकरारा की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने एक युवती श्वेता कुमारी (25) को टक्कर मार दी और खुद भी सड़क पर गिर पड़ा। दुर्घटना में घायल श्वेता के अलावा बाइक सवार सौरभ (26) और रामपाल चौहान (58) गंभीर रूप से घायल हो गए।

# विपक्ष हारने लगता है, तब लगाता है चुनाव आयोग पर आरोप : अपर्णा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि विपक्ष जब हारने लगता है तब वह चुनाव आयोग पर अनर्गल आरोप लगाता है।

इटावा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने लखनऊ से आई श्रीमती अपर्णा यादव ने पत्रकारों से बात. चीत में कहा कि बिहार में मतदाता सूची में हो रहे संशोधन के मामले में विपक्ष की ओर से आवाज उठाई जा रही है।

जब वे चुनाव में हारने लगते हैं, तब चुनाव आयोग पर आरोप लगाने लगते हैं। मतदाता सूची में संशोधन का काम सही तरीके से किया जा रहा है। उन्होने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की ही जीत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास का जो नारा दिया था वह सभी की पसंद बन गया है और लोग भाजपा के कार्यों को पसंद कर रहे है। बिहार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा गठबंधन एक बार फिर चुनाव जीतकर सरकार बनाएगा। श्रीमती यादव ने यहां पौधारोपण अभियान में सिंदूर का पौधा लगाया और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जांबाजों को नमन करने के लिए उन्होंने सिंदूर का पौधा लगाया है इसके साथ ही आज ही उनकी सासू मां की पुण्यतिथि भी है इसलिए उन्होंने यह पौधा अपनी सासू मां को भी समर्पित किया है। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी पार्टियों के लगातार सरकार पर वोटरों के नाम छिपे जंग को अपर्णा यादव ने कहा हमारी सरकार का एक ही नारा है सबका साथ सबका विकास और इसी के तहत हमारी डबल इंजन की सरकार काम कर रही है।

विपक्ष का काम सत्ता में मौजूद सरकार पर निशाना साधना है तो वह यह काम कर रहे हैं। लेकिन बिहार की जनता हमारी पार्टी की सरकार बनाने जा रही है। महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने इटावा के बहुचर्चित कथावाचक अपमान कांड पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस इलाके में यादव बाहुल्य हो उस इलाके में यादव कथा वाचकों का अपमान अपने आप में संदेह प्रकट कर रहा है,ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह विपक्ष की साजिश हों सकती है इसकी जांच की बड़ी जरूरत है।

## सगी बहन का गला घोंटा, भाई भाभी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में ऑनरकिलिंग की एक घटना में राजेपुर क्षेत्र की पुलिस ने सगी बहन की हत्या के मामले में भाई- भाभी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने बताया कि कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटबनगली निवासी कीर्ति (25) का प्रेम प्रसंग पड़ोस के ही किसी लड़के के साथ चल रहा था। इसे लेकर उसका अभिषेक और भाभी सरिता लचतित थे। काफी समझाने के बावजूद कीर्ति के न मानने पर भाई भाभी ने पांच और छह जुलाई की रात गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी।

# वकीलों के चैंबर में अनाधिकृत विवाह केंद्र चलाने पर हाईकोर्ट सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ जिला न्यायालय के वकीलों के चैंबर में अनधिकृत विवाह केंद्र चलाने पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान अनधिकृत विवाह केंद्र चलाने का खुलासा होने पर दो वकीलों की चैंबर से बेदखली समेत उनके खिलाफ आपराधिक कारवाई शुरू करने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश एक महिला द्वारा कथित रूप से दाखिल याचिका पर दिया। याचिका में महिला और उसके कथित पति को याची बनाया गया था। याची कथित पति अरुण कुमार यादव ने दावा किया कि उसने महिला से लखनऊ के जनपद न्यायालय परिसर स्थित वकीलों के चैंबर नंबर 31 में विवाह किया।कहा कि इससे क्षुब्ध होकर महिला के घरवाले उसे परेशान कर रहे है। ऐसे में अरुण ने कोर्ट से सुरक्षा मुहैया कराने की गुहार लगाई। उधर, पेश हुए महिला के वकील ने कोर्ट को बताया कि महिला ने याचिका दाखिल करने को अधिकृत नहीं किया था, और न ही महिला ने अरुण कुमार से विवाह किया था। महिला ने कहा कि मौजूदा समय वह अपने पिता के घर रह रही है, इसकी तस्दीक महिला के पिता ने भी की। इस पर कोर्ट ने संज्ञान लिया कि याचिका के साथ दाखिल वकालतना मे और शपथपत्र पर अरुण कुमार से कथित रूप से हस्ताक्षर किए थे। इसपर कोर्ट ने 8




जुलाई को वजीरगंज थाने की पुलिस को विवाह केंद्र वाले चैंबर का निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश पर इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश कुमार त्रिपाठी, चैंबर नंबर 31 के फोटोग्राफ के साथ पेश हुए। फोटो में दिख रहा था कि चैंबर को विवाह की थीम पर फूलों से सजाया गया था। वहां पर विवाह करने के और इंतजाम भी दिखाई दिए। चैंबर में विवाह करने वाले जोड़ों को प्रगतिशील हिंदू समाज न्यास नाम से विवाह प्रमाणपत्र भी जारी किए जा रहे थे। चैंबर पर ब्रह्मास्त्र लीगल एसोसिएट्स नाम का बोर्ड लगा है और उसपर दो वकीलों राघवेंद्र मिश्रा उर्फ हिंदू व विपिन चौरसिया के नाम और मोबाइल नंबर लिखें हैं। इसपर कोर्ट सख्त नाराज हुआ कि इस ट्रस्ट के जरिए किस हैसियत से अनधिकृत विवाह केंद्र से विवाह संस्कार पत्र जारी किए जा रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि चैंबर में हिंदू विवाह के लिए आवश्यक सप्तपदी रस्म के लिए अग्नि समेत अन्य सां. सारिक चीजें वहां नहीं हैं। इससे चैंबर काफी संदिग्ध हो जाता है। कोर्ट ने कथित फर्जीवाड़े के इस मामले में अरुण कुमार के खिलाफ शपथ पर झूंठा साक्ष्य देने की अपराधिक कानूनी कारवाई शुरू करने का निर्देश देकर मामले को संबंधित मजिस्ट्रेट को संदर्भित कर दिया। चूंकि, याचिका महिला की सहमति के बगैर दाखिल की गई।

## एक नजर

### विवाहिता ने फांसी लगाई, दहेज उत्पीड़न का आरोप

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती जिले के सिरसिया क्षेत्र में एक विवाहिता का शव उसके कमरे में फंदे से लटकता हुआ पाया गया। मृतका की पहचान सुनैना (19) के रूप में हुई है, जिसका विवाह एक साल पहले पंडित पुरवा के गैण्डीह निवासी बाबूराम के 28 वर्षीय पुत्र रंजीत से हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही सिरसिया पुलिस और फॉरेंसिक टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि सुनैना की ससुराल वाले उससे लगातार दहेज की अतिरिक्त मांग कर रहे थे और मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट करते थे। मृतका के पिता, केशवराम, ने बताया कि जब वे खेत में काम कर रहे थे, तभी उन्हें ससुराल से फोन आया और उनकी बेटी की मौत की सूचना दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उन्हें यह नहीं बताया कि उनकी बेटी की मौत कैसे हुई, केवल इतना बताया कि उसने फांसी लगा ली है। केशवराम ने बताया कि उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार शादी में दहेज दिया था, लेकिन इसके बावजूद उनकी बेटी के साथ ससुराल में मारपीट की जाती थी और उससे लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी। मायके पक्ष ने इस मामले में गहन जांच की मांग की है। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए सिरसिया पुलिस ने बताया कि वे सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### दोहरे हत्याकांड का खुलासा पांच गिरफ्तार

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश में कुशीनगर के तमकुहीराज क्षेत्र में दो जुलाई को हुये दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुये पुलिस ने दो बाल अपचारियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि तमकुहीराज क्षेत्रांतर्गत ग्राम परसौन के एक बाग में एक 15 वर्षीय बालि. का व 19 वर्षीय युवक का शव मिला था। इस घटना के अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज के नेतृत्व में पुलिस की कई टीमें गठित की गई थी। जिसके क्रम में थाना तमकुहीराज तथा स्वाट की संयुक्त टीम ने घटना का खुलासा करते हुए घटना में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार तथा दो बाल अपचारियों अभिरक्षा में लिया। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि मृतक राहुल निषाद और मृतका आशू कुशवाहा के बीच काफी दिनों से प्रेम संबंध था जिसकी जानकारी लड़की के घर वालो को हुई। राहुल निषाद को लड़की के घर वालो द्वारा लड़की (आशू) से दूर रहने की हिदायद दी गई थी। पिछले महीने दोनों को लड़की के घर वालों ने मिलते जुलते पकड़ लिया। इसके सम्बन्ध में गांव में पंचायत हुई थी जिसमें सिकंदर(लडकी का चचेरा भाई) ने राहुल को जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होने बताया कि 30/01 जुलाई की रात्रि को गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में सिकन्दर ने दोनों को एक साथ देख लिया था और आक्रोशित होकर सिकदंर ,रामदेव (मृतका के पिता) और रामदुलारी(मृतका की भाभी) ने मिलकर लड़की आशु की हत्या कर दी। इसी आवेश में सभी लोगों ने योजना बनाकर उसी दिन शाम को राहुल निषाद को बुलाकर उसकी भी हत्या कर दी और रात के अन्धेरा व सुनसान का फायदा उठाते हुए दोनों के शव को बगीचे में ले जाकर आत्महत्या का रुप देने के उद्देश्य से दोनों के शव को रस्सी से बांध कर पेड़ से लटका दिया।

### अराजक तत्वों ने खंडित की अम्बेडकर प्रतिमा, दो हिरासत में

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में अराजक तत्वों ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ-भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को खंडित कर अशांति फैलाने का असफल प्रयास किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम कटबंध उर्फ बनकटवा में स्थापित अंबेडकर प्रतिमा का एक हाथ बीती रात कुछ अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। बुधवार सुबह खंडित प्रतिमा देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे कोतवाली खलीलाबाद के इंस्पेक्टर पंकज कुमार पाण्डेय ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। इंस्पेक्टर ने अपरा]न दो बजे डॉ- अम्बेडकर की मूर्ति के टूटे हुए हाथ को सही कराया। इसके बाद अराजक तत्वों की खोजबीन में जुट गई। इस संबंध में गांव के ही एक व्यक्ति ने चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने यहां बताया कि पुलिस को दी गई तहरीर में थाना कोतवाली खलीलाबाद के ग्राम कटबंध उर्फ बनकटवा निवासी उमाशंकर ने कहा है कि गांव में बाबा साहव डॉ- भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित है। बीती रात में 11 से 12 बजे के बीच में कुछ लोगों द्वारा अम्बेडकर मूर्ति का एक हाथ तोड़ दिया गया। इससे गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद गांव में पहुंचे थाना कोतवाली खलीलाबाद के इंस्पेक्टर पंकज कुमार पाण्डेय ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में चार नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर मिली है। उन्होंने बताया कि दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### राम की नगरी में शिव भक्त कांवड़ियों के लिए विशेष इंतजाम

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में कांवडियों एवं श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर सुरक्षा और सुविधा के चाक चौबंद इंतजाम किये गए है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने गुरुवार को बताया कि अयोध्या में कांवडियों के आगमन के पहले से ही शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है। श्रावण मास में लाखों कांवडियों की भीड़ अयोध्या में आना संभावित है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से सम्बन्धित थाना चौकी और पुलिस अधिकारियों व उप जिला मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर भ्रमणशील रहकर शांति एवं सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं।

# कार्बन क्रेडिट फाइनेंस योजना किसानों के लिए बनी अतिरिक्त आय का श्रोत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की कार्बन क्रेडिट फाइनेंस योजना पर्यावरण सरंक्षण के साथ साथ किसानों के लिए अतिरिक्त आय क्‌ा ेत भी बन रही है। उत्तर प्रदेश में यह योजना द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के सहयोग से चलाई जा रही है,

जिसके तहत वातावरण से एक टन कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य ग्रीनहाउस गैसों को अवशोषित करने पर एक कार्बन क्रेडिट प्रदान किया जाता है। किसान इस योजना से प्रत्येक पेड़ से 250 से 350 रुपये की धनराशि प्राप्त कर सकते हैं, जो पेड़ की कीमत के अतिरिक्त आय होगी। यह न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा। केंद्र सरकार ने वर्ष 2070 तक देश को कार्बन न्यूट्रल बनाने का लक्ष्य रखा है और यह योजना उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि इस योजना के तहत अब तक 244 लाभार्थी किसानों को 49.55 लाख रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है, वर्तमान में 401 किसानों को 25. 45 लाख रुपये की धनराशि वितरित करने की प्रक्रिया की शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम में पौधरोपण महाभियान कार्यक्रम के दौरान लाभान्वित किसानों को चेक वितरण कर की। उत्तर प्रदेश कार्बन क्रेडिट फाइनेंस योजना को लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। योजना के प्रथम चरण में गोरखपुर, बरेली, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद और सहारनपुर मंडलों के किसानों को शामिल किया गया है। इन किसानों द्वारा कृषि वानिकी के तहत किए गए पौधारोपण से अनुमा. नित 42 लाख 19 हजार 369 कार्बन क्रेडिट अर्जित किए हैं। प्रत्येक कार्बन क्रेडिट के लिए छह डॉलर की दर से हर पांचवें वर्ष में धनराशि का वितरण किया जाता है। अब तक 244 लाभार्थी किसानों को 49.55 लाख रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है, जबकि 401 किसानों को 25.45 लाख रुपये की धनराशि वितरण की प्रक्रिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चेक वितरित कर शुरू की है। उन्होंने पौधरोपण महाभियान के दौरान अयोध्या धाम के कार्यक्रम में रामपुर की ममता पाल, सहारनपुर के रमन सिंह और मेरठ के मानपुरी गांव के किसान शिव कुमार को कार्बन क्रेडिट की धनराशि का वितरण कर सम्मानित किया।

# इंडिया कारपेट एक्सपो अब अक्टूबर में होगा आयोजित

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में कालीन नगरी भदोही में सितंबर माह में प्रस्तावित इंडिया कारपेट एक्सपो को विश्व पटल पर छाए युद्ध उन्माद के कारण एक माह के लिए टाल दिया गया। एक्सपो के टलने से कालीन के कारोबारियों की निराशा व्याप्त है। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) के वरिष्ठ प्रशासनिक समिति सदस्य असलम महबूब ने गुरुवार को यहां यूनीवार्ता को बताया कि कारपेट सिटी भदोही स्थित मेगा मार्ट में अगले 18 से 21 सितंबर के बीच अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले का आयोजन प्रस्तावित था। जिसके लिए विदेशी मेहमानों के निमंत्रण आदि की प्रक्रिया लगभग पूरी की जा चुकी थी। लेकिन अब यह 11 से 14 अक्तूबर को प्रस्तावित कर दिया गया है। उन्होने कहा कि ईरान-इजरायल, रूस-यूक्रेन के बीच तनाव और कतर आदि देशों में हालात ठीक नहीं होने से अधिकतर खरीदार सितंबर में भारत आने की स्थिति में नहीं हैं। वहीं पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा किए गए।

# दलित महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में दलित महिला के अपहरण और हत्या के आरोपी को पुलिस ने घटना के आठ महीने बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अनीता का पति रामराज मुंबई में रहकर मजदूरी करता था।

घर पर अनीता दो बच्चों के साथ रहती थी। उसका संबंध पड़ोसी गांव लोहाटी निवासी भूपसिंह यादव से हो गया 14 अक्टूबर 2024 को भूप सिंह अपने कुछ सहयोगियों की मदद से अनीता को भगा ले गया था। इसकी जानक. ारी मिलने पर रामराज मुंबई से घर लौटकर आया और अनीता के गायब होने की सूचना पुलिस को 24 अक्टूबर को दी। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर उसने 29 जनवरी 2025 को संबंधित थाना मोहब्बतपुर पइन्सा में दोबारा तहरीर दिया लेकिन दबंगों के दबाव के चलते रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। 18 जून को पुलिस ने रामराज की तहरीर पर भूप सिंह समेत चार लोगों के खिलाफ अनीता को गायब करने संबंधित रिपोर्ट दर्ज कर ली और मुख्य आरोपी भूप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। भूप सिंह अनीता को गायब करने तथा उसकी हत्या कर यमुना नदी में फेंक देने का जुर्म कबुल कर लिया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि भूप सिंह अनीता को फतेहपुर जनपद के खागा कस्बा में किराया का कमरा लेकर पति-पत्नी के रूप में रहते थे। भूप सिंह ने अपने ही जाति की लड़की से शादी तय कर लिया था।

# विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में उभर रही है 'रामजी' की अयोध्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** देश दुनिया के करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का पर्याय उत्तर प्रदेश की पावन नगरी अयोध्या केवल धार्मिक महत्व की प्रतीक ही नहीं बल्कि एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में उभर रही है। श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है।

इसी कड़ी में सरयू नदी के तट पर बन रहा सरयू रिवरफ्टं अयोध्या की खूबसूरती और सुविधाओं को और बढ़ाने जा रहा है। यह रिवर फ्टं श्रीराम मंदिर से जुडघ्र पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा। पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 23-46 करोड़ यपये लागत से सरयू रिवर फ्टं का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य अयोध्या को एक ऐसी नगरी के रूप में स्थापित करना है जहां श्रद्धालुओं और पर्यटक दोनों ही आध्यात्मिक और सौहार्दपूर्ण अनुभव प्राप्त कर सकें। रिवर फ्रंट के निर्माण कार्य में तेजी लायी गई है, जिसमें सीढिघें पर पत्थर लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त छतरियों के फाउंडेशन का कार्य भी प्रगति पर है, जो इस परियोजना को और भव्यता प्रदान करेगा। सरयू रिवरफ्टं का निर्माण न केवल सरयू नदी के तट को सुंदर बनाने के लिए है बल्कि यह पर्यटकों के लिए एक आधुनिक और सुविधाजनक स्थल के रूप में भी उभरेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस रिवरफ्टं पर श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान के साथ-साथ ध्यान, योग और अन्य आध्यात्मिक गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अलावा पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधायें जैसे बैठने की व्यवस्था, छायादार स्थल और सैर-सपाटे के लिए सुंदर पथ भी उपलब्ध होंगे। रिवरफ्टं का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि यह प्राकृतिक सौहार्द के साथ-साथ आध्यात्मिकता को भी संजोये रखेंगे।

## नीलगाय की टक्कर में चालक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बबराला।** बोलेरो कार नीलगाय से टकराने से कार चालक घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार को मेरठ बदायूं राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव जगन्नाथपुर के पास बोलेरो कार नीलगाय से टकरा गयी।कार में चालक अजीज पुत्र बुंदू निवासी बंजारे नगला थाना छतारी जिला बुलंदशहर,बदायूँ जिले के गांव दहगवां से वापस आ रहे थे।तभी गुन्नौर-जुनावई के बीच गांव जगन्नाथपुर के पास कार से नीलगाय टकरा गई।जिससे नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां डाक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# खरीफ बुवाई के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्धः प्रताप शाही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि खरीफ बुवाई के लिए राज्य में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। श्री शाही ने बताया कि किसानों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने समुचित प्रबंध किए हैं,

जिसके अंतर्गत आज प्रदेश में सहकारिता व निजी क्षेत्र के बिक्री केन्द्रों पर 14-59 लाख मीट्रिक टन यूरिया एवं 5-63 लाख मीट्रिक टन फास्फेटिक (डीएपी, एनपीके) उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मंगलवार को ही कुल 32,700 मीट्रिक टन यूरिया तथा 6,566 मीट्रिक टन डीएपी और 3,559 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक किसानों द्वारा खरीदे गए। उन्होने बताया कि मण्डलवार आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक यूरिया लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर और बरेली मण्डलों में उपलब्ध है। सहकारिता क्षेत्र के रिटेल प्वाइंट पर 1.13 लाख मीट्रिक टन यूरिया तथा जनपदों के बफर गोदामों में 1.89 लाख मीट्रिक टन यूरिया स्टॉक किया गया है। डीएपी व एनपीके की भी समान रूप से उपलब्धता सुनिश्चित है। किसानों को किसी अन्य उत्पाद की टैलगग कर जबरन उर्वरक बेचने की शिकायत मिलती है तो संबंधित दोषियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए मुख्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम (0522-2209650) के अलावा जिलाधिकारी कार्यालयों में भी किसान शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि इस वर्ष खरीफ, 2025 में 106-05 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों की बुवाई/रोपाई का लक्ष्य है, जिसमें अब तक धान 48 प्रतिशत, मक्का 51 प्रतिशत, दलहन 41 प्रतिशत, तिलहन 40 प्रतिशत और श्रीअन्न 29 प्रतिशत की पूर्ति हो चुकी है। श्री शाही ने बताया कि प्रदेश सरकार भारत सरकार से निरंतर समन्वय कर रही है ताकि हर दिन की औसत खपत के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता बनी रहे। सीमावर्ती जनपदों में विशेष सतर्कता के साथ ओवररेटिंग, कालाबाजारी, और टीजीयू गतिविधियों की निगरानी हो रही है।

# पवित्र सावन मास के लिए सज संवर रहे है शिवालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में पवित्र सावन मास की तैयारियां तेजी से चल रही है। श्रावण मास के प्रथम सोमवार यानी 14 जुलाई लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष तैयारियां कर रखी हैं,

इसके तहत शिव मंदिरों के आसपास सोमवार के दिन मांस और अंडे की दुकानें बंद रखी जाएंगी, साथ ही शिव मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे और रूट डायवर्ट किए जाएंगे और ऐतिहा. सिक शिव मंदिरों को खूब सजाया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू हो रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि जनपद में दो सुपर जोन, 7 जोन व 28 सेक्टर बनाए गए हैं, हर सेक्टर में पर्याप्त संख्या में पुलिस जवान कांवरियों की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान क्षेत्र से बड़ी संख्या में दूर-दराज के शिवभक्त पवित्र गंगा. जल लेने के लिए ऐतिहासिक शिव मंदिर त्रिलोचन महादेव, गौरी शंकर धाम सुजानगंज, करसूल नाथ महादेव, पतालनाथ महादेव, गोमत. ेश्वर महादेव केराकत, पांचो शिवाला पुरानीबाजार में स्थित महादेव व राजेपुर स्थित सई गोमती के संगम स्थल पर पहुंचते हैं। पैदल कांवड़ यात्रा के साथ बड़ी संख्या में डाक कांवड़ भी क्षेत्र से गुजरते हैं, इसे देखते हुए जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र और पुलिस अधीक्षक डॉ- कौस्तुभ ने पहले ही प्रमुख मंदिरों और मार्गों का निरीक्षण कर लिया है। उधर सावन माह के दौरान हाईवे पर भारी वाहन नहीं चलेंगे। इन मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने, कांवड़ यात्रा मार्गों पर पुलिस पिकेट आदि तैनात करने, पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही कांवड़ यात्रा पर पैनी निगाह रखते हुए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यवस्था की गई है। जिले में करीब 100 से अधिक शिवालयों में जलाभिषेक होता है। हालांकि प्रशासन की तरफ से प्रमुख शिवालयों में ही मजिस्ट्रेट व पुलिस फोर्स की तैनाती की जाती है। इसके अलावा शिव मंदिरों में हलका सिपाही गश्त करते रहते हैं। त्रिला. ेचन महादेव जलालपुर, दियावां महादेव मछलीशहर, गौरीशंकर महादेव सुजानगंज में सर्वाधिक भीड़ होती है।

# चार्ली कंपनी बनी ओवरऑल चैंपियन

## सभी खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम मोरना में 32 यूपी बटालियन एनसीसी धामपुर के चल रहे दस दिवसीय एनसीसी शिविर में चार्ली कंपनी ओवरआल चैंपियन बनी।

चार्ली कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दमखम दिखा ब्रैवो कंपनी को पछाड़ने में कामयाब रही। दूसरी और रस्साकसी में भी उसने अपनी प्रतिद्वंदी टीम को धूल चटाई स कैल्चरल प्रोग्राम में भी चार्ली कंपनी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चार्ली कंपनी के कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा ने अपनी कंपनी की जीत पर बधाई दी तथा कहा कि वास्तव में कंपनी खेल की शैली उच्च स्तरीय रही, जिससे वे चैंपियन बने। वहीं हवलदार संजय सिंह ने अपनी कंपनी के लिए रात दिन एक कर दिए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को दाव पेज सिखाएं, जिससे कंपनी चैंपियन की तरह खेली।

सूबेदार पलजर भूटिया भी समय-समय पर अपनी कंपनी का आकर उत्साह वर्धन करते रहे। सभी खिलाड़ियों का कहना है कि अगर कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा, सूबेदार पलजर भूटिया तथा हवलदार संजय सिंह ना होते तो मोराल डाउन जरूर रहता और हम पिछड़ सकते थे। चार्ली कंपनी के सभी कैडेट्स चैंपियन बनने पर काफी उत्साहित दिखाई दिए। सभी खिलाड़ियों को कैंप कमांडेंट ने मेडल देकर पुरस्कृत किया तथा उनकी हौंसला अफजाई की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करी।

डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट ने भी सभी खिलाड़ियों की पीठ थपथपाई तथा आगे इसी प्रकार करने लिए प्रोत्साहित किया।

# गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी के दौरान वसूल रहे अधिक रकम

**ाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी के दौरान उपभोक्ताओं से मनमानी राशि वसूलने का मामला सामने आया है। इसको लेकर नगरवासियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। पीड़ित कनेक्शन धारकों ने गैस एजेंसी की इस कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मामले की शिकायत संबंधित विभागीय अधिकारियों से की है।

नगर निवासी एक घरेलू उपभोक्ता के घर जब सिलेंडर की डिलीवरी के लिए एजेंसी का सेल्समैन पहुंचा तो उसने निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये की मांग की। उपभोक्ता ने विरोध जताया, लेकिन सेल्समैन ने जबरन अधिक राशि देने के लिए कहा। अंततः उपभोक्ता ने तय दर से अधिक रकम ऑनलाइन भुगतान कर सिलेंडर प्राप्त किया। घटना से आहत उपभोक्ता ने इसकी लिखित शिकायत गैस एजेंसी के प्रबंधक एवं आपूर्ति विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी। शिकायत में उपभोक्ता ने मांग की है कि होम डिलीवरी के नाम पर अतिरिक्त वसूली कर उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से परेशान करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जब मीडिया ने संबंधित गैस एजेंसी के मालिक विवेक कुमार से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है और वे पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि जांच में कोई कर्मचारी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस एजेंसियों के कुछ कर्मचारी लंबे समय से इस तरह की मनमानी कर उपभोक्ताओं से अतिरिक्त धन वसूल रहे हैं। विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि नियमित जांच अभियान चलाकर उपभोक्ताओं को राहत दिलाई जाए। नगर के सामाजिक संगठनों ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गैस उपभोक्ताओं के हित में कार्रवाई की मांग की है।

# वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में पर्व चौधरी ने जीता रजत पदक

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गांव में खुशी का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में एशियन यूथ और जूनियर वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2025 में भारत की ओर से भाग लेने वाले गांव फुलसंदा के वेटलिफ्टिर पर्व चौधरी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। पर्व चौधरी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गांव में खुशी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में 4 जुलाई से 10 जुलाई तक आयोजित एशियन यूथ और जूनियर वेटलिफ्टिंग चौम्पियनशिप 2025 में भारत की ओर से गांव फुलसंदा के वेटलिफ्टिंर पर्व चौधरी पुत्र विकास कुमार ने भाग लिया। जिला भारोत्तोलन संघ जिला सचिव एवं कोच करन सिंह ने बताया कि पर्व चौधरी ने स्नैच में 145 किलोग्राम व क्लीन एड जर्क में 183 किलोग्राम भार उठाते हुए रजत पदक प्राप्त किया। पर्व चौधरी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गांव में खुशी का माहौल है। पर्व चौधरी किसान परिवार से है। उनके पिता विकास कुमार खेती करते है और वह भाकियू टिकैत के पूर्व तहसील अध्यक्ष भी रह चुके है। पर्व चौधरी पूर्व में भी कई चौम्पियनशिप में पदक प्राप्त कर चुके है।

# विधायक सुशांत ने किया पौधारोपण का शुभारंभ

## पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीणों से पौधारोपण करने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** संपूर्ण उत्तर प्रदेश में चलाएं जा रहे वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत बुधवार को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व वन रेंज, नगीना वन रेंज और सिंचाई विभाग द्वारा क्षेत्र में विशाल पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें अलग-अलग स्थानों पर 23100 पौधे रोपित किए गए। इस दौरान बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीणों से पौधारोपण करने की अपील की।

अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के गांव मोहम्मद अलीपुर पट्टाघाट उर्फ छतरीपट्टा में पांच बढ़ों के निकट वन विभाग की दो हेक्टेयर भूमि में 3200 पौधे रोपित करके शक्ति वन लगाया गया। शक्ति वन में बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने पौधा रोपित करके पौधा रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार उर्फ बबली, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, थानाध्यक्ष विकास कुमार, वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर, डिप्टी रेंजर श्यामलाल यादव, वन दरोगा रवि कुमार, वनरक्षक स्वाती आदि लोग मौजूद रहे।

उधर नगीना वन रेंज द्वारा काकोरी कांड के शहीदों की याद में पीलीबांध जलाशय के बैराज के निकट 100 पौधे और पीली बांध के सुरक्षा बांध पर स्थित प्लांटेशन में 22400 पौधे रोपित किए गए। यहां वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा और कासमपुर गढ़ी के ग्राम प्रधान मौ. रजी ने संयुक्त रूप से पौधा रोपित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा, कासमपुर गढ़ी के ग्राम प्रधान मौ. रजी, तसव्वर कुरैशी, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ए आर रहमान, वन दरोगा मजरुल हसन, वनरक्षक नईम अली, निशू चौधरी, अंकित कुमार, मोहम्मद अब्बास आदि लोग मौजूद रहे। इसके अलावा अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार शर्मा, सहायक अभियंता पंकज कुमार जैन, जूनियर इंजीनियर नरेश कुमार, शिवेंद्र भारद्वाज, गजेंद्र कुमार द्वारा पीली बांध जलाशय के बंधें पर विभिन्न प्रजातियों के 1000 पौधे रोपित किए गए। सहायक अभियंता पंकज कुमार जैन ने बताया कि अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर को 4000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य मिला है, जिसमें से 1000 पौधे पीलीबांध जलाशय के बंधें पर रोपित किए गए हैं।

# जोगीरम्पुरी के इमाम बारगाह हैदरी में शब्बेदारी का आयोजन

## देर रात तक नोहो और मातम का जारी रहा सिलसिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोगीरम्पुरी/नजीबाबाद।** इमाम हुसैम के सोयम (तीजे) की रात में एक अजीमुशशान शब्बेदारी का आयोजन किया गया।

इमाम बारगाह हैदरी मैं एक मजलिस हुई जिसकी मरसिया ख्वानी हाजी जावेद हुसैन, कुदरत हुसैन, जमाल अहमद ने की तथा संचालन मशहूर शायर कसीम हैदर कसीम ने किया। मजलिस को खिताब करते हुये मौलाना जाफर रिजवी छोलस ने कहा कि करबला में इमाम हुसैन की दस मोहर्रम को शहादत के बाद उनके परिवार पर यजीदी फौज द्वारा ढहाये गये जुल्मों पर विस्तार से बयान किया, जिसे सुनकर अजादार जार जार रोये।

शब्बेदारी में अंजुमन बकाये हुसैनियत कोतवाली सादात, अंजुमन हैदरी करोंदा, अंजुमन सिपाहे अब्बासिया। इसके अलावा हिंदुस्तान के मशहूर नोहा ख्वान आबिस रजा सुल्तानपुरी ने भी नोहा ख्वानि की, जिनके नोहे सुन कर अजादार जार जार रोते रहे।

शब्बेदारी में मेजबान अंजुमन जीनते अजा और शमशीरे हैदरी ने भी नोहा ख्वानी की। जोगीरम्पुरी की अंजुमन अजाये हुसैनी, अंजुमन नजफ ए हैदरी ने भी अपने मकसूस अंदाज में नोहा ख्वानी की। शब्बेदारी का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। अंत मैं प्रोग्राम के संयोजक हैदर इमाम ने सभी अंजुमनों और नोहा ख्वानो, मातमदारों और अजादारों का शुक्रिया अदा किया।

प्रोग्राम को सफल कराने के लिये रियाज हैदर, शबी हैदर, नजफ अली, हुसैन अब्बास, सुहैल, कुमेल, सादिक, कामरान, मोमिन, गाजी, मुजफ्फर बख्तियार काजमी आदि का विशेष योगदान रहा।

# नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे चंद्रशेखर आजाद

## पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। दौरे की शुरुआत उन्होंने ग्राम भागूवाला से की, जहां उन्होंने पूर्व प्रधान डॉ. अयूब व उनके बड़े भाई अब्दुल हई अंसारी के आवास पर जाकर लोगों से भेंटवार्ता की।

इसके बाद चंद्रशेखर आजाद ग्राम आलम सराय पहुँचे, जहाँ हाल ही में एक भीषण सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी की दुखद मृत्यु हो गई थी। सांसद ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। दौरे के क्रम में उन्होंने ग्राम लहाक शाहपुरा कला, सिर्धनी, कल्हेड़ी सहित कई अन्य गांवों का भी भ्रमण कर जनसंपर्क किया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दौरे में उनके साथ आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहे, जिनमें विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, सुखबीर प्रधान, विवेक सेन, जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, प्रशांत महा. सागर, ललित कुमार, रजत, पूर्व प्रधान शमशीद, आलम सराय प्रधान शहजाद अहमद, भागूवाला के पूर्व प्रधान डॉ. अय्यूब व उनके बड़े भाई अब्दुल हई अंसारी, जगमीत चहल, फहीम अहमद, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, मो. अनस, रिजवान अहमद, इस्तकार प्रधान, सरदार हरजीत सिंह, सरदार जीत सिंह, साबू प्रधान, फिरोज अहमद, आसिफ महमूद, बाबू प्रधान, हाफिज शरीफ, नजाकत हुसैन, शकील अहमद, शब्बीर हसन प्रधान, मो. शाहबाज, मो. आबिद, सरफराज उर्फ सब्बू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

चंद्रशेखर आजाद ने दौरे के दौरान सामाजिक सौहार्द और जनसेवा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया और लोगों से अपील की कि वे एकजुट होकर अन्याय और भेदभाव के खिलाफ खड़े हों।

# विद्युत उपकेंद्र पर ग्रामीणों का हंगामा



**कोतवाली देहात।** बिजली न आने से गुस्साए ग्रामीणों ने शादीपुर विद्युत उपकेंद्र पर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने बिजली घर के सभी फीडर बंद करवा दिए। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों को समझाया। विद्युत व्यवस्था सुचारु करने के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। मंगलवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे शादीपुर विद्युत उपकेंद्र के बरुकी फीडर पर विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। विद्युत आपूर्ति बन्द होने पर क्षेत्र के ग्राम मालीवाला, नगला, लक्खुवाला, बरुकी के काफी लोग शादीपुर विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे तथा जमकर हंगामा किया। इस दौरान अवर अभियंता से ग्रामीणों ने बात की लेकिन ग्रामीण सहमत नहीं हुए। इसके बाद ग्रामीणों ने शादीपुर विद्युत उपकेंद्र के सभी फीडर बंद करा दिए। इस दौरान दस मिनट तक सभी फीडर बन्द रहे। विद्युत कर्मचारियों ने मामले की सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया। ग्रामीण राजीव कुमार ने बताया कि विद्युत व्यवस्था बुरी तरह खराब है। विद्युत कर्मचारी लापरवाही करते हैं। यदि विद्युत कर्मचारी चाहते तब लाइन का फाल्ट निकाला जा सकता था। लेकिन विद्युतकर्मी के कारण ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लगभग डेढ़ घंटे तक हंगामा चलता रहा। इस दौरान दूसरे गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे। 11:30 बजे ग्रामीण वापस लौटे और विद्युत आपूर्ति सुचारू हो पाई। इस संबंध में अवर अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि लाइन पर पेड़ गिरने के कारण फाल्ट आने से विद्युत आपूर्ति बंद हुई थी। लाइन की पेट्रोलिंग कर फाल्ट तलाश कर बुधवार सुबह विद्युत आपूर्ति सुचारू हो गई है। इस दौरान अंजार अहमद, अजय सिंह, डिंपल त्यागी, अंकुर कुमार, नबील अहमद, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न

**धामपुर।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में नगर पालिका में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य सामुदायिक नेतृत्व में विकेन्द्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को नगर निकाय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना था। प्रशिक्षण में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विकास कुमार लोहरा, हेमेंद्र कुमार, सफाई क्लर्क नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता सहित समस्त सफाई नायक, डोर टू डोर सुपरवाइजर एवं अन्य संबंधित कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कुशल प्रशिक्षकों तबरेज एवं रजनीश लाम्बा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में कचरे की मूल अवधारणा, उसके प्रकार, पृथकीकरण का महत्व एवं नजदीकी इकाइयों पर प्रभावी प्रबंधन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। इसके साथ ही होम एवं कम्युनिटी कम्पोस्टिंग, स्वच्छ वातावरण निर्माण में मोहल्ला निगरानी समिति की भूमिका, जन जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता और व्यवहार परिवर्तन के सात चरणों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, यह भी बताया गया कि सूखे कचरे का निस्तारण किस प्रकार एमआरएफ व त्त्त केंद्रों के माध्यम से किया जा सकता है। प्रशिक्षण के उपरांत इन सभी बिंदुओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम से जुड़ी टीम और नगर निकाय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर किए जा रहे प्रयास निश्चित रूप से धामपुर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित नगर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई प्रोपर्टी डीलर की मौत

## पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** प्रोपर्टी डीलर की लाश मिलने से क्षेत्र व ताजपुर में सनसनी फैल गई थी। परिवार के लोगों में कोहराम मच गया था। लाश की खबर सुनकर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह व चौकी प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ घटना पर पहुंच गए थे। प्रोपर्टी डीलर नईम अंसारी की घटना को लेकर लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे थे, हर कोई अपने हिसाब से इस घटना को हत्या मान रहा था। पुलिस से भी हर कोई घटना का सही खुलासा चाहता था। एसओजी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इस घटना की बारीकी के साथ जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया।

पुलिस एसओजी टीम ने ताजपुर नूरपुर तक लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के दौरान नईम अंसारी पैदल चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान स्योहारा रोड की तरफ से आ रही अज्ञात तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसमें नईम अंसारी सिर व सीने में चोटें आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनकी ज्यादा खून निकलने से उनकी मौत हो गई। नईम अंसारी अक्सर शाम का खाना खाने के बाद अकेले घूमने जाते थे। ऐसे ही बीत दिन भी खाना खाने के बाद नूरपुर स्योहारा रोड पर लगभग साढ़े दस बजे के आस पास टहलने के लिए निकल थे। मगर नईम अंसारी को क्या पता था देर रात सड़क पर टहलना उनकी जान का दुश्मन बन जायेगा। पुलिस की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी अज्ञात वाहन ने जो पीछे से टक्कर मारी है उसी की वजह से उनके सिर और पीठ में चोटें आई हैं। जिसकी वजह से सिर का ज्यादा खून बह जाने से मौत हुई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकाल कर अज्ञात वाहन की तलाश करने में जुट गई।

उधर परिवार के लोग पुलिस प्रशासन से अज्ञात वाहन की तलाश कर घटना का खुलासा करने की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर

### आश्वासन के बाद धरना समाप्त



**नजीबाबाद।** अधिशासी अभियंता विद्युत नजीबाबाद के कार्यालय पर चल रहा भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना एक्सईएन रामकुमार से वार्ता के बाद समाप्त हो गया। उन्होंने संगठन की ओर से रखी गई सभी मांगों को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद संगठन की आपसी सहमति से इस शर्त पर धरने का समापन किया गया कि यदि एक सप्ताह के अंदर-अंदर इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत आठवें दिन फिर से धरना देने के लिए बाध्य होगी। धरना स्थल पर जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप मोर, जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, तहसील प्रभारी सुनील चौधरी, तहसील अध्यक्ष नजीबाबाद सतपाल शर्मा, जिला महासचिव विकास चौधरी, जिला प्रवक्ता पुष्पेंद्र, चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष किरतपुर गजेंद्र सिंह, कपिल चौधरी, कृष्ण कुमार, सूरज कुमार, मीडिया प्रभारी जकी मलिक और शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

### डिग्री कॉलेज में तीन सौ पौधों का रोपण



**नूरपुर।** क्षेत्र के गांव गोहावर एलबीएसएस डिग्री कॉलेज में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें लगभग तीन सौ पौधों का रोपण किया गया। एलबीएसएस ग्रुप ऑफ कॉलेज के अध्यक्ष कुंवर रविंदर कुमार, प्राचार्य डॉक्टर जीएस कश्यप, एचओडी ऑफ फार्मेसी डॉ. रॉबिंस कुमार, प्रवक्ता डॉ. निमित्त कुमार, डॉ. दीपांशु कुमार, डॉ. सचिन कुमार डॉ, प्रशांत कुमार व छात्रगण उपस्थित रहे।

### विषैले जंतु के काटने से हालत गंभीर



**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम लालपुरी निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र रामवीर सिंह पशुओं के लिए चारा काटन लगभग सुबह ९:०० बजे ग्राम लालपुरी स्थित अपने खेत पर गया था। अचानक से आई चीती ने जितेंद्र के बाएं हाथ में डंस लिया। उसके शोर मचाने पर जितेंद्र का चचेरा भाई अंकित जो दूसरे खेत पर कुछ दूरी पर चारा काटने गया था, ने फौरन जितेन्द्र को मोटरसाइकिल से उसको घर लाया और परिजनों को घटना से अवगत कराया। उसके बाद परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कासमपुर गढ़ी ले गये और उसे भर्ती कराया समाचार लिखे जाने तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

### नगीना में वृक्षारोपण महाअभियान शुरू



**नगीना।** कस्बा कोटरा स्थित शहीद भगत सिंह अमृत सरोवर परिसर में भाजपाइयों द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण महाअभियान चलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमृत सरोवर पर सफाई अभियान चलाकर पेड़ लगाए एवं पूर्व में लगाए पेड़ों का निरीक्षण भी किया। भाजपा पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने 5-5 वृक्ष अपनी मां के नाम लगाए। वृक्ष रोपने के उपरांत नए व पुराने पेड़ों को पानी देने का काम भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बलदेव सिंह, रोहित कुमार रवि, मंडल महामंत्री सचिन शर्मा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राठी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, पूर्व नामित सभासद संजय शर्मा, ग्राम प्रधान आफताब अहमद, सभासद बृजमोहन बिश्नोई, सभासद गोपाल शर्मा, पूर्व प्रधान संजीव चौधरी, मंडल मंत्री हरमीत सिंह, अनवर कुरैशी, डॉ उदय राज, आकाश कुमार, अमन कुमार, कलुआ सिंह, मूल सिंह, रमेश कुमार, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, तिलक राज, सोनू कुमार, जयदेव रामकुमार, ललित कुमार, घनश्याम कुमार, छोटे कुमार सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण किया।

### नूरपुर में पालिका ने लगाए पौधे



**नूरपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। पालिकाध्यक्ष डा.एम पी सिंह के नेतृत्व में नहटौर चौराहे से चाँद तारा मस्जिद तक तथा नहटौर चौराहे से अन्नापूर्ण होटल तक सड़क पटरी व डिवाईडर निकाय के कूड़ा प्रबन्धन स्थल चाग. ीपुर, शमशान घाट तथा गाटा सं.-999 स्थित तालाब पर शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 1112आम, आंवला, अमरुद व छायादार पौथों का जन सहभागिता से रोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन डा. महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत शहर को हरा भरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मानसून में ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करने की जरूरत है, पेड़ों का हमारे जीवन में विशेष योगदान है। इस दौरान पालिका अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, सभासद ऋषभ देव शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार गुणवंत सिंह राठौर सहित नगर के गणमान्य लोगो और पालिका स्टाफ ने एक एक पौधारोपण किया।

# नालसा संचालित मध्यस्थता अभियान में कराएं अपने वादों का निस्तारण: एडीजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली व उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में दिनांक एक जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत न्यायालयों में लम्बित विभिन्न प्रकार के वादों यथा वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, अन्य उपयुक्त दीवानी मामले आदि को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित होने योग्य मामलों का निस्तारण कराने हेतु अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली के अधीन संचालित मध्यस्थता केन्द्र, बरेली को सन्दर्भित करा सकते हैं।

उपरोक्त के क्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली सुधीर कुमार-वी के निर्देशानुपालन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली उमा शंकर कहार द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु समस्त न्यायालयों में उक्त सूचना प्रचालित की जा चुकी है, ताकि अधिक से अधिक सुलह योग्य वादों को मध्यस्थता केन्द्र हेतु सन्दर्भित कराये जा सकें, तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली के द्वारा समय-समय पर विधिक जागरूकता शिविरों के माध्यम से जन-सामान्य को जागरूक करने हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त उक्त अभियान को सुचारू रूप से धरातल पर उतारने के लिए बैनर पोस्टर पम्पलेटस् आदि प्रचार सामग्री भी उपयुक्त स्थानों पर वितरित एवं चस्पा करायी जा रही है।

इसी क्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली सुधीर कुमार-वी के निर्देशानुपालन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली उमा शंकर कहार द्वारा जनपद में आवासित समस्त आमजन मानस/वादकारियों से उक्त मध्स्थता अभियान को सफल बनाने हेतु सुलह योग्य वादों को मध्यस्थता केन्द्र, बरेली में सन्दर्भित किये जाने की अपील की गयी।

# त्रिलोक चन्द डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर देवेंद्र शर्मा व प्राचार्य बने सुनील शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** गुरुवार को त्रिलोक चन्द डिग्री कॉलेज के सचिव एवं प्रबन्धक विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा व डॉक्टर नमिता वर्मा प्राचार्या राजकीय महिला पॉलीटेक्निक की मौजूदगी में डायरेक्टर देवेन्द्र शर्मा ने डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा को डिग्री कॉलेज के नवीन प्राचार्य के पद पर नियुक्ति प्रदान की जिसमें महाविद्यालय के प्रवक्तागणों एवं स्टाफ के सभी सदस्यों ने हार्दिक शुभकामनायें प्रदान की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि संजय चौहान, ओमेन्द्र चौहान, प्रेमपाल गंगवार, असद अंसारी के अलावा डॉक्टर रूचि रानी, कविता मौर्या, प्रेरणा चौहान, राजवीर सिंह राजपूत, मुनीश पाण्डेय, मुकेश कुमार, सचिन कुमार शर्मा, रंजीत सिंह उर्फ राज वर्मा, आदित्य शर्मा, दीपक पाण्डेय, विशाल दिवाकर आदि मौजूद थे।

# पुलिस चौकी से भागा गोली कांड का आरोपी

- एसएसपी ने दरोगा और सिपाही को किया निलंबित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जोगी नवादा गोली कांड के आरोपी अमित राठौर को एसओजी ने पकड़कर रुहेलखंड चौकी पुलिस को सौंपा था, लेकिन चौकी पुलिस की लापरवाही से वह भाग गया। उसने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

जोगी नवादा की चावल मंडी में हुए गोली कांड का आरोपी अमित राठौर रुहेलखंड चौकी पुलिस की हिरासत से भाग गया। एसओजी ने उसे पकड़कर चौकी पुलिस को सौंपा था। इस मामले में सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव और बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय की जांच रिपोर्ट के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने रुहेलखंड चौकी प्रभारी जगत सिंह और सिपाही सचिन को निलंबित कर दिया है। दूसरी ओर आरोपी अमित राठौर ने चौकी से भागकर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।

दरअसल आरोपी अमित को मुठभेड़ में घायल होने का खतरा सता रहा था। वह काफी समय से छुपकर शहर में ही रह रहा था, और कोर्ट में हाजिर होने की योजना बना रहा था। इस दौरान वह एसओजी के हाथ चढ़ गया, जिसके बाद उसे रुहेलखंड चौकी पुलिस के हवाले कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस वालों ने उसे लॉकअप में बंद नहीं किया। चौकी पर बैठाए रखा और खुद इधर-उधर चले गए। मौका पाकर अमित राठौर चौकी से फरार हो गया, और फिर कोर्ट में हाजिर हो गया।

आठ दिसंबर 2024 की शाम जोगी नवादा में अधिवक्ता रीना सिंह के पति लखन राठौर और उनके दो देवरों पर हत्या की नीयत से अवैध असलहों से फायरिंग की गई थी। इस संबंध में बारादरी थाने की पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ में सौरभ राठौर, शिवम राठौर, अभिषेक और लालू पटेल को गिरफ्तार किया था। आकाश राठौर, टिंकू राठौर, विशाल राठौर भी पकड़े गए। इन सभी को जेल भेजा गया था। इन सात आरोपियों की अपराध की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई बारादरी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार पांडेय की तहरीर पर की गई है। पुलिस ने गिरोह का सरगना जोगी नवादा निवासी सौरभ राठौर को घोषित किया है। इन आरोपियों के अलावा रजत राठौर, हिमालय राठौर, अमित राठौर, अभिषेक और गोपाल मिश्रा के खिलाफ भी जल्द ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हो सकती है।

# पांच बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ फरार

- पति की तहरीर पर पुलिस ने किया बरामद, प्रेमी के साथ जाने पर अड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पांच बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही महिला के पति ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, जिसपर पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया है। महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव की पांच बच्चों की मां प्रेम प्रसंग के चलते क्योलड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव के अपने शादी शुदा प्रेमी के साथ फरार हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ थाना नवाबगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

महिला के पति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी का प्रेमी और वह दोनो पंजाब में धान की पौध लगाने गये थे, वहां से लौटने के बाद आरोपी उसके घर अक्सर आता जाता रहता था, लेकिन पांच दिन पहले वह उसकी पत्नी को लेकर फरार हो गया। उसके पांच बच्चें हैं, जिसमें एक बेटे की शादी भी हो चुकी है। गुरुवार को सारे दिन महिला के परिजन उसे मनाने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी थी।

# छेड़छाड़ के आरोपी ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर से सटे एक गांव की छात्रा कस्बे के एक निजी स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा है, बुधवार को जब वह स्कूल से अपने घर जा रही थी तो कस्बे के मुख्य रोड स्थित एक निजी अस्पताल के मेडिकल स्टोर पर कार्य कर रहे क्षेत्र के गांव ठिरिया सैदपुर के दूसरे समुदाय के युवक आरिश ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर दी। छात्रा के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए, उन्होंने युवक की जमकर पिटाई कर दी, सूचना पर पहुंचे छात्रा के परिजनों ने भी उसकी पिटाई कर दी, इसी दौरान युवक के पिता भी वहां पहुंच गए।

बताया जाता है कि उन्होंने भी अपने पुत्र आरिश की पिटाई लगा डाली। छात्रा के परिजनों ने इस मामले में कोतवाली में युवक के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दूसरी ओर युवक अपने घर चला गया, जहां उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया, तत्काल ही उसे महानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान आज गुरुवार को उसका निधन हो गया। देर शाम उसका ग्राम ठिरिया सैदपुर में दफ्न कर दिया गया। दूसरी ओर इस मामले में पुलिस ने छात्रा के 161 के बयान दर्ज किए हैं।

# विश्व विख्यात 107 वां तीन रोजा उर्स-ए-रजवी 18 अगस्त से होगा शुरू

- दरगाह प्रमुख व सज्जादानशीन ने किया आधिकारिक ऐलान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आला हजरत इमाम अहमद रजा खान फाजिले बरेलवी का विश्व विख्यात 107 वां उर्स-ए-रजवी इस साल 18, 19 व 20 अगस्त को बरेली के ऐतिहासिक इस्लामिया मैदान में मनाया जायेगा।

इसका विधिवत ऐलान आज दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन बदरूशशरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने अपने आवास पर संयुक्त रूप से सय्यद आसिफ मियां व उलेमा मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी, मुफ्ती अय्यूब नूरी, मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी, मौलाना अख्तर, मुफ्ती जईम रजा, मुफ्ती अफरोज आलम, मुफ्ती जमील, मुफ्ती कलीम उर्रहमान, मुफ्ती सय्यद शाकिर अली, मुफ्ती मोइनुद्दीन बरकाती आदि की मौजदूगी में की।

उर्स-ए-रजवी बरेली समेत दुनिया भर में 23, 24, 25 सफर को मनाया जाता है। इस साल ये तिथियां अंग्रजी माह के अनुसार 18, 19, 20 अगस्त को पड़ रही हैं। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स-ए-रजवी में शिरकत के लिए दुनिया भर से अकीदतमंद बरेली पहुंचते है। देश-विदेश के अकीदतमंद वीजा व टिकट के लिए महीनों पहले तैयारियां शुरू कर देते हैं। सभी को फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से तिथियों की सूचना दी जा रही है।

कई देशों के अलावा देश भर के मुरीदीन दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां के सम्पर्क में हैं। दरगाह की ओर से जायरीन की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए उर्स-ए-रजवी काफी पहले से दरगाह प्रमुख की ओर से तैयारियां आज से शुरू कर दी गई हैं। गौरतलब है कि इस उर्स में शिरकत करने लाखों की संख्या में अकीदतमंद बरेली पहुंचते हैं। इस साल भी बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के बरेली पहुंचने की सूचना दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां को मिल रही है। जल्द ही दरगाह का आधिकारिक उर्स का पोस्टर जारी होगा।

## एक नजर

### प्रधान से रंगदारी मांगने वाले को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** धनेटा के प्रधान को धमका कर लखनऊ के एक व्यक्ति ने 50 हजार रुपये मांगे रुपये मांगने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रधान की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दूसरे आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

विकास खंड मीरगंज की धनेटा ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों को लेकर लखनऊ का एक व्यक्ति कई दिनों से फोन करके कार्यों की जन सूचना मांग रहा था। सूचना मांगने पर प्रधान पति जगतपाल मौर्य ने उससे संपर्क किया। सूचना मांगने वाले ने काम में घोटाला करने का आरोप लगाकर कार्रवाई का डर दिखाया। और कार्रवाई से बचने के लिए 50 हजार रुपये मांगे। प्रधान पति ने उस व्यक्ति से हुई बात को मोबाइल में रिकार्ड लिया। प्रधान पति ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने प्रधान पति से रुपये देने की हामी भरने को कहा लेकिन उसे बरेली में रुपये देने को कहा।आरोपी ने प्रधान पति को रुपये लेकर बुधवार को बरेली जंक्शन के पास बुलाया। रुपये लेकर प्रधान पति पुलिस के साथ जंक्शन पर पहुंचा। लखनऊ से आए व्यक्ति ने प्रधान पति जहां पैसे देने के लिए बुलाया। वहीं पुलिस ने उसको पकड़ लिया। प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने बिंटूसर पांडेय और मनुप्रताप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया की प्रधान जगतपाल मौर्य की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है एक आरोपी मनुप्रताप को पकड़ लिया है। उसने पूंछताछ में बताया की बिन्टूसर पांडेय कोई साप्ताहिक अखवार चलाता है उसने मुझे भेजा। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है।

### छेड़छाड़ के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर एक महिला के साथ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी की पहचान रिजवान पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम कठर्रा के रूप में हुई है।

महिला ने पुलिस को बताया कि 9 जुलाई की रात वह अपने घर में अपनी 9 वर्षीय पुत्री के साथ थी, तभी रिजवान उसके घर में घुस आया, और छेड़छाड़ करने लगा। जब महिला ने शोर मचाया, तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और भागने लगा। आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

पुलिस ने महिला की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं, और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, और लोग आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### रबड़ फैक्ट्री कर्मचारी यूनियन की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** रबड़ फैक्ट्री की कर्मचारी यूनियन की एक बैठक राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में हुई।जिसमें यूनियन के महामंत्री अशोक मिश्रा ने फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के सभी कर्मचारियों से अपील करते हुये कहा की रबड़ फैक्ट्री मे हुई सभा पूर्व तय ऐजेंडा 15 जुलाई को प्रशासन और शासन के मजदूर हितों कीअनदेखी और उपेक्षापूर्ण रवैया के खिलाफ दमोदर पार्क कचहरी पर धरना-प्रदर्शन किया जायेगा जिसमें भारी सख्या मे सभी लोग पहुंचे। इस मौके पर यूनियन से अजय भटनागर, फय्याज खां के साथ क्षेत्र के अन्य लोग शामिल रहे। आपको बता दे एस एंड सी कर्मचारी यूनियन के शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी अवनीश सिंह को ज्ञापन देकर शीघ्र भुगतान कराने का अनुरोध किया था।

### मां बेटे और पत्नी के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पति और बेटे ने मां भाई और उसकी पत्नी के साथ की मारपीट पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरिया निवासी प्रतिमा सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की मै अपने घर में लडका कुलदीप सिह व बहू पायल सिंह के साथ बैठकर बाते कर रही तो अचानक मेरे पति रामपाल सिह बडा लडका विपिन कुमार सिह घर में आये दोनों ने मेरे व बहू पायल सिंह को घर में से मारपीट कर घसीटते हुये घर के बहार रोड पर ले गये। पीछे मेरा लडका कुलदीप सिह मुझे और अपनी पत्नी को बचाने आया तो वह लोग उसको भी मारने लगे।और गन्दी गन्दी गालीयां देते हुये जान से मारने की धमकी दे रहे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### बाइक सवारों को रोडवेज बस ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सबार दो लोगों को रोडवेज बस ने मारी टककर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को ईलाज के लिए अस्पताल भेजा जिसमें दोनों की मौत हो गईं। मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव धन्तिया निवासी शरीफ खां उम्र 65 बर्ष अपने नवासे शहजिल उम्र 20 बर्ष बाईक से फतेहगंज पश्चिमी दवा लेने जा रहे थे।रास्ते में झुमका चौरहा पर बाईक मौड़ते समय रोडबेज बस ने टककर मार दी जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए बरेली अस्पताल भेजा और रोडवेज को पकड़कर चौकी पर खड़ा कर दिया। ईलाज को जाते समय शहजिल की रास्ते में मौत हो गईं। और नाना शरीफ खां की ईलाज के दौरान मौत हो गईं। सूचना पर पहुंची सीबीगंज पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है।दोनों की मौत से घर में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान हारिस ने बताया की शहजिल अपने नाना के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था।

# कांवड़ मार्गों पर ड्रोन से होगी निगरानी, छह हजार पुलिसकर्मी तैनात

- बरेली रेंज में सुरक्षा चाक चौबंद



सावन माह में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली समेत परिक्षेत्र के चारों जिलों में कांवड़ यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए छह हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ड्रोन कैमरों से कांवड़ मार्गों की निगरानी की जाएगी।

सावन माह में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न कराने के लिए बरेली परिक्षेत्र की पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस संबंध में डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बृहस्पतिवार को प्रेसवार्ता कर तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जनपदों को सुपर जोन, जोन, सेक्टर व सब-सेक्टर में विभाजित कर 6000 से अधिक पुलिस बल की तैनाती की गई है।

चारों जनपदों को आठ सुपर जोन, 26 जोन, 78 सेक्टर एवं 218 सब सेक्टरों में बांटा गया है।

पुलिस अधीक्षक-10, क्षेत्राधिकारी-28, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष-83, निरीक्षक-110, उप निरीक्षक-855, मुख्य आरक्षी-767, आरक्षी-2357, महिला मुख्य आरक्षी/आरक्षी-879, होमगार्डस-911 तैनाती की गई है। इसके साथ ही पीएसी व आरएएफ के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

# बीमार चल रहे पत्रकार के वालिद का निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पिछले कई माह से अस्वस्थ चल रहे पत्रकार के पिता का गुरुवार को इंतकाल हो गया। वे 75 वर्ष के थे। बाद नमाज ए असर उन्हें कस्बा सैंथल के करबला में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उनके इंतकाल पर विधायक, ब्लॉक प्रमुख चेयरमैन आदि ने दु:ख व्यक्त किया है।

एक दैनिक समाचार पत्र के तहसील प्रभारी पत्रकार रज्जन जैदी के वालिद मुनव्वर अली उर्फ आरजू पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे, बुधवार की रात उनकी तबियत बिगड़ गई, तत्काल ही उन्हें सैंथल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार की सुबह उन्होंने आखिरी सांस ली। उन्हें बाद नमाज ए असर सैंथल के करबला में सुपर्द ए खाक कर दिया गया।

उनके इंतकाल पर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार, भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार, सैंथल चेयरमैन कम्बर एजाज शानू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सपा नेता फईम हुसैन जैदी, आमिर जैदी, जिला पंचायत सदस्य हाजी मुन्ने अंसारी, जिया जैदी, शमीम खां, भाजपा नेता मनोज दिवाकर, युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार, सपा नेता प्रो० राशिद अंसारी, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सदर हाजी परवेज गुड्डू, व्यापारी नेता प्रशांत गुप्ता उर्फ लालू, अधिवक्ता शारिक खां, मुराद अहमद अंसारी, निजाम हैदर जैदी, विहिप के पूर्व जिला अध्यक्ष अखिलेश गंगवार, सपा नेता हाजी परवेज अंसारी, मलखान सिंह यादव, दीपक सूरी, महबूब सावरी, संतोष गुप्ता, सचिन रस्तोगी, शिक्षक नेता प्रेमबाबू गंगवार, अमीर सरवर आदि के साथ ही पत्रकारों ने उनके इंतकाल पर दुख व्यक्त करते हुए खिराजे अकीदत पेश की।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या-825 /न०पा०प०ब०/कर/ 2025-26

दिनांक- 10.07.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त एक आराजी-39 वार्ड-6 जो मोहल्ला टांडा मीना बाजार कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री मकसूद अहमद व मसूद अहमद पुत्र महमूद हुसैन के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-27.12.2014 के द्वारा मन्जूर अहमद पुत्र महमूद उर्फ मुन्शी निवासी मोहल्ला सुनहरी मस्जिद कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री इख्तियार अहमद पुत्र इरशाद अहमद निवासी नई-बस्ती सुगर फैक्ट्री हाल निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। इसके उपरान्त उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-31.01.2015 के द्वारा श्रीमती जरीना बेगम पत्नी मकसूद अहमद स्वंय संरक्षिका माता सगी व नाबालिग अफसर जहां व अकसा नूरी नाबालिग पुत्रीगण मकसूद अहमद व मोहम्मद ताहिर व मोहम्मद नासिर व मोहम्मद सगीर नाबालिग पुत्रगण मकसूद अहमद व मुमताज जहां पुत्री मकसूद अहमद पत्नी जिरार अहमद व शाहजहां पुत्री मकसूद अहमद पत्नी शकील अहमद व गफ्फार अहमद व अन्सार अहमद पुत्रगण मकसूद अहमद निवासीगण मोहल्ला टांडा मीना बाजार कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने पालिका में दर्ज मकसूद अहमद के भाग को श्री इख्तियार अहमद पुत्र इरशाद अहमद निवासी मोहल्ला शेखूपुर निकट होली चौराहा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री इख्तियार अहमद पुत्र इरशाद अहमद निवासी मोहल्ला शेखूपुर निकट होली चौराहा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए आराजी को अपने नाम से दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**


# ससुर पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ससुराल में पुत्री को तंग करने पर उसके मायके वालों ने उसके ससुर को मारा पीटा। घटना की रिपोर्ट दामाद ने पत्नी के मायके वालों के खिलाफ दर्ज कराई है। थाना बहेड़ी के ग्राम ठिरिया नथमल निवासी मो. हारून पुत्र शरीफ अहमद का कहना है कि उसके पिता शरीफ अहमद पुत्र अब्दुल करीम उसके दो छोटे भाईयों उमेर व राईम रजा को स्कूल की बस में बैठाकर घर को वापस आ रहे थे। तभी बुधवार को सुबह 7:00 बजे पहले से गली में जान से मारने की नियत से घात लगाये बैठे गांव के ही रिफाकत हुसैन पुत्र अली बहादुर व सहुलत हुसैन पुत्र निजाकत हुसैन व शकावत हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन व निजाकत हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन व हिदायत हुसैन पुत्र रिफाकत हुसैन व एजाज अहमद पुत्र निजाकत हुसैन एक राय होकर जान से मारने की नियत से घेर कर मारा पीटा, तथा रिफाकत के हाथ में लोहे की राठ एवं सहुलत हुसैन के हाथ में तलवार तथा सकावत के हाथ में बांका और बाकी के हाथों में लाठी डण्डे थे, सभी ने मिलकर उसके पिता पर जानलेवा हमला किया। उनकी चीख पुकार सुनकर गांव की भीड़ इकट्ठा हो गयी। उसके पिता के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। हारून रिफाकत हुसैन का दामाद है, और दोनों एक ही गांव में रहते हैं दोनों के घरों पास में ही हैं। रिफाकत हुसैन की लड़की गुलिस्ता की शादी 3 साल पहले मोहम्मद हारुन से हुई थी। मोहम्मद हारुन द्वारा गुलिस्ता को मारना पीटना प्रकाश में आया है, जिसको लेकर मारपीट हुई है। गुलिस्ता के पास 1 साल की लड़की भी है। हिदायत हुसैन पुलिस हिरासत में है। घायल शरीफ अहमद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत क्षेत्र में कई स्थानों पर पौधारोपण किया गया। ग्रामों ईंधजागीर, धौरेरा, ग्रेम, हरदुआ किफायतुल्ला, विशनपुर, मियांपुर, कल्यानपुर, विजौरिया श्मशान भूमि के साथ ही कस्बे में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर एके गंगवार, प्रेम शंकर गंगवार, एसडीएम उदित पवार, विनोद दिवाकर आदि थे।

# भाजपा ने बहेड़ी नगर में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। बहेड़ी नगर में राम जानकी मंदिर रामलीला पर परम पूज्य श्रद्धेय मधुर गोपाल शास्त्री जी का स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष कुंवर सेन मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष पति अजय जायसवाल, वरिष्ठ नेता महेश शर्मा और युवा नेता आशीष गंगवार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे। स्वागत सम्मान: परम पूज्य श्रद्धेय मधुर गोपाल शास्त्री जी का अंग वस्त्र फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष कुंवर सेन मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष पति अजय जायसवाल, वरिष्ठ नेता महेश शर्मा, युवा नेता आशीष गंगवार, इशू सचिन प्रजापति, आकाश गौर, रूप किशोर सभासद रमेश सिंह, जितेंद्र सक्सेना, मोहन सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के महत्व पर चर्चा की गई, और शास्त्री जी के विचारों से कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिली।

# नगर पालिका ने चलाया नाला सफाई और अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद बहेड़ी ने वार्ड नंबर 14 तलपुरा में अतिक्रमण हटाओ और नाला सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी ने किया, जिसमें सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अहमद हसन और राजस्व निरीक्षक कासिम अली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



नगर पालिका की टीम ने वार्ड नंबर 14 तलपुरा में स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हटाया, जिससे क्षेत्र में यातायात और स्वच्छता में सुधार हुआ। नालों की तली झाड़ सफाई कराई गई। नगर पालिका की टीम ने नालों की तली झाड़ सफाई कराई, जिससे जल भराव की समस्या से निजात पाई जा सके। नगर पालिका के इस अभियान की स्थानीय लोगों ने सराहना की है, क्योंकि ऐसा पहली बार हुआ है, जब नगर पालिका ने नालों की तली झाड़ सफाई का कार्य कराया है। नगर पालिका परिषद बहेड़ी की यह पहल शहर की स्वच्छता और जल भराव की समस्या से निपटने के लिए महत्वपूर्ण है। इससे शहर के निवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिलेगा।


**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।



**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**

**मो0- 9456212547 8077380691**

**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# श्रावण मास पूर्व औषधि निरीक्षक ने कावड़ मार्ग की मेडिकल दुकानों पर की छापेमारी

## लाइसेंस प्रदर्शित करना और जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता अनिवार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सावन महीने में सम्भावित भीड़ और कावड़ यात्रा के मद्देनजर जिले के औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने गुरुवार को कावड़ मार्ग पर स्थित विभिन्न दवा दुकानों का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश।

निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने मिलक क्षेत्र स्थित सिंह मेडिकल स्टोर और फैजुल्ला नगर स्थित न्यू शमा मेडिकल स्टोर पर दस्तावेजों एवं औषधियों की उपलब्धता का परीक्षण किया।




औषधि निरीक्षक ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि सभी अपने प्रतिष्ठान में औषधि लाइसेंस को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करें। यह नियम सभी उपभोक्ताओं को दवा की वैधता और प्रतिष्ठान की प्रमाणिकता का विश्वास दिलाने के उद्देश्य से लागू किया गया है।

उन्होंने बताया कि कावड़ यात्रा के दौरान सम्भावित आपात स्थितियों को देखते हुए दुकानदारों को जीवन रक्षक दवाई जैसे पेनकिलर,एंटीबायोटिक, एंटीईमेटिक व बैंडेज, ग्लूकोज, नमक, चीनी घोल आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी मेडिकल स्टोर संचौलकों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि मांग के अनुसार अतिरिक्त स्टॉक भी रखा जाए, जिससे श्रद्धालुओं की सेवा में कोई बाधा न आए।

### मादक दवाओं की बिक्री पर सख्त चेतावनी

औषधि निरीक्षक ने कहा कि मादक व नींद लाने वाली दवाई बिना वैध पर्ची के किसी भी व्यक्ति को ना बेची जाए।उन्होंने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देशित किया कि बिना पर्ची के मादक दवाओं की बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित है, ऐसा पाए जाने पर औषधि अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य

सभी प्रतिष्ठानों को सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिये गये हैं और कहा कि इससे न केवल सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी भी आसान होगी। निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों में कैमरे न लगे पाए जाने पर उन्हें शीघ्र लगाने की चेतावनी दी गई।

औषधि निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि कावड़ यात्रा के दौरान औषधि नियमों की अवहेलना किसी कीमत पर स्वीकार नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। यदि भविष्य में किसी मेडिकल स्टोर पर लापरवाही व अनियमिताएं पाई गई तो लाइसेंस रद्द करने सहित कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

## बंद पाए गए दो खाद भण्डार के उर्वरक प्राधिकार पत्र निलम्बित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने जनपद के विभिन्न उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान तहसील बिलासपुर में ग्राम पिपलिया मिश्र के मै. जय माँ दुर्गा खाद् भण्डार एवं मै. अली फर्टीलाइजर्स प्रतिष्ठान बंद पाये गये और प्रतिष्ठानों पर रेट बोर्ड अंकित नहीं पाया गया।

उन्होंने दोनों खाद भण्डार को दिये गये उर्वरक प्राधिकार पत्र को निलम्बित करते हुए उर्वरकों की आपूर्ति बाधित कर दी है। साथ ही उन्होंने जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, होर्डिंग, ओवर रेटिंग एवं मुख्य उर्वरकों के साथ अन्य कम प्रचलित अन्य उत्पादों की टैगिंग की जाती है तो उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।



उन्होंने कृषकों से अपील किया है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता को उपलब्ध कराये। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है तो कृषक अपनी शिकायत 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते है।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी पुलिस पुलिस ने थाना आई टी आई काशीपुर क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित क्षेत्र के दो लोगो को गिरफ्तार कर थाना आई टी आई पुलिस के हवाले कर दिया। पांच तारीख को थाना आई टी आई क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी।

मोटरसाइकिल चोरी करते समय चोर सी सी टीवी कैमरे मे कैद हो गए। तभी से मोटरसाइकिल चोरों की तलाश पुलिस कर रही थी उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा को मंगलवार रात को सूचना मिली कि मोटरसाइकिल उठाते हुए जो युवक दिख रहा है। वह किशनपुर आर पी का व्यक्ती है उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ छापा मार कार्रवाई कर किशनपुर आर पी निवासी चंचल व पवन कुमार को चोरी की गई। मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर आई टी आई थाना पुलिस के हवाले कर दिया।



# एसपी ने कावंड़ यात्रा को लेकर उत्तराखंड बॉर्डर का निरीक्षण किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने पवित्र श्रवण मास व कावड़ यात्रा के सुगम यातायात की व्यवस्था के दौरान उत्तराखंड बॉडर का भ्रमण किया।

उन्होंने श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिये।

उन्होंने बाजपुर काशीपुर उत्तराखंड मार्ग का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए इस दौरान उपजिलाधिकारी अमन दयोल व क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे कोतवाली प्रभारी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# छात्रावास में आवासीय सुविध के लिए छात्र 31 जुलाई तक करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में आवासीय सुविधा हेतु एटीएस परिसर में 48 शैय्या क्षमता के 02 (बालक) छात्रावास एवं 48 शैय्या क्षमता का 01 (बालिका) छात्रावास रोशन बाग में संचालित हैं। छात्रावा. सों की उपलब्ध क्षमता में 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति व 30 प्रतिशत पिछड़े वर्ग व सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राएं जो गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणी में आते हैं, 25 रूपये मासिक शुल्क पर छात्रावास में प्रवेश ले सकते हैं। छात्रावासों में प्रवेश के लिए पूर्व आवासित छात्र-छात्राओं एवं विकलांग छात्र-छात्राओं को वरीयता दी जायेगी।

उन्होंने बताया कि जनपद स्थित डिग्री काले. जों, राजकीय पालीटेक्निक, राजकीय आईटीआई, इण्टर कालेजों में संस्थागत नियमित रूप से अध्ययनरत् पात्र छात्र-छात्राएं छात्रावासों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस सम्बन्धित छात्रावास अधीक्षक कार्यालय/जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक निशुल्क प्राप्त/जमा कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र संबंधित छात्रावासों में पूर्ण रूप से भरे एवं आवश्यक प्रपत्रों सहित जमा करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित है। छात्रावास में प्रवेश हेतु छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पोर्टल ीजजचे//नचीउे.पद पर दस्तावेजों को अपलोड कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा-जैसे नवीनतम फोटो, जाति प्रमाण पत्र, वार्षिक आय प्रमाण पत्र, सामान्य वर्ग हेतु नहीं, विद्यालय, संस्थान, विश्वविद्यालय द्वारा जारी फीस रसीद, आईकार्ड, प्रमाण पत्र, विद्यालय, संस्थान, विश्व. विद्यालय से स्थाई निवास की दूरी का प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान, सभासद, जनप्रतिनिधि द्वारा जारी अथवा निवास प्रमाण पत्र, छात्र-छात्रा के हस्ताक्षर एवं पिता-माता, अभिभावक के हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे। उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 के लिऐ नवीन आवेदन/नवीनीकरण छात्र-छात्राओं द्वारा स्वयं पोर्टल ीजजचे//नचीउे.पद पर ऑनलाइन किया जा सकेगा तथा ऑनलाइन करने के उपरान्त आवेदन पत्र की हार्डकॉपी सम्बन्धित छात्रावास में 31 जुलाई 2025 तक जमा करना अनिवार्य होगा।

# सावन माह की हुई शुरुआत श्रद्धालुओं के रास्ते में कूड़े का ढेर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** नगर में पेट्रोल पंप की निकट से प्राचीन शिव मंदिर को जाने वाले प्रमुख रास्ते किनारे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गुरुवार से सावन माह का शुभारंभ हो गया है भक्तों के लिए अब ऐसे में इस रास्ते से निकलना दुभर हो जाएगा क्योंकि बरसात का मौसम चल रहा है और बारिश के पानी के साथ यह गंदगी सड़क पर आ जाएगी इसमें सदन पहले की पहले से ही उपरोक्त कूड़े में बदबू आ रही है जिससे मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।वहीं विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता ने कहा है कि उपरोक्त प्रकरण को लेकर उन्होंने कई बार एक्स पर अधिकारियों को अवगत कराया है लेकिन अभी तक उपरोक्त समस्या का समाधान नहीं हुआ है अगर सही ग्रा रास्ते के किनारे सफाई नहीं की गई तो जल्दी इस संबंध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# सैफनी रामगंगा नदी पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** रामगंगा नदी पर गुरुवार को आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर भारी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूजा अर्चना कर प्रसाद आदि चढ़ाकर मन्नतें मांगी आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरुपूर्णिमा भी कहा जाता है इस दिन को गुरुजनों की पूजा के लिए निर्धारित किया गया है इस दिन लोग अपने गुरुजनों वस्त्र दक्षिणा दान कर सम्मान करते है जिन्होंने जीवन में उनका मार्ग दर्शन किया हो और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया हो उन्हें गुरु कहा जाता है आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को महर्षि वेद व्यास जी का जन्म हुआ था इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा के नाम से जानते है यह दिन गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि पर गंगा नदी में स्नान दान का विशेष महत्व है गुरु पूर्णिमा के इस विशेष दिन पर गौतम बुद्ध ने सारनाथ में अपना प्रथम उपदेश दिया था रामग. ंगा नदी पर प्रसाद, चाट पकोडी,बच्चो के खेल खिलौने आदि लगी दुकानों पर खरीददारो की भी खासी भीड़ भाड़ बनी रही तथा लोगो ने गंगा नदी पर भंडारों का भी आयोजन किया ओर जगह जगह लोगो ने गर्मी के रहते जल व्यवस्था भी की गंगा किनारे बने गंगा मंदिर पर श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन भी किया वही थाना प्रभारी हम्वीर सिंह जादौन भी अपनी पुलिस बल के साथ कड़ी सुरक्षा के साथ नजर आए।



## हथियार समेत पकडा

**छुटमलपुर।** फतेहपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण की दिशा में एक और सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी सचिन पूनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तेलू पुत्र हरपाल, निवासी ग्राम हलवाना, को कमेशपुर बिजली घर के पास से पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध छुरी बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह छुरी को डराने-धमकाने के उद्देश्य से साथ रखता था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा संख्या 144/25 दर्ज करते हुए धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, तेलू का आपराधिक इतिहास भी है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट और चोरी के प्रयास के मामले शामिल हैं। फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सचिन पूनिया, उपनिरीक्षक जितेंद्र राणा और हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार शामिल थे।

# सैफनी पुलिस ने 8 को गिरफ्तार कर शांति भंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के निर्देशन में थाना सैफनी पुलिस द्वारा गुरुवार को गश्त के दौरान आमदा फसाद व शांति व्यवस्था भंग कर रहे 8 अभियुक्तगण जीशान पुत्र मोहम्मद आरिफ 21 वर्ष निवासी भजनपुर, नदीम पुत्र गफ्फार हुसैन उम्र 20 वर्ष निवासी मोहल्ला जो. शियान कस्बा सैफनी, राशिद पुत्र नन्हे 20 वर्ष निवासी ग्राम भजनपुर, राहिल पुत्र सकरुद्दीन उम्र 25 वर्ष निवासी मोहल्ला पुरानी ईदगाह, अलीम पुत्र प्यारेशाह उम्र 32 वर्ष निवासी मोहल्ला खेड़ा कस्बा सैफनी, मुमत्याज पुत्र सुल्तान उम्र 45 वर्ष निवासी मोहल्ला पुरानी ईदगाह कस्बा सैफनी, साजिद पुत्र मेहंदी हसन उम्र 35 वर्ष निवासी मोहल्ला मझरा, अलग अलग मामलों में गिरफ्तार कर किया चालान।

# गुरु पूर्णिमा पर्व पर महान पुजारी शिक्षक को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार को नगर के मदर इंडिया कॉलेज में गुरु पूर्णिमा पर्व अभियान के अंतर्गत साधु, साध्वी कथा वाचक, महान पुजारी, शिक्षक को सम्मानित किया गया और उन्हें अंग वस्त्र भेंट किया और स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने सभी का सम्मान करते हुए सबको एक पेड़ दिया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री महेंद्र सैनी नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ,प्रशांत शर्मा रविकांत ,गिरीश शर्मा, अनुज शर्मा अनिल भगत जी, राजेश कुमार शर्मा अभिषेक शर्मा, अमर सिंह कमल भगत अमर सिंह, ताराचंद फलारी बाबा प्रेम सिंह, राधेश्याम विजय राठौड़, घनश्याम मदनलाल मौर्य रामचंद्र दिवाकर, रामचंद्र ,ओमप्रक. ाश राणा, हेमलता मौर्य, दीपक चंद्र इंद्रपाल आदि उपस्थित रहे स्वार नगर मंडल अध्यक्ष ने सभी संत साधुओं को अंग वस्त्र भेंट करके उनका सम्मान किया और सभी से कहां की अपनी-अपने मंदिर पर एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए।



# पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर पालिका परिषद मिलक की अध्यक्ष दीक्षा गंगवार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिलक और कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार समाजसेवी भाजपा नेता ने रौरा कला में बाईपास के निकट एवं साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक में आज 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल की। यह पौधा केवल प्रकृति से जुड़ाव नहीं, बल्कि माँ के आशीर्वाद, संरक्षण, और जीवनदायिनी ऊर्जा का प्रतीक है। जब हम माँ के नाम पर एक वृक्ष लगाते हैं, तो वह सिर्फ हरियाली नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और भावी पीढ़ियों के लिए एक उपहार बन जाता है।हर पौधा एक जीवन है, और माँ उस जीवन की जननी। आइए, माँ के सम्मान में हर कोई लगाए एक हरियाली का प्रण।



# स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77 वे स्थापना दिवस पर छात्रों ने अपने आवास पर स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर स्थापना दिवस मनाया ओर विवेक. ानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

उन्होंने उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाएं जैसे अमर वाक्यों से युवाओं को प्रेरित किया उनके विचार जो आत्मविश्वास ज्ञान की खोज आत्म सुधार दूसरों की सेवा ओर सार्वभौमिक भाईचारे के महत्व पर जोर देते हैं जोकि आज भी प्रासंगिक है जिसमें उपस्थित श्लोक शर्मा, अगम सागर , विख्यात कुमार, कल्पित गुप्ता, हार्दिक वशिष्ठ, यश रस्तौगी आदि मौजूद रहे।



# अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पलटी आधा दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** बीती रात्रि एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। बीती रात्रि नगर के रौरा बाईपास के निकट लगभग 9:30 बजे रामपुर के तरफ से आ रही स्कार्पियो कर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई।

सूचना पर मिलक पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से स्कॉर्पियो कार में फंसे लोगों को निकाला गया और 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया। जिसमें घायलों ने बताया कि हम लोग रामपुर से कानपुर को जा रहे थे अचानक हमारी कार अनियंत्रित होकर पलट गई और हम लोग घायल हो गए।

घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया घायल विमला देवी निवासी शक्ति कॉलोनी रामपुर कंचन नैंसी संजना अरनव संस्कार रामौतार सहित साथ लोग कार में सवार थे घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंदिर मार्ग पर चलाया विशेष अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर जनपद में कावंड यात्रा के दृष्टिगत कांवड़ियों एवं आमजन मानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए सहायक आयुक्त (खाद्य)-।।/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने रठौंडा, भमरौआ और पंजाबनगर मंदिर मार्ग पर विशेष अभियान चलाया। इस विशेष अभियान में कावंड यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले समस्त खाद्य प्रतिष्ठान जैसे ढाबा, होटल, रेस्टोरेंट इत्यादि एवं प्रत्येक हॉकर (खाद्य पदार्थ की सचल दुकान) पर खाद्य पंजीकरण / लाइसेंस तथा फूड सेफ्टी कनेक्ट क्यूआर को प्रदर्शित करवाया गया। कावंड यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले खाद्य कारोबारकर्ता को खाद्य प्रतिष्ठान में साफ-सफाई तथा गुणवत्ता के संबंध में प्रशिक्षित भी किया गया।



इस दौरान तहसील मिलक के उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में रठौंडा मन्दिर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और खाद्य पंजीकरण / लाइसेंस तथा फूड सेफ्टी कनेक्ट क्यूआर को प्रदर्शित करवाया। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, शाहबुद्दीन दोस्त, अजरा बी मोहम्मद, धर्मपाल सिंह, देवकान्त मौजूद रहे।

# टिकैत की नई जिला कार्यकारणी अमान्य घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की रामपुर जनपद के संगठन में रोज कोई न कोई नए मोड़ आ रहे है।

गुरुवार को भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में शाहबाद में एक पंचायत की गई थी, जिसमें मंजीत अटवाल को भाकियू टिकैत रामपुर का नया जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया गया था और नई कार्यकारणी का भी ऐलान किया गया। जबकि उधर मौजूदा जिलाध्यक्ष जगजीत गिल ने पूरे मामले से राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराया।

गुरुवार को सिसौली के किसान भवन से राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक लेटर जारी करते हुए बुधवार को शाहबाद में बनाई गई नई कमेटी को अमान्य घोषित कर दिया। उधर जिलाध्यक्ष जगजीत गिल ने भी लेटर जारी करते हुए जानकारी दी कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने कहा है कि जिले में जगजीत गिल के नेतृत्व वाली पुरानी कमेटी ही काम करेगी।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम Ramandeep से बदलकर Ramandeep kaur पत्नी अमनदीप सिंह, ग्राम नवाबगंज, बिलासपुर (रामपुर) कर लिया है। अब सभी मुझे नए नाम से पुकारें।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

# आस्था व श्रद्धा से मना गुरु पूर्णिमा पर्व

## सांय के समय भक्तों ने निकाली साई बाबा की पालकी, भक्तों ने किया बाबा का गुणगान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गुरू पूर्णिमा का के अवसर पर अपने गुरूओं के प्रति आदर व सम्मान के भाव प्रकट करते हुए कई स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांय के समय नगर के इंदिरा चौक स्थित श्री गंगा प्याऊ शिव मंदिर से श्री साई बाबा की पालकी यात्रा भी निकाली गई।

नगर के रेलवे स्टेशन बुध बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शनि सेना के राष्ट्रीय महंत महेन्द्र स्वामी ने कहा कि गुरू हमारे जीवन में ईश्वर से हमारा परिचय कराने के साथ साथ सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर संरक्षक सुरेन्द्र स्वामी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत को. हली, अजय शर्मा, यश शर्मा, दीपक उपाध्याय, देवेन्द्र दिवाकर, शरद शर्मा, कोमल चौधरी, मंजीत नागपाल, मोहित शर्मा, शुभम सैनी, प्रेम कुमार, नवीन कक्कड़ आदि मौजूद रहे। वहीं नगर के राम वैंकट हॉल में गुरू पूर्णिमा के अवसर



पर शिव परिवार आश्रम के मुखिया गुरू विनोद ने अपने भक्तों को दीक्षा दी। हवन-यज्ञ भी हुआ। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में दूरदराज से आए श्रद्धालु जुटे। इस मौके पर संजय शर्मा, शंकर शर्मा, संदीप मस्ताना, अक्षय वर्मा, जीत सिंह, संजीव, सुनील वर्मा, मोहित रावत, संजीव, हर्ष वर्मा, सुरभित रावत, रिंकू शर्मा आदि मौजूद रहे। नगर के मौहल्ला अतरपुरा में आशीर्वाद नर्सिंग होम के पास स्थित बाला जी आश्रम में भी गुरू पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं सांय के समय नगर के इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ शिव मंदिर से



श्री साईं बाबा की पालकी निकाली गई, वहीं सुबह के समय दूध व दही से अभिषेक किया गया। इस दौरान साईं बाबा के भक्तजन एक दूसरे पर रंग गुलाल उड़ाते हुए साईं बाबा की भक्ति में चूर नजर आए। पालकी के साथ चल रहे बैंड बाजे से साईं बाबा के भजनों की ध्वनि निकल रही थी, जिससे पूरा वातावरण गुंजित हो रहा था। पालकी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पर घूमकर समाप्त हुई। इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। इस मौके पर आचार्य शिवम तिवारी, विजयपाल सिंह, विक्की शर्मा, संजय शर्मा, पंडित कौशल शर्मा, विक्रांत चौहान, महेश शर्मा, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

# मुमेरे फुफेरे भाईयों पर लाठी-डंडों से हमला

## तीन नामजद समेत 13 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** क्षेत्र में बुधवार रात एक पेट्रोल पंप के पास प्लाटिंग में खड़े होकर कोल्ड ड्रिंक पी रहे मुमेरे-फुफेरे भाईयों पर बाइक सवार हमलावरों ने हमला कर दिया। दोनों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। बाद में हमलावर हवाई फायरिंग करते हुए मौके से भाग गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। मामले में तीन नामजद समेत 13 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बस्तौरी माफी निवासी मंचित बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव गजस्थल के रहने वाले अपने ममेरे भाई अमन यादव के साथ क्षेत्र में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास चल रही एक प्लाटिंग में खड़े होकर कोल्ड ड्रिंक पी रहा था। आरोप है कि उसी दौरान क्षेत्र के गांव जलाल. पुर का रहने वाला रोहित व विशाल तथा गांव मूलकटा का रहने वाला राजू अपने साथियों को लेकर वहां आ धमका। सभी बाइकों पर सवार थे। आरोपियों ने दोनों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर मौके पर भीड़ लगने लगी, पेट्रोल पंप कर्मी भी पहुंच गए। जिन्हें जमा होते देख आरोपी हवाई फायरिंग से दहशत फैलाते हुए भाग निकले। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि मामले में मंचित की तहरीर पर रोहित, विशाल, अनुज समेत दस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा धाम तिगरी व ब्रजघाट स्थित गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और गंगा मैया से अपने परिवार के सुख व स्मृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान गंगा मैया के जयकारों से वातावरण गुंजित हो उठा।

गुरूवार को श्रद्धालुओं का भोर से ही ब्रजघाट व तिगरी धाम पहुंचना शुरू हो गया था। दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु तो बुधवार की मध्य रात्रि में ब्रजघाट पहुंच गए थे और उन्होंने धर्मशाला, होटल, गेस्ट हाउस, मंदिर परिसरों में ठहरकर रात गुजारी और गुरूवार को भोर होते ही स्नान प्रारंभ कर दिया। स्नान के दौरान हर-हर महादेव, जय मां गंगा के उद्घोषों से स्नान घाट गूंज उठे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाटों पर पूजा कर पुरोहितों को नकद धनराशि की दक्षिणा व भोजन, वस्त्र आदि भेंट किए। उधर, तिगरीधाम में भी श्रद्धालुओं की काफी संख्या देखने को मिली। यहां भी भोर से शुरू हुआ स्नान का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। ब्रजघाट में जहां श्रद्धालु अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर आदि नगरों के अतिरिक्त दिल्ली और हरियाणा राज्यों से पहुंचे थे तो वहीं तिगरी धाम में ग्रामीण आंचलिक क्षेत्रों से पहुंचे थे। दोनों ही स्थानों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही तो वहीं स्थानीय गोतोखोर भी तैनात रहे। महिला पुलिस का दस्ता भी तैनात रहा।

# हापुड़ के दो बदमाशों को दो साल दो माह की कैद

## तीन हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लूट के मामले में हापुड़ के बदमाश दो साल दो महीने 27 दिन जेल की सजा सुनाई। दोषी पर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

4 मार्च 2015 की घटना रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर की थी। बुलंदशहर जिले के औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव नगला निवासी प्रमोद कुमार से हाईवे पर बदमाशों ने लूट की थी। मामले में अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान नाम सामने आने पर पुलिस ने हापुड़ शहर के मोहल्ला राजीव विहार के रहने वाले अर्जुन, ग्रेटर नोएडा के रहने वाले शमशाद, मेरठ शहर की जागृति विहार के रहने वाले अनिल सैनी और समर गार्डन के रहने वाले तारिक की गिरफ्तारी की थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी का चालान कर दिया था। फिलहाल, सभी जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई स्थानीय एक अदालत में चल रही थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने अर्जुन को दोषी करार दिया। दो साल दो महीने 27 दिन जेल की सजा सुनाई तथा तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

## एक नजर

### कुलदीप बने एसओजी प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनन्द ने पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक कुलदीप तोमर को एसओजी प्रभारी नियुक्त किया है। गुरूवार को एसपी अमित कुमार आनन्द ने पुलिस विभाग में फिर फेर बदल की। उन्होंने पुलिस लाइन में तैनात कुलदीप तोमर को एसओजी प्रभारी, एसआई उमेश कुमार जोकि मंडी धनौरा की रामपुर तगा चौकी प्रभारी थे उन्हें पीआरओ बनाया गया है। डिडौली कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक संजीव कुमार को रामपुर तगा का प्रभारी नियुक्त किया है। इसके अलावा अल्का चौधरी जोकि प्रभारी फीडबैक आफ फलोअप सेल थी उन्हें सम्मन सेल की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

### गौतम बुद्ध के बताए रास्ते पर चलनें का आह्वान




**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** गुरू पूर्णिम पर भगवान बुद्ध के अनुयायियों ने उनके उपदेशों को जीवन में ग्रहण कर ईमानदारी के मार्ग पर चलने का प्रण लिया। अम्बेडकर धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि आज का दिन समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होने भगवान बुद्ध द्वारा दिये गये प्रथम उपदेश पर चर्चा की तथा उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डा. डी चन्द्रा, डा. मनेन्द्र, वरन सिंह, देवेश कुमार, सतपाल गौतम, महेश, डा. रजनी रानी, निशा, नीलम सिंह, नितिन कुमार, शब्द कुमार जानी आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** ट्रैक्टर पलटने से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान मुरादाबाद के अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। जिससे घर में कोहराम मच गया। बिना कानूनी के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया है। जानकारी के अनुसर डिडौली निवासी किसान कल्लू पुत्र सत्तार ट्रैक्टर लेकर खेत पर जुताई करने गया था। इस दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया तथा पलट गया। जिससे नीचे दबकर किसान कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर मुरादाबाद पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक ने अपने पीछे तीन बेटे व तीन बेटियां छोड़ी हैं।

### संचारी रोगों की रोकथाम को निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के छात्राओं ने संचारी रोगों से बचने के लिए रैली निकालकर जागरूक किया है। गुरुवार को श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत संचारी रोगों के प्रति जनमानस को सचेत करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ प्राचार्य मुकेश कुमार वह उप निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। छात्र छात्राएं स्लोगन लिखी तख्तिया हाथों में लेकर चल रहे थे। जो संक्रमण रोगों से बचने का संदेश दे रहे थे। रैली पुराना डाक खाना मैंन बाजार पुराना स्टेट बैंक चौराहा अंबेडकर पार्क मानपुर होते हुए विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हो गई। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने बताया बरसात का महीना शुरू हो चुका है। संचारी रोगो के फैलने का खतरा है। जन मानस को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली को निकाला गया है। इस अवसर पर कॉलेज का स्टाफ मौजूद था

# हाइवे पर पुल से नीचे गिरकर युवक की मौत

## अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद पुल से नीचे गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बिना कार्रवाई शव सुपुर्दे खाक कर दिया है। शहर के

मोहल्ला नल नई बस्ती में दिलशाद हुसैन का परिवार रहता है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात उनका बेटा शहादत हुसैन अपने कुछ दोस्तों के साथ गजरौला की तरफ जा रहा था। शहादत अपनी बाइक पर था, उसने हेलमेट भी लगाया था। सफर के दौरान रजबपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पर अतरासी ओवरब्रिज पर उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। शहादत हवा में उछल कर ओवरब्रिज से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया था। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे पाकबड़ा के एक निजी मेडिकल कॉलेज मेंभर्ती कराया था। गुरुवार सुबह जहां उपचार के दौरान शहादत की मौत हो गई। बेटे की मौत खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शाम में घर पहुंचे शव को गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक कर दिया। हादसे की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

# खेत पर सांप के डसने से किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** धान की फसल की रोपाई के लिए पौध उखाड़ने गये किसान को सांप ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों के द्वारा किसान को गंभीर हालत में मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



थाना रहरा क्षेत्र के गांव खेलिया पट्टी निवासी 30 वर्षीय किसान होराम सिंह पुत्र प्रकाश बुधवार को जंगल में खेत पर परिजनों के साथ धान की रोपाई के लिए धान की पौध उखाड़ने के लिए गये थे। धान की पौध उखड़ाते समय अचानक सांप ने उसे अंगुली में डस लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजनों के द्वारा उसे झाड़ फूंक करने वालों को दिखाया गया। लेकिन किसान की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजनों के द्वारा किसान को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान गुरुवार को चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी सीमा को रोते-बिलखते छोड़ गया है। मृतक पर अभी कोई संतान नहीं थी। परिजनों के द्वारा मृतक के शव को गांव लाया गया



# तेंदुए ने शहर की ओर किया रुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिकार की तलाश में इधर-उधर गांवों में घूम रहे तेंदुओं का रूख अब शहर की तरफ हो गया है। गुरुवार शाम शहर के मोहल्ला अहमदनगर से सटे एक आम के बाग में घुसे तेंदुए ने घास चरते समय एक बछिया का शिकार कर लिया। तलाश के बीच थोड़ी देर बाद बाग से कूछ दूरी पर बछिया के कीचड़ में लथपथ अवशेष मिलने से आबादी में दहशत फैल गई। देखते ही देखते मौके पर मोहल्लों के लोगों की भीड़ लग गई। इसके बाद बागों में काफी तलाश किया गया लेकिन तेंदुआ कहीं नहीं दिखाई दिया। वन विभाग को सूचना दे दी गई है। वहीं, तेंदुए की शहर की ओर दस्तक के बाद आबादी में जहां दहशत का

### बछिया को बनाया निवाला, दहशत

माहौल बना है तो वहीं बागों में आम की रखवाली करने वाले लोगों में भी खौफ है। घटना शहर में कांठ रोड स्थित मोहल्ला अहमदनगर की है। यहां से गोशाला की तरफ जाने वाले रास्ते पर आबादी के बीच शेख तंबाकू वाले के नाम से मशहूर एक आम का बाग है। गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे मोहल्ले में रहने वाले इरशाद पहलवान अपने पुशओं को बाग में घास चरा रहे थे, जिनमें एक बछिया भी शामिल थी। बताया जा रहा है कि घास चरते समय बछिया बाग के आखिरी छोर पर पहुंच गई। उसी दौरान तेंदुए ने बछिया का शिकार कर लिया। दिन छिपने पर घर जाने के इरादे से जब इरशाद ने पशुओं का हांकना शुरू किया तो बछिया गायब होने पर होश उड़ गए। बाग में काफी तलाश किया लेकिन बछिया का कहीं कुछ पता नहीं चला। थोड़ी देर में ही मौके पर मोहल्ले के लोगों की भीड़ लग गई। तलाश के बीच बाग से कुछ दूरी पर बछिया के अवशेष पड़े मिले जो कीचड़ में सने हुए थे।

# महिला का बैग लेकर युवक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्रजघाट स्थित गंगा में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने जा रही एक महिला श्रद्धालु को लिफ्रट देकर बाइक चालक बैग लेकर फरार हो गया। बैग में 2500 रूपये की नकदी भी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुरादाबाद के बंगला गांव निवासी ममता द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के मुता. बिक कि ट्रेन के जरिये गजरौला में पहुंची और फिर स्टेशन से उतरकर हाईवे पर चौपला पर ब्रजघाट जाने के लिये वाहन का इंतजार करने लगी। काफी देर तक वाहन नहीं मिला, इसी बीच एक बाइक सवार ने उसे लिफ्रट देकर ब्रजघाट छोड़ने की बात कही। महिला उस पर विश्वास करके बैठ गई, बताते हैं कि हाईवे स्थित गांव मौहम्मदाबाद के निकट महिला लघुशंका करने के लिये गई, तभी बाइक चालक मौका पाकर महिला का बैग लेकर फरार हो गया। बैग में महिला के 2500 रूपये व कपड़े आदि थे।

# रूई कारखाने में भीषण आग से लाखों का नुकसान



## एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आबादी के बीचोबीच बंद पड़े कॉटन वेस्ट कारखाने में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते पूरा कारखाना परिसर लपटों के बीच घिर गया। अफरातफरी के बीच स्थानीय लोगों ने शुरुआत में आग पर काबू पाने का प्रयास किए लेकिन आग का दायरा कम होने के बदले बढ़ता चला गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों एक घंटा की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है। घटना शहर कोतवाली के मोहल्ला इस्लामनगर की है। शहर के मोहल्ला बटवाल निवासी ताहिर मंसूरी का यहां पर कॉटन वेस्ट कारखाना है। कारखाना परिसर में ही गोदाम भी है, जिसमें तैयार माल रखा जाता है। बारिश का मौसम होने के कारण गुरुवार को श्रमिक नहीं आए थे। इसके चलते कारखाना बंद था। दोपहर में करीब ढाई बजे अचानक कारखाने में आग धधक उठी। आसमान छूती लपटों व धुएं का गुबार देख मोहल्ले में अफराफरी मच गई। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों की भीड़ लग गई। वहीं, सूचना मिलते ही कारखाना स्वामी भी आ गए थे। स्थानीय लोगों ने पहले खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन लपटों पर काबू नहीं पाया जा सका। बाद में दमकल कर्मी भी आ गए। लोगों के साथ मिलकर आग पर बमुश्किल काबू पाया जा सका। इस दौरान मोहल्ले में हड़कंप मचा रहा। अग्निकांड में कई लाख रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है जबकि कारण शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

# अम्बेडकर की आपत्तिजनक वीडियो की वायरल

## रिपोर्ट दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर को लेकर युवक ने आपत्तिजनक वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी। जानकारी पर लोगों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला रजबपुर थाना क्षेत्र का है। एफआईआर के मुताबिक तीन दिन पहले इंस्टाग्राम पर सचिन चंदेल-002 नाम की आईडी से एक वीडियो पोस्ट की गई थी। वीडियो में बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर को लेकर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जानकारी पर दलित समाज के लोगों में रोष फैल गया। नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर पट्टी निवासी सचिन कुमार ने अपने स्तर से आईडी का पता लगाया तो वह रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पप्सरा निवासी सचिन पुत्र राकेश की निकली। सचिन ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने मामले में गांव पप्सरा निवासी सचिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।




## भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास

# भारत ने इंग्लैंड में सीरीज जीती

**● भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मैच में इंग्लैंड को 18 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया, राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** राधा यादव और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद स्मृति मंधाना (32) और शेफाली वर्मा (31) की शानदार पारियों की मदद से भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 18 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली है। राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड के 127 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़े। सातवें ओवर में शार्लेट डीन ने शेफाली वर्मा (19 गेंदो में 31 रन) को आउट इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमाह रॉड्रिग्स ने मंधाना के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में सोफी एक्लस्टोन ने स्मृति मंधाना (31 गेंदों में 32 रन) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। भारत का तीसरा विकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर (26) रन के रूप में गिरा। अमनजोत कौर (दो) रनआउट हुई। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (22) और ऋचा घोष सात रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से शार्लेट डीन, सोफी एक्लस्टोन और इसी वॉन्ग ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 126 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 21 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट डेनियल वायट (पांच) के रूप में गंवा दिया। उन्हें श्री चरणी ने अरुंधति के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने लिए सोफिया डंकली (22) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। टैमी बोमॉन्ट (20) को राधा यादव ने तथा ऐलिस कैप्सी (18) को श्री चरणी ने पगबाधा आउट किया। एमी जोंस (नौ), पेज स्कोफील्ड (16) और शार्लेट डीन (चार) रन बनाकर आउट हुई। सोफी एक्लस्टोन (16) और इसी वॉन्ग 11 रन बनाकर नाबाद रही। भारत की ओर से राधा यादव और श्री चरणी ने दो-दो विकेट लिए। अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए तीन स्थानों पर होंगे अभ्यास मैच

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि बर्मिंघम में 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्वकप 2026 से पहले कार्डिफ सोफिया गार्डन्स, डर्बी काउंटी ग्राउंड और लॉफबोरो विश्वविद्यालय में अभ्यास मैच खेले जायेंगे। तीनों स्थलों ने हाल के दिनों में महिला क्रिकेट के महत्व को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अगले साल इंग्लैंड और वेल्स द्वारा आयोजित होने वाले टी-20 विश्वकप के 10वें संस्करण से पहले ये अभ्यास मैचों की मेजबानी करेंगे। इस टी-20 विश्वकप में भाग लेने वाली 12 टीमों में से आठ का चयन हो चुका है और अगले साल की शुरुआत में महिला टी-20 विश्व. कप क्वालीफायर के जरिए अंतिम चार टीमों का फैसला होगा। ये 12 टीमें 2026 में इंग्लैंड और वेल्स के सात स्थानों पर 24 दिनों तक 33 मैच खेलेंगी और खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी। आईसीसी ने टी-20 विश्वकप के कार्यक्रम और ग्रुप की घोषणा पिछले महीने की थी। इंग्लैंड 12 जून को बर्मिंघम में टूर्नामेंट के पहले मैच में श्रीलंका की मेजबानी करेगा और उसके बाद पांच जुलाई को लॉर्ड्स में फाइनल होगा।

ग्रुप-1 में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत और पाकिस्तान के साथ-साथ ग्लोबल क्वालीफायर की दो टीमें शामिल हैं।

**ग्रुप-2** में मेजबान इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और ग्लोबल क्वालीफायर की अन्य दो टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले एजबस्टन, हैम्पशायर बाउल, हेड़िंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड और लॉर्ड्स में खेले जायेंगे।

## ओमान करेगी टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालिफायर की मेजबानी

**● 12 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 9 टीमों को तीन-तीन के तीन समूहों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेगी**

**दुबई, वार्ता।** ओमान अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर की मेजबानी करेगा। ओमान होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर में नौ टीमें भाग लेंगी। 12 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए इन नौ टीमों को तीन-तीन के तीन समूहों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी।

2024 के उप-क्षेत्रीय क्वालीफायर कुवैत, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, जापान और समोआ, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान टीम अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व. कप में तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इन टीमों में से ओमान, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और संयुक्त अरब अमीरात पहले पुरुष टी-20 विश्वकप में भाग ले चुके हैं। यह टूर्नामेंट 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें ग्रुप चरण के मुकाबले आठ से 10 अक्टूबर तक होंगे। सुपर सिक्स चरण के आखिर में, शीर्ष तीन टीमें भारत और श्रीलंका में आयोजित होने वाले पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की करेंगी। ग्रुप 1 में संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया और कतर शामिल हैं, जबकि ग्रुप 2 में नेपाल और कुवैत के साथ-साथ पूर्वी एशिया-प्रशांत की उभरती हुई ताकत जापान शामिल है। मेजबान ओमान, पापुआ न्यू गिनी और समोआ के साथ ग्रुप 3 में है। इस बीच, पूर्वी एशिया-प्रशांत महिला टीम की टी-20 विश्व कप 2026 में शुरुआत की भी घोषणा कर दी गई है, जो सितंबर में होने वाले क्वालीफाइंग स्पर्धा के जरिए होगी। आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप ईएपी क्वालीफायर 9-15 सितंबर तक फिजी के सुवा में आयोजित किया जाएगा। मेजबान टीम क्वालीफायर के लिए वानुअतु, पापुआ न्यू गिनी, इंडोनेशिया, जापान, समोआ, कुक आइलैंड्स और फिलीपींस का स्वागत करेगी। फाइनल से पहले टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया जाएगा, जहां विजेता टीम आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप ग्लोबल क्वालीफायर के लिए क्वालीफाई करेगी।

# राधा यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे पर संभालेगी भारत 'ए' टीमों की कप्तानी

**बीसीसीआई की महिला चयन समिति ने 7 से 24 अगस्त तक होने वाले आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम घोषित की**



**नई दिल्ली, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर राधा यादव अगस्त में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत ए टीमों की कप्तानी संभालेंगी। भारत इस दौरे में तीन टी-20 व इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगा, जिसके बाद एक चार दिवसीय मैच होगा। बीसीसीआईकी महिला चयन समिति ने 7 से 24 अगस्त, 2025 तक होने वाले आगामी बहु प्रारूप ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए महिला टीम की घोषणा कर दी है।

भारत ए महिला टीम तीन टी-20 और इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ एक चार दिवसीय मैच होगा। यह दौरा 7 अगस्त, 2025 को मैके में शुरू होगा, जहां तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद मुकाबला नॉर्थ्स, ब्रिस्बेन में होगा, जहां तीन 50 ओवर के मैच खेले जाएंगे और उसके बाद एलन बॉर्डर फील्ड में चार दिवसीय मैच खेला जाएगा।

**टी-20 टीम:** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी-वृंदा, सजना , उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिस्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, तितास साधु

**वनडे और बहु-दिवसीय टीम:** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, तेजल , राघवी बिस्ट, तनुश्री सरकार, उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, नंदिनी , धारा, जोशितो, शबनम शकील, साइमा र, तितासु (श्रेयंका व प्रियाका चयनित हुई।

## डोप परीक्षण में विफल होने पर जैस्मीन निलंबित

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय शॉटपुट खिलाड़ी जैस्मीन कौर को नाडा ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है, क्योंकि उनके डोप परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी का पता चला है। जैस्मीन का नाम अस्थायी निल. बन के तहत आने वाले एथलीटों की नवीनतम सूची में शामिल है, क्योंकि उनका परीक्षण टरबुटालाइन के लिए सकारात्मक आया था। टरबुटालाइन को एक उत्तेजक पदार्थ के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह अक्सर आम खांसी की दवाइयों में पाया जाता है। पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाली 22 वर्षीय इस एथलीट ने इस साल की शुरुआत में देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।



# रियल मैड्रिड को 4-0 से हराकर पीएसजी क्लब विश्वकप के फाइनल में

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने स्पेनिश दिग्गज रियल मैड्रिड को 4-0 से रौंदकर फीफा क्लब विश्वकप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। अब उसका मुकाबला पहले सेमीफाइनल की विजेता चेल्सी एफसी से होगा। मेटलाइफ स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पीएस जी की ओर से फैबियन रुइज ने (छठे, 24वें) मिनट में गोल किये। वहीं ओस्मान डेम्बेले ने नौवें मिनट में गोल दागा। इसके आलवा स्थानापन्न गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में गोल करके अपनी की जीत सुनिश्चत कर दी। इस जीत के साथ ही फांसीसी चैंपियन ऐतिहासिक चौथा खिताब जीतने के बेहद करीब पहुँच गया है। मुकाबले में दो बेहतरीन गोल करने वाले रुइज को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

# भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को हराया

**● टीम के शानदार खेल की बदौलत भारत ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की**




**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को 6-0 से हराया। भारत ने आयरलैंड को पहले मैच में 6-1 से हराया था। बुधवार को यूरोपीय दौरे पर खेले गए दूसरे मुकाबले में भारत ए के उत्तम सिंह ने शुरुआत में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। कप्तान संजय ने गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया।

इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो प्रभावशाली गोल दागे। अमनद. ीप लाकड़ा और वरुण कुमार की ओर से किये एक-एक गोल किये। टीम के शानदार खेल की बदौलत भारत ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मैच के बाद भारतीय ए टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूँ। अब हमारा मुकाबला फांसीसी टीम से होगा और उम्मीद है कि हम उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन करेंगे। भारत ए पुरुष हॉकी टीम का अगला मुकाबला इसी मैदान पर शनिवार को फ्रांस से होगा।

# एमसीसी संग्रहालय में सचिन तेंदुलकर के पोर्ट्रेट का अनावरण



**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स में इंग्लैंड बनाम भारत पुरुष रोथसे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को खेल शुरू होने से पहले एमसीसी संग्रहालय में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के चित्र का अनावरण किया गया। कलाकार स्टुअर्ट पियर्सन राइट द्वारा बनाया गया यह चित्र इस साल के अंत तक एमसीसी संग्रहालय में रहेगा, जब इसे पवेलियन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। तेंदुल. कर अब तक के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक हैं। 1989 से 2013 तक 24 साल के अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में, तेंदुलकर ने भारत के लिए टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 34,357 रन बनाए। यह कुल स्कोर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज कुमार संगकारा (28,016) से 6,000 रन से ज्यादा है। यह चित्र कलाकार द्वारा 18 साल पहले मुंबई स्थित तेंदुलकर के घर में ली गई एक तस्वीर से लिया गया है। जैसे-जैसे काम आगे बढ़ा, पियर्सन राइट का दृष्टिकोण भी बदलता गया और अंततः घिसे हुए एल्युमीनियम पर तेल से चित्रकारी की गई। अमूर्त पृष्ठभूमि तेंदुलकर की कालातीतता को दर्शाती है, जो किसी भी युग या विशिष्ट स्थान से अप्रतिबंधित है। एमसीसी के संग्रह में किसी भारतीय खिलाड़ी का यह पांचवां चित्र है, जिनमें से चार (कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, दिलीप वेंगसरकर और तें. दुलकर) पियर्सन राइट द्वारा चित्रित किए गए हैं।

# तीसरा टेस्ट: इंग्लैंड ने चौथा विकेट भी गंवाया

## बुमराह ने हैरी ब्रुक को किया बोल्ड, जो रूट फिफ्टी बनाकर खेले रहे

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लार्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। पहले दिन का आखिरी सेशन जारी है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 4 विकेट पर 172 रन बना लिए हैं। जो रूट क्रीज पर हैं। रूट फिफ्टी बना चुके हैं।

हैरी ब्रुक (11 रन) को जसप्रीत बुम. राह ने बोल्ड कर दिया। बुमराह को मैच में पहला विकेट मिला है। ओली पोप (44 रन) को रवींद्र जडेजा ने तीसरे सेशन की पहली बाल पर आउट किया। दूसरा सेशन विकेट रहित रहा। लंच से पहले जैक क्राली 18 और बेन डकेट 23 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को नीतीश कुमार रेड्डी ने ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। रूट ने भारत के खिलाफ 3 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने इस पारी का 44वां रन बनाते हुए यह अचीवमेंट हासिल किया। रूट ने लाड्र्स स्टेडियम में 2 हजार रन पूरे कर चुके हैं। उन्होंने 51वें ओवर में जडेजा की बाल पर यह उपलब्धि हासिल की। लाड्र्स टेस्ट के पहले दिन ड्यूक की बाल 43 ओवर में खराब हो गई। गेज टेस्ट में फेल होने के बाद फील्ड अंपायर्स ने इसे बदल दिया। इस मैच से पहले भारतीय टीम के उप कप्तान ऋषभ पंत, इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स और भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने गेंद की क्वालिटी पर सवाल उठाया था। 55वें ओवर में इंग्लैंड ने चौथा विकेट गंवाया। यहां हैरी ब्रुक 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुम. राह ने ओवर की 5वीं बाल पर बोल्ड कर दिया। बुमराह को इस मैच में पहला विकेट मिला है। भारतीय टीम को तीसरा विकेट मिला गया। रवींद्र जडेजा ने पहले दिन के तीसरे सेशन की पहली बाल पर ओली पोप को पवेलियन भेज दिया। पोप को सब्सट्यूट विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने कैच किया। पोप 44 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ शतकीय साझेदारी टूटी। पहले दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। 24 ओवर के इस सेशन में इंग्लैंड ने 70 रन बना डाले और कोई विकेट भी नहीं गंवाया। इस सेशन में जो रूट ने फिफ्टी पूरी कर ली। वे ओली पोप के साथ शतकीय साझेदारी कर चुके थे। 48वें ओवर में इंग्लैंड की टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। रवींद्र जडेजा के ओवर की चौथी बाल पर रूट ने एक रन लेकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 47वें ओवर में जो रूट और ओली पोप ने शतकीय साझेदारी पूरी कर ली। पोप ने आकाश दीप के ओवर की पहली बाल पर चौका लगाकर साझेदारी को 100 पार पहुंचाया। इंग्लैंड ने 44 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवाए थे। जो रूट ने भारत के 46वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर की। उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी की दूसरी बाल पर चौका मारकर अर्धशतक पूरा किया। रूट ने भारतीय टीम के खिलाफ 13वां अर्धशतक बनाया है। रूट भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं।

## भारत ने बनाया लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड

**लंदन, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में गुरुवार को टॉस हारने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड बना दिया है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इस तरह भारत के नाम अब पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड हो गया है। भारत अब तक लगातार 13 टॉस हार चुका है और उसने वेस्ट इंडीज के 12 टॉस हारने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

**टॉस हारने का रिकॉर्ड**

13: भारत (31 जनवरी 2025 से 10 जुलाई 2025)

12: वेस्टइंडीज़ (2 फ़रवरी 1999 से 21 अप्रैल 1999)

11: इंग्लैंड (17 दिसंबर 2022 से 12 मार्च 2023)

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

# रोक से इन्कार

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक पहुंच गया है। कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस पर रोक लगाने के लिए याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल, टीएमसी की सांसद मऊआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज कुमार झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासिचव डी राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सामंत, झामुमो के सांसद सरफराज अहमद और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के दीपांकर भट्टाचार्य ने याचिकाएं दायर कर दावा किया है कि चुनाव आयोग का यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रनिधित्व अधिनियम 1950 और मतदाता पंजीकरण 1960 के नियम 21 ए के प्रावधानों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया, तो मनमाने ढंग से उचित प्रक्रिया अपनाए बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र चुनाव बाधित होगा और लोकतंत्र कमजोर हो सकता है। गुरुवार को न्यायमूर्ति सुधांशू धूलिया और न्यायमूर्ति बागची की अंशकालीन कार्यदिवस की पीठ ने इस पर सुनवाई की। पीठ ने विशेष गहन पुनरीक्षण पर अंतरिम रोक लगाने से इन्कार किया। साथ ही चुनाव आयोग से मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र को अनुमति देने पर विचार करने को कहा और इस मामले की सुनवाई के लिए 28 जुलाई तय की है। उससे एक सप्ताह पहले 21 जुलाई तक चुनाव आयोग से हलफनामा दायर करने को कहा। साथ ही माना कि मामले की सुनवाई जरूरी है और इसे उपयुक्त पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। अदालत ने बार-बार चुनाव आयोग से पूछा कि वह पहचान साबित करने के रूप में एक साधन के रूप में आधार को कैसे अस्वीकार कर सकता है। साथ ही पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय सीमा पर सवाल उठाए और कहा कि यह सीमा बहुत कम है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 24 जून को बिहार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के आदेश दिए थे। तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग के इस फैसले को एक षड्यंत्र के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने नौ जुलाई को बिहार बंद रखकर जमकर प्रदर्शन भी किया था। असल में सारा बखेड़ा इस बात को लेकर भी है कि मतदाताओं को नए सिरे से अपनी पहचान बतानी होगी और अपनी पहचान बताने के लिए दस्तावेज भी देने होंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस पहचान में आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे बेसिक दस्तावेजों को पहचान से अलग रखा गया है। इससे यह आशंका पैदा हो रही है कि गरीब, दलित वर्ग के लोगों को एक तरह से षड्यंत्र के तहत चुनाव प्रक्रिया से अलग रखने की कोशिश की जा रही है। यह आशंका गलत भी नहीं है और यह प्रक्रिया एक महीने में पूरी होनी है इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। बिहार में इसी वर्ष के अंत में चुनाव होने हैं। यह ठीक है कि फिल्हाल इस आदेश पर अदालत ने रोक नहीं लगाई लेकिन सुनवाई जारी है। देखना है इस पर क्या फैसला आता है।

## लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए



इमरजेंसी को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है, नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला था, अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता, संजय गांधी का जबरन नसबंदी अभियान चलाने का फैसला क्रूरता का उदाहरण बन गया, गरीब ग्रामीण इलाकों में टारगेट पूरा करने के लिए हिंसा और दबाव का सहारा लिया गया, नई दिल्ली जैसे शहरों में बेरहमी से झुग्गियां तोड़ी गईं। हजारों लोग बेघर हो गए। उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए, यह एक बहुमूल्य विरासत है, जिसे लगातार संरक्षित करना जरूरी है।

**-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद**

# विकास की रफ्तार पर बोझ है बढ़ती जनसंख्या



**विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई पर विशेष**



**योगेश कुमार गोयल**

जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं।

बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए, लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी।

आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।

देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है, लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिए से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दंपतियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है।

जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा।

1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी वन चाइल्ड पॉलिसी को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी, लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।

जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1।3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिए जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है। बगैर कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि सम्पन्न महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बारिश के मौसम में वाटरप्रूफ मेक-अप

**अपना मेकअप लगाने के बाद इसे मेकअप सेटिंग स्प्रे से सेट करना न भूलें। एक सेटिंग स्प्रे अंतिम टच-अप के रूप में काम करता है और आपके मेकअप को बनाए रखने में मदद करता है। यह त्वचा को चमकदार बनाता है और आपकी त्वचा का मेकअप ज्यादा लंबे समय तक चलता है। इसलिए एक बेहतरीन सेटिंग स्प्रे से अपने लुक को पूरा करें।**



**शहनाज हुसैन**

महिलाओं को मेकअप करने का काफी शौक होता है, लेकिन बारिश के मौसम में अगर बाहर निकलते हुए भीग जाएं तो मेकअप को संभालना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है क्योंकि मानसून में नमी और पसीने के कारण मेकअप पिघल या फैल जाता है और स्किन काफी चिपचिपी सी दिखने लगती है। ऐसे में मेकअप लगाना काफी तनावपूर्ण हो सकता है।

इसलिए बारिश के मौसम में घर से बाहर निकलने से पहले मेकअप के लिए जरूरी टिप्स आप जरूर जान लीजिए ताकि आपका मेकअप खराब न हो।

1. **हाइड्रेटिंग प्राइमर का इस्तेमाल करें**

मानसून में मौसम में ह्यूमिडिटी बढ़ने से आपकी त्वचा ज्यादा तैलीय हो जाती है। इसलिए त्वचा को मॉइस्चराइज करने और मेकअप को मैल्ट होने से बचाने के लिए मेकअप करने से पहले हाइड्रेटिंग प्राइमर लगाएं।

2. **त्वचा की उचित देखभाल**

बदलते मौसम में डेली स्किन केयर रूटीन को फॉलो करना जरूरी है। आप फेस क्लीनिंग के बाद मॉइश्चराइजर लगाएं और सनस्क्रीन लगाना न भूलें लिक्विड या क्रीम फाउंडेशन के बजाय ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर का हल्का कोट लगाया जा सकता है, टच अप के लिए हल्का कॉम्पैक्ट पाउडर लगा सकती हैं।

कुछ लोग गर्मी में स्किन को कभी भी मॉइस्चर नहीं करते हैं, इससे चेहरे पर पसीना आता है और आपका मेकअप फैलने लगता है। आपको ऐसा मॉइश्चराइजर चुनना चाहिए, जो ऑयल फ्री और नॉन कॉमेडोजेनिक हो इनके इस्तेमाल से पोर्स बंद नहीं होते हैं और स्किन भी हाइड्रेटेड बनी रहती है। यदि आप घर पर हैं तो मेकअप अप्लाई करने से पहले फेस को जरूर मॉइस्चर करें। स्किन केयर रूटीन को स्किप करने की गलती नहीं करें।

3. बारिश के मौसम में कम से कम मेकअप करें और इसे अच्छे से ब्लेन्ड करें। नेचुरल तरीकों से ग्लो बढ़ाने की कोशिश करें। मानसून में हैवी मेकअप पसीने और नमी की वजह से जल्दी फैल सकता है, ऐसे में लाइट और वॉटरप्रूफ मेकअप का इस्तेमाल करें ताकि स्किन को सांस लेने का मौका मिल सके और पिंपल्स न निकलें।

4. **वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट चुने**

बारिश और नमी के कारण मेकअप जल्दी खराब हो सकता है। इसलिए वाटरप्रूफ फाउंडेशन, काजल और मस्कारा का उपयोग करें। ये प्रोडक्ट मेकअप को लंबे



समय तक टिकाए रखते हैं। क्रीम आधारित सौन्दर्य उत्पादों की जगह पाउडर आधारित सौन्दर्य उत्पादों का उपयोग करें। लूज पाउडर के बजाय कॉम्पैक्ट पाउडर लंबे समय तक चलता है और एक स्मूथ फिनिश देता है। मेकअप को टच देने के लिए कॉम्पैक्ट पाउडर कैरी करें।

5. मानसून के दौरान हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आपका ब्लश सौम्य और परिधान को सूट करते हुए होना चाहिए। पाउडर आईशैडो खरीदें क्योंकि यह क्रीम आई शैडो के मुकाबले ज्यादा देर तक टिके रहते हैं। हल्का रंग का थोड़ा सा आई शैडो लगाएं।

6. **अच्छी गुणबत्ता के उत्पाद उपयोग करें**

मानसून सीजन के दौरान अच्छी गुणबत्ता के मस्काराए, फाउंडेशन, लिपस्टिक, आई लाइनर और हाइलाइटर जैसे सौन्दर्य उत्पादों का उपयोग करें।

(लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं)

# आतंकवाद में डिजिटल तकनीकों का उपयोग चिंताजनक



**ललित गर्ग**

टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की नई रिपोर्ट में आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। इस रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को गहन चिन्ताजनक बताया है। रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है बल्कि गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है।

इसमें बताया गया है कि टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पलने-बढ़ने वाले आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुंच के नए मार्ग भी तलाश रहे हैं। इसके अलावा, आतंकवादी संगठन अब विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना और संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे



आर्थिक सहयोग पर चिन्ता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।

एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनेशनल थर्ड पार्टी ट्रांजेक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है। जब कोई व्यक्ति वीपीएन का उपयोग करता है, तो उसका इंटरनेट ट्रैफिक एक एन्क्रिप्टेड सुरंग के माध्यम से किसी अन्य देश के सर्वर से होकर गुजरता है। इससे उसकी वास्तविक पहचान छिप जाती है और वह सेंसरशिप, ट्रैकिंग और जियो-रिस्ट्रिक्शन से बच सकता है।

2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूजर्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूजर्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के जरिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है, लेकिन सवाल यह है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीदारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिन्हित कैसे किया जाए? एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है।

एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने अब पारंपरिक धन स्रोतों के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। यह माध्यम उन्हें सरकार की नजरों से बचाते हुए सीमाओं के पार फंडिंग जुटाने की सहूलियत देते हैं। साथ ही, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स, फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स, और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर वे अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो, लेकिन उसके खिलाफ लगे आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्जर्वेशन्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से। उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। गजवा-ए-हिंद जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी जमीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं।

भारत के विरुद्ध हाइब्रिड वारफेयर और साइबर जिहाद की रणनीति पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नीति का हिस्सा बन चुकी है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दक्षिण एशिया में भारत सबसे अधिक प्रभावित देश है, जहां डिजिटल माध्यम से न केवल फंडिंग, बल्कि ब्रेनवॉशिंग और भर्ती का कार्य भी तेजी से हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी संगठनों की ओर आकर्षित किया जाता है। उत्तर पूर्व में उग्रवादी संगठनों को डिजिटल भुगतान और चौनलों के माध्यम से सहायता मिलती रही है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान समेत उन सभी देशों से अपेक्षा की है कि वे डिजिटल वित्तीय निगरानी तंत्र को मजबूत करें। क्रिप्टो ट्रांजैक्शन पर नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। आतंकी संगठनों के ऑनलाइन अस्तित्व को समाप्त करने के लिए तकनीकी टूल्स विकसित करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी टैरिफ नीतिः भारत के लिए सौगात

## रिपोर्ट में दावाः भारत को निवेश हब बनने का मौका

**नई दिल्ली।** अमेरिका की नई टैरिफ नीति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका भारत पर तय टैरिफ से कम टैरिफ लागू कर सकता है। वहीं दूसरी तरफ इंडो-पैसिफिक के कई देशों को भारी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। इससे भारत में विदेशी निवेश के अवसर बढ़ सकते हैं और देश की मैन्युफेक्चरिंग क्षमता को मजबूती मिल सकती है।

अरिहंत कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक भारत कई अन्य एशियाई देशों की तुलना में अमेरिका के नए टैरिफ सिस्टम में बेहतर स्थिति में है। इससे भारत के पास निवेश को आकर्षित करने और मैन्युफेक्चरिंग बह बनने के लिए बड़ा मौका है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों को जहां अधिक टैरिफ झेलना पड़ रहा है।

भारत द्विपक्षीय समझौतों और ग्लोबल ट्रेड फ्लो में बदलाव का लाभ उठा सकता है। ट्रम्प ने 8 जुलाई को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग को औपचारिक लेटर भेजकर टैरिफ की जानकारी दी थी। बाद में मलेशिया और कजाकिस्तान को भी इसी तरह के लेटर भेजे गए। हालांकि भारत को अभी तक ऐसा कोई लेटर नहीं मिला है। रिपोर्ट में इसे भारत के लिए अच्छा संकेत बताया गया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अमेरिका भारत को स्ट्रैटजिक पार्टनर होने के नाते रियायत दे सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की इस नई टैरिफ नीति के चलते भारत की स्थिति बाकी देशों की तुलना में मजबूत है।

इसका फायदा उठाकर भारत ग्लोबल सप्लाई चेन का अहम हिस्सा बन सकता है। भारत की 'चाइना+1' रणनीति, पीएलआई योजनाएं और ट्रेड डील्स की वजह से भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, ऑटो और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने का मौका देगा। कता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 14 देशों पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा की। इनमें कई देशों पर 25 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक के टैरिफ लगाए गए हैं।



- कई अन्य एशियाई देशों की तुलना में अमेरिका के नए टैरिफ सिस्टम में बेहतर स्थिति में
- कई देशों पर 22 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक के टैरिफ लगाए गए

### ब्राजील के राष्ट्रपति ने 50 प्रतिशत टैरिफ पर ट्रम्प का किया विरोध

**ब्रासीलिया।** ब्राज़ील के सामानों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का विरोध करते हुए राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने कहा है कि ब्राज़ील एक संप्रभु राष्ट्र है जिसके पास स्वतंत्र संस्थाएं हैं और वह 'किसी भी प्रकार की नसीहत नहीं स्वीकार करेगा'। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर ट्रम्प की टिप्पणी का जवाब देते हुए लूला ने ज़ोर देकर कहा कि ब्राज़ील एक संप्रभु राज्य है और अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं या न्यायिक प्रक्रियाओं में बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। लूला ने 'एक्स' पर कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बुधवार को सोशल मीडिया पर दिए गए सार्वजनिक बयान को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित बातों पर प्रकाश डालना ज़रूरी है कि ब्राज़ील एक संप्रभु राष्ट्र है जिसके स्वतंत्र संस्थान हैं और वह किसी भी प्रकार की नसीहत स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिका और ब्राज़ील के बीच व्यापार असंतुलन को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि टैरिफ वृद्धि का मसला ब्राज़ील के आर्थिक पारस्परिक कानून के अनुसार निपटाया जाएगा।



नई दिल्ली। विजय चौक पर बारिश से बचने के लिए छाता लगाकर जाते यात्री।

## ट्रम्प पर हमले के मामले में सीक्रेट सर्विस के 6 एजेंट सस्पेंड

- लापरवाही का आरोप, पिछले साल कान को छूकर निकली थी गोली

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पिछले साल हुए जानलेवा हमले के दौरान सुरक्षा में चूक के आरोप में सीक्रेट सर्विस के 6 एजेंट्स को सस्पेंड कर दिया गया है। यह जानकारी एबीसी न्यूज ने अधिकारियों के हवाले से दी है। यह कार्रवाई ट्रम्प के हमले का एक साल पूरा होने से 4 दिन पहले हुई है। पेनसिल्वेनिया के बटलर में 13 जुलाई 2024 ट्रम्प पर गोली चलाई गई थी। यह गोली ट्रम्प के कान को लगती हुई निकल गई थी और वह घायल हो गए थे। इस हमले में ट्रम्प की रैली में शामिल एक फायरफाइटर कोरी कॉम्पेराटोर की मौत हो गई थी। जवाबी कार्रवाई में मौके पर मौजूद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रूक्स (20 वर्ष) को गोली मार दी थी। सस्पेंड किए गए एजेंट्स को अपील का अधिकार दिया गया है।

## खामेनेई के सलाहकार की ट्रम्प को ड्रोन हमले की धमकी

- कहाः धूप सेंकते समय माइक्रो-ड्रोन नाभि पर गिर सकता है, ट्रम्प बोलेः धूप सेकना पंसद नहीं

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद-जवाद लारीजानी ने 8 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी।

लारीजानी ने एक टी.वी चर्चा के दौरान हंसते हुए कहाः अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में धूप सेंकते समय एक माइक्रो-ड्रोन निशाना बना सकता है। उन्होंने कहा ट्रम्प अब मार-ए-लागो में धूप नहीं सेंक सकते, क्योंकि जब वे लेटे होंगे, तो कोई माइक्रो-ड्रोन उन्हें निशाना बनाकर सीधे उनकी नाभि पर हमला कर सकता है। वहीं, ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस बारे में पूछे जाने पर कहा-मुझे धूप सेकना पंसद नही, शायद आखिरी बार मैंने 7 साल की उम्र में धूप में बैठा था। ट्रम्प बोले वो इस बयान को बड़े खतरे के तौर पर नहीं देखते। खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद- जवाद लारीजानी ने ट्रम्प पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी।

लारीजानी के इस बयान को लेकर स्थानीय मीडिया ने एक रिपोर्ट में 'ब्लड पैक्ट' नामक एक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े होने का दावा किया। ये अभियान खामेनेई का अपमान करने वालों के खिलाफ बदला लेने के लिए फंड जुटा रहा है। जिसके बारे में दावा किया गया है कि 8 जुलाई तक इसने 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि जुटा ली है। अमेरिका ने 22 जून को ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया था।

## लाल सागर में मालवाहक जहाज पर हूती विद्रोहियों का हमला

**यरुशलम/सना।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में 'इटरनिटी सी' जहाज पर हमला कर उसे डुबोने का दावा किया। यूरोपीय संघ नौसैनिक बल ने बताया कि डूबे 'इटरनिटी सी' जहाज के क्रू मेंबर्स के छह सदस्यों को बचाया गया और अन्य 15 अभी भी लापता हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने गुरुवार को यूरोपीय संघ के नौसैनिक बल के हवाले से दी। पिछले कुछ दिनों में यह इस तरह का दूसरा बड़ा हमला है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को हुए इस हमले में यूनान के स्वामित्व वाला जहाज इटरनिटी सी के डूबने से कम से कम चार नाविकों की मौत हो गई तथा 15 अन्य लापता हो गए। हूती ने एक बयान में कहा कि इटरनिटी सी जहाज पर हमला एक मानवर्रा. हत नाव और मिसाइलों का उपयोग कर किया गया था।

# कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग

## अज्ञात हमलावरों ने कई राउंड गोलियां चलाईं

- तीन दिन पहले हुआ था उद्घाटन





**ओटावा।** कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग हुई। तीन दिन पहले ही कैफे का उद्घाटन हुआ था। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने कैफे पर कई राउंड गोलियां चलाईं। हालांकि अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कपिल शर्मा का यह कैफे कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में स्थित है।

इसका नाम 'कप्स कैफे' है। इस कैफे के जरिए कपिल शर्मा ने रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में कदम रखा है। उनकी पत्नी गिन्नी चतरथ भी इससे जुड़ी हैं। रिपोर्ट्स का दावा है कि खालिस्तानी आतंकवादी और नेशनल इन्वेस्टिगेटिव एजेंसी (एनआईए) की लिस्ट में भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। गोलीबारी के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि हरजीत सिंह लाडी ने एक कॉमेडी शो के दौरान निहंग सिखों के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। सोशल मीडिया पर हरजीत सिंह लाडी और तूफान सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति ने वीडियो के जरिए कपिल शर्मा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की चेतावनी दी और कहा कि माफी नहीं मांगी तो मामला और बिगड़ सकता है।

## अमेरिका से नए शुल्क मसले पर वार्ता करेगा मेक्सिको



- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए आयात शुल्क पर शीनबाम ने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा है कि मेक्सिको का एक प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी अधिका. रियों से मुलाकात कर नए व्यापार शुल्कों पर बातचीत कर बेहतर समाधान का प्रयास करेगा।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए आयात शुल्क पर उन्होंने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शीनबाम ने बुधवार को अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को वाशिंगटन डीसी जाएगा। शीनबाम ने कहा कि इस सप्ताह हमारी एक टीम इस वैश्विक समझौते पर काम करने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जा रही है। हमने इस मामले में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ जी7 में चर्चा की थी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड करेंगे और इसमें वित्त और विदेश मामलों के सचिवालयों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस वार्ता का एजेंडा मुक्त व्यापार पर मौजूदा अमेरिका- मेक्सिको- कनाडा समझौते (यूएसएमसीए) से कही व्यापक होगा जिसमें सुरक्षा, आव्रजन और व्यापार के तीन प्रमुख मुद्दों पर व्यापक रणनीतिक सहयोग पर बात की जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया ने AI की मदद से नया सिंथेटिक प्रोटीन बनाया

- एआई ने प्रोटीन इंजीनियरिंग को दशकों से घटाकर सेकंडों में ला दिया है





**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से एक सिंथेटिक प्रोटीन बनाया है जो ई. कोलाई जैसे एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया को मारने में सक्षम है।

मेलबर्न स्थित मोनाश विश्वविद्यालय ने आज कहा कि यह पहली बार है जब किसी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एआई का इस्तेमाल कर जैविक प्रोटीन बनाया है। इस उपलब्धि से ऑस्ट्रेलियाई टीम अधिक किफायती दवा बनाने और बीमा. रियों के निदान के लिए अनेक प्रकार के प्रोटीन तेज़ी से विक. सित करने वाले अमेरिका और चीन जैसे देशों की कतार में आ गई है। मोनाश विश्वविद्यालय के एक बयान के मुताबिक टीम ने उन्नत एआई-संचालित उपकरणों का उपयोग करके एआई प्रोटीन डिज़ाइन प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया है। इसमें हाल ही में विकसित सॉफ्टवेयर भी शामिल है जो दवा और चिकित्सकीय प्रयोगों के लिए प्रोटीन बनाने में सक्षम है। इस शोध दल के प्रमुख मोनाश विश्वविद्यालय में पीएचडी छात्र डैनियल फॉक्स ने कहा इन उपकरणों का इस्तेमाल कर हम प्रोटीन को एक विशिष्ट लक्ष्य या अणु अथवा रसायन के रूप में बांधने के लिए डिज़ाइन कर सकते हैं। इसकी मदद से बेहतर गतिविधि और स्थिर गुणों वाले एंजाइम डिज़ाइन कर सकते हैं।

शोध के सह-प्रमुख लेखक राइस ग्रिटर के अनुसार यह खोज अमेरिकी जैव रसायन और नोबेल पुरस्कार विजेता डेविड बेकर के अग्रणी कार्य पर आधारित है। नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया है कि एआई ने प्रोटीन इंजीनियरिंग को दशकों से घटाकर सेकंडों में ला दिया है जिससे संक्रमण, कैंसर, सर्पदंश और अन्य बीमारियों के इलाज में तेज़ी आई है।

## हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मामला चलेगा

- प्रदर्शन कर रहे 1400 लोगों की हत्या का आरोप बांग्लादेश के पूर्व पुलिस प्रमुख ने जुर्म कबूला

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर गुरुवार को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल (आईटीसी) ने मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में आरोप तय किए। हसीना के अलावा देश के पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्लाह अल मामून को सह-आरोपी बनाया गया है। मुकदमे की सुनवाई 3 अगस्त से शुरू होगी।

मामून ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, और मामले में सरकारी गवाह बनने के लिए याचिका दायर की है। मामून फिलहाल जेल में हैं, ए मुकदमा बाकी दो आरोपियों की गैर मौजूदगी में चलेगा। आईटीसी में हसीना के खिलाफ अब तक 5 मामले दर्ज किए हैं। इसमें 1400 लोगों की हत्या, भीड़ को उकसाना और सरकारी ताकतों का गलत इस्तेमाल शामिल हैं। अगस्त, 2024 में तख्तापलट के बाद से हसीना भारत में रह रहीं हैं। क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने 6 जनवरी, 2025 को 11 और लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। देश के पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्लाह अल मामून ने कोर्ट में सरकारी गवाह बनने के लिए याचिका दायर की है। बांग्लादेश में 5 जून, 2024 को बांग्लादेश हाईकोर्ट ने जॉब में 30 प्रतिशत कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हालांकि, हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था।





## रूसी सेना को मिली सुखोई जहाजों की एक और खेप

**मॉस्को।** यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझी रूसी फौज को जंगी जहाज सुखोई -34 की एक और खेप मिल गई है। इन जहाजों को बनाने का काम यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) के पास है। यूएसी की मूल कंपनी रोस्टेक ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्रालय को लड़ाकू बमवर्षक सुखोई -34 की पांचवीं खेप सौंप दी गई है। रोस्टेक ने एक पायलट के हवाले से कहा कि सुखोई-34 की ताकत यह है कि यह कई तरह के कामों को बखूबी अंजाम दे सकता है। खासतौर पर इसके हथियारों की रेंज और लड़ाकू अभियानों को अंजाम देने के तरीका विशिष्ट है।









